इंटरनेट पर देखें
www.dainikdawa.com

संस्कारधानी से प्रकाशित मध्यभारत व छत्तीसगढ़ अंचल का सर्वप्रसारित लोकप्रिय हिंदी समाचार पत्र

भारत सरकार व छत्तीसगढ़ शासन से विज्ञापन के लिए अधिकृत

दैनिक प्रातः संस्करण

" यो आत्मानं वेति, सर्वं स वेति "।।

# दावा

सम्पादक - दीपक भाई बुद्धदेव

आर.एन.आई.नं. 58841/93
डाक पंजीयन छ.ग./दुर्ग/14/2024-26








वर्ष- 45 | अंक - 165 | राजनांदगांव, सोमवार 04 मई 2026 | पृष्ठ - 8 | मूल्य - 4.00 रुपए


## बिहार में कैबिनेट विस्तार पर मुहर : सीएम सम्राट की शाह समेत बड़े नेताओं से लंबी चर्चा, पार्टियों का कोटा तय

नई दिल्ली। बिहार के मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी दिल्ली के दौरे पर हैं. बिहार के सम्राट कैबिनेट का विस्तार होना है. ऐसे में सम्राट चौधरी का यह दौरा बेहद अहम माना जा रहा है. बताया जा रहा है कि दिल्ली दौरे पर आए सीएम सम्राट चौधरी मंत्रिमंडल विस्तार को लेकर भाजपा नेतृत्व से चर्चा की. माना जा रहा है कि भाजपा नेतृत्व से चर्चा के बाद ही नए मंत्रियों के नामों पर अंतिम मुहर लगेगी. दिल्ली दौरे के दौरान सम्राट चौधरी ने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण, रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव सहित कई केंद्रीय मंत्रियों और नेताओं से मुलाकात की. उन्होंने खुद इसकी जानकारी एक्स पोस्ट के जरिए दी है. सीएम सम्राट चौधरी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर पोस्ट कर कहा कि देश के गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह से मुलाकात कर सुरक्षा, सुशासन एवं बिहार के समग्र विकास से जुड़े विभिन्न विषयों पर मार्गदर्शन प्राप्त किया. देश के गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह से मुलाकात कर सुरक्षा, सुशासन एवं बिहार के समग्र विकास से जुड़े विभिन्न विषयों पर मार्गदर्शन प्राप्त किया। राजनाथ सिंह और जेपी नड्डा से भी मिले

### इन नेताओं से भी मिले सम्राट चौधरी

इससे पहले मुख्यमंत्री ने भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव,



बिहार प्रभारी और राज्यसभा सदस्य विनोद तावड़े से शिष्टाचार भेंट की. सम्राट चौधरी बिहार एनडीए के नेताओं में शामिल जीतन राम मांझी, ललन सिंह और नित्यानंद राय से भी मिले. उन्होंने सोशल मीडिया पर मुलाकात की तस्वीरें भी शेयर की हैं. चौधरी ने केंद्रीय मंत्री और बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री जीतन राम मांझी से मिलने के बाद इसे शिष्टाचार मुलाकात बताया. केंद्रीय गृह राज्यमंत्री नित्यानंद राय से मिलने के बाद उन्होंने एक्स पोस्ट में लिखा, नई दिल्ली में आत्मीय भेंट और सार्थक मुलाकात हुई. इस दौरान 'विकसित भारत, समृद्ध बिहार' के विजन को लेकर सकारात्मक और परिणामोन्मुखी चर्चा हुई. (शेष पृष्ठ 6 पर...)

### सीएम चौधरी ने रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह से भी मुलाकात की

सोशल मीडिया पर उन्होंने इस मुलाकात को लेकर कहा कि उनके समृद्ध अनुभव और मार्गदर्शन से विकसित बिहार के विजन को लेकर विशेष चर्चा हुई. साथ ही सम्राट चौधरी ने केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री और भाजपा के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा से मुलाकात की. सोशल मीडिया पर मुलाकात की फोटो साझा करते हुए चौधरी ने बताया कि बिहार में आधुनिक चिकित्सीय सुविधाओं के सुदृढ़ीकरण और उर्वरक क्षेत्र से जुड़े मुद्दों पर सार्थक चर्चा हुई. रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव से मुलाकात के बाद चौधरी ने एक्स पर कहा कि रेल अवसंरचना के सुदृढ़ीकरण, बेहतर कनेक्टिविटी और बिहार के समग्र विकास को गति देने के विषय पर सार्थक चर्चा हुई. उनके मार्गदर्शन से नई संभावनाओं को बल मिलेगा. उन्होंने अपने दूसरे 'एक्स' पोस्ट में लिखा, केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण से शिष्टाचार मुलाकात कर बिहार के आर्थिक विकास, समग्र उन्नयन और प्रगति के विभिन्न आयामों पर विस्तृत एवं सार्थक चर्चा हुई.

## 5 रणभूमि-823 सीटें : आज होगी मतगणना, किसके सिर सजेगा ताज ?



नई दिल्ली। देश के पांच बड़े चुनावी मोर्चों असम, पश्चिम बंगाल, तमिलनाडु, केरलम और केंद्र शासित प्रदेश पुडुचेरी में हुए विधानसभा चुनाव 2026 के लिए मतगणना की तैयारियां पूरी हो चुकी हैं। एक महीने तक चले इस चुनावी महासंग्राम में कुल 823 सीटों पर मतदान हुआ था, जिसके नतीजे 4 मई को सामने आएंगे। इन सभी राज्यों में मतदान 9 अप्रैल से 29 अप्रैल के बीच अलग-अलग चरणों में संपन्न हुआ। केरलम, असम और पुडुचेरी में 9 अप्रैल को एक ही चरण में वोटिंग हुई, जबकि तमिलनाडु और पश्चिम बंगाल के पहले चरण का मतदान 23 अप्रैल को हुआ। दूसरे चरण की वोटिंग 29 अप्रैल को कराई गई।

### पश्चिम बंगाल में हाई वोल्टेज ड्रामा

पश्चिम बंगाल चुनाव में सबसे ज्यादा सियासी घमासान देखने को मिला। बीजेपी और तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) के बीच तीखी टक्कर रही। फालता, डायमंड हार्बर और मगराहाट पश्चिम सीटों पर पुनर्मतदान की घोषणा ने माहौल को और गरमा दिया। मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने केंद्र पर सुरक्षा बलों के जरिए मतदाताओं को डराने का आरोप लगाया। वहीं ईवीएम स्ट्रॉन्ग रूम को लेकर भी विवाद हुआ। टीएमसी नेताओं ने ईवीएम से छेड़छाड़ के आरोप लगाते हुए प्रदर्शन किया।

### तमिलनाडु में महिलाओं की मजबूत भागीदारी

तमिलनाडु चुनाव में इस बार महिलाओं की भागीदारी रिकॉर्ड स्तर पर रही। कुल 443 महिला उम्मीदवार मैदान में उतरीं, जो राज्य की राजनीति में बढ़ती भागीदारी का संकेत है।

### विजयन का सोशल मीडिया संदेश

केरल के मुख्यमंत्री पिनाराई विजयन ने मतगणना से एक दिन पहले अपने सोशल मीडिया बायो में बदलाव किया, जो सियासी (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## दिल्ली में नया ट्रैफिक नियम, अब 5 चालान पर लाइसेंस होगा सस्पेंड



नई दिल्ली। दिल्ली की सड़कों पर अब लापरवाही भारी पड़ने वाली है। अगर आप बार-बार ट्रैफिक नियम तोड़ते हैं और चालान को नजरअंदाज करते हैं, तो अब सीधा असर आपके ड्राइविंग लाइसेंस पर पड़ेगा। नई व्यवस्था के तहत एक साल में पांच या उससे ज्यादा चालान होने पर ड्राइवर को 'गंभीर उल्लंघनकर्ता' माना जाएगा और उसका लाइसेंस सस्पेंड या रद्द भी हो सकता है।

### बार-बार नियम तोड़ने वालों पर बड़ा एक्शन

सरकार ने यह कदम उन लोगों को रोकने के लिए उठाया है जो बार-बार ट्रैफिक नियम तोड़ते हैं लेकिन जुर्माना भरने या सुधार करने में लापरवाही करते हैं। नई व्यवस्था के तहत हर चालान का रिकॉर्ड ऑनलाइन रखा जाएगा और वाहन मालिक के नाम पर दर्ज होगा। इससे यह साफ रहेगा कि किसने कितनी बार नियम तोड़े हैं।

### 45 दिन का मौका, वरना चालान माना जाएगा स्वीकार

नए नियम के अनुसार, चालान जारी होने के बाद वाहन मालिक को 45 दिनों के भीतर दो विकल्प मिलेंगे पहला, जुर्माना भर दें दूसरा, ऑनलाइन अपील करके चालान को चुनौती दें अगर इस समय सीमा के अंदर कोई कार्रवाई नहीं होती है, तो चालान अपने आप स्वीकार माना जाएगा। इसके बाद अगले 30 दिनों में जुर्माना भरना जरूरी होगा। नई व्यवस्था में सबसे बड़ा बदलाव यह है कि अब ड्राइवर (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## नेपाल बोला- भारतीय यात्री लिपुलेख से मानसरोवर न जाएं, ये हमारा इलाका; भारत के इस हिस्से पर नेपाल पहले भी दावा करता रहा



काठमांडू। नेपाल सरकार ने भारतीय तीर्थयात्रियों से लिपुलेख के रास्ते कैलाश मानसरोवर यात्रा न करने की अपील की है। नेपाल के विदेश मंत्रालय ने रविवार को बयान जारी कर कहा कि 1816 की सुगौली संधि के मुताबिक लिम्पियाधुरा, लिपुलेख और कालापानी क्षेत्र नेपाल का हिस्सा है।

सरकार ने कहा कि लिपुलेख के रास्ते प्रस्तावित कैलाश मानसरोवर यात्रा को लेकर उसने भारत और चीन दोनों को डिप्लोमैटिक तरीके से अपनी आपत्ति और चिंता से अवगत करा दिया है। नेपाल ने यह भी बताया कि वह पहले भी भारत से इस इलाके में सड़क निर्माण, व्यापार और पर्यटन जैसी एक्टिविटी न करने की अपील करता रहा है। नेपाल ने चीन को भी आधिकारिक तौर पर यह जानकारी दी है कि लिपुलेख उसका हिस्सा है। नेपाल इससे पहले भी लिपुलेख को अपना हिस्सा बताता रहा है। उसने पिछले साल कुछ नोट जारी किए थे, जिसमें लिपुलेख, कालापानी और लिम्पियाधुरा को नेपाल का हिस्सा दिखाया गया था, जबकि ये तीनों इलाके भारतीय सीमा में आते हैं।

### दो नदियों से तय हुई भारत-नेपाल की सीमा

भारत, नेपाल और चीन सीमा से लगे इस इलाके में हिमालय की नदियों से मिलकर बनी एक घाटी है, जो नेपाल और भारत में बहने वाली काली या महाकाली नदी का उद्गम स्थल है। इस इलाके को कालापानी भी कहते हैं। यहीं पर लिपुलेख दर्रा भी है। यहां से उत्तर-पश्चिम की तरफ कुछ दूरी पर एक और दर्रा है, जिसे लिंपियाधुरा कहते हैं। अंग्रेजों और नेपाल के गोरखा राजा के बीच 1816 में हुए सुगौली समझौते में काली नदी के जरिए भारत और नेपाल के बीच सीमा तय की थी। समझौते के तहत काली नदी के पश्चिमी क्षेत्र को भारत का इलाका माना गया, जबकि नदी के पूर्व में पड़ने वाला इलाका नेपाल का हो गया। काली नदी के उद्गम स्थल, यानी ये सबसे पहले कहां से निकलती है, इसे लेकर दोनों देशों के बीच विवाद रहा है। भारत पूर्वी धारा को काली नदी का उद्गम मानता है। वहीं नेपाल पश्चिमी धारा को उद्गम धारा मानता है और इसी आधार पर दोनों देश कालापानी के (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## मॉक पोल, फर्जी पर्चियां या बड़ी गड़बड़ी? बंगाल के उत्तर 24 परगना में फेंकी मिलीं वीवीपेट स्लिप




कोलकाता। पश्चिम बंगाल चुनाव परिणामों के ऐलान से ठीक पहले एक बार फिर वीवीपेट को लेकर विवाद खड़ा हो गया है. चुनाव परिणाम आने में अब कुछ ही वक्त बचा है. हालांकि मतगणना शुरू होने से कुछ ही घंटे पहले उत्तर 24 परगना जिले की नोआपारा विधानसभा के बूथ नंबर 29 से जुड़ी वीवीपेट की पर्चियां कथित तौर पर मध्यग्राम विधानसभा इलाके के सुभाषनगर में पाई गई हैं. इसके बाद माकपा उम्मीदवार गार्गी चटर्जी और पुलिस मौके पर पहुंची. इस सीट से तृणमूल के त्रिनांकुर भट्टाचार्जी और भाजपा के अर्जुन सिंह भी विधानसभा चुनाव लड़ रहे हैं. पुलिस के मुताबिक, 3 मई 2026 को शाम करीब 6 बजे सुभाषनगर इलाके में राहगीरों ने दत्तपुकुर पुलिस स्टेशन के अंतर्गत नोआपारा विधानसभा की करीब 700-800 वीवीपेट की पर्चियां जमीन पर बिखरी देखी. सूचना मिलने पर स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची और इन्हें बरामद किया गया.

### चुनाव आयोग पर जमकर बरसीं माकपा उम्मीदवार

इस सीट से उम्मीदवार माकपा उम्मीदवार गार्गी चटर्जी मौके पर पहुंची और उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि यह है चुनाव आयोग की हालत. उन्होंने बताया कि मेरे नाम की कुछ पर्चियां, भाजपा की कुछ और टीएमसी उम्मीदवार की दो-तीन पर्चियां यहां पड़ी हैं. हमारी पार्टी के एक कार्यकर्ता ने यह सब देखा और उसने मुझे फोन किया. हमने मुख्य चुनाव अधिकारी को फोन किया, लेकिन उनके पास माकपा के (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## 10 को रायपुर में आरसीबी वर्सेस एमआई मैच : ऑनलाइन टिकट की बिक्री शुरू, 2500 वाली सोल्ड आउट, 12 मई के लिए आज मिलेगी




रायपुर। राजधानी रायपुर में 10 मई को होने वाले आईपीएल मैच के लिए ऑनलाइन टिकट बिक्री शुरू हो गई है। दर्शक https://shop.royalchal-lengers.com/ticket वेबसाइट पर जाकर अपनी सीट बुक कर सकते हैं। इस दिन रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) और मुंबई इंडियंस के बीच मैच खेला जाएगा। इस मैच की सबसे सस्ती टिकट 2500 रुपए की थी, लेकिन यह टिकटें आज विंडो ओपन होते ही कुछ ही मिनटों में बिक गई। मैच की सभी टिकटें इस बार ऑनलाइन ही बिक रही है। वहीं, स्कूल शिक्षा विभाग ने 10वीं, 12वीं मेरिट में आए स्टूडेंट्स को फ्री में मैच दिखाने की व्यवस्था की है।


### 12 मई के मैच के लिए टिकट बुकिंग आज से

फिलहाल 3300 रुपए से 8000 रुपए तक टिकट विंडो ओपन है। वहीं 12 मई को होने वाले मैच के लिए टिकट बिक्री 4 मई से शुरू होगी। यह मैच रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) और कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के बीच खेला जाएगा। जानकारी के अनुसार, आरसीबी की टीम 8 मई को रायपुर पहुंचेगी और यहां करीब 6 दिन तक रहेगी। इस दौरान टीम मैदान पर प्रैक्टिस भी करेगी। मुंबई इंडियंस की टीम भी 8 मई के बाद रायपुर पहुंच सकती है।

### क्यूआर कोड के जरिए मैदान के अंदर मिलेगा एक्सेस

मैच के लिए डिजिटल एम-टिकट जारी किए जाएंगे। इन टिकटों को फिजिकल टिकट में रिडीम करने की जरूरत नहीं होगी। दर्शकों को एंट्री के लिए त्तक्र कोड मैच वाले दिन गेट खुलने से कुछ समय पहले ही दिखाई देगा। इससे पहले त्तक्र कोड एक्सेस नहीं किया जा सकेगा। आयोजकों का कहना है कि यह व्यवस्था सुरक्षा और फर्जी एंट्री रोकने के लिए लागू की गई है। स्टेडियम के गेट दोपहर 3:30 बजे खुलेंगे। दर्शकों को अपने टिकट में दिए गए गेट नंबर के अनुसार ही प्रवेश करना होगा। ये सारी जानकारी आपको अपने खरीदी हुई टिकट (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## शराब घोटाले में ईडी का बड़ा खुलासा : 13 ठिकानों से 53 लाख नकद और सवा तीन किलो सोना जब्त



रायपुर। छत्तीसगढ़ के बहुचर्चित शराब घोटाले की जांच कर रही प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने 30 अप्रैल को हुई बड़ी कार्रवाई का विस्तृत ब्योरा जारी कर दिया है। ईडी की प्रेस रिलीज के अनुसार, रायपुर, दुर्ग-भिलाई और बिलासपुर के 13 ठिकानों पर की गई छापेमारी में एजेंसी ने 53 लाख रुपये नकद, 3.234 किलो सोना व जेवरात और करोड़ों रुपये के आपत्तिजनक दस्तावेज बरामद किए हैं। ईडी ने पीएमएलए 2002 की धारा 17 के तहत शराब कारोबारियों, चार्टर्ड अकाउंटेंट्स (सीए), बिजनेसमैन और कॉर्पोरेट संस्थाओं के परिसरों पर दबिश दी। जांच एजेंसी को संदेह है कि इन लोगों ने घोटाले की अवैध कमाई को संभालने, छिपाने और उसकी लेयरिंग करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी।

### 2,883 करोड़ का संगठित घोटाला

ईडी के अनुसार यह घोटाला महज भ्रष्टाचार नहीं बल्कि एक सोची-समझी साजिश थी। ईओडब्ल्यू और एसीबी की चार्जशीट के आधार पर, वर्ष 2019 से 2022 के बीच लगभग 2,883 करोड़ रुपये की अवैध कमाई की गई। इस सिंडिकेट में राजनीतिक पदाधिकारी, (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## छग हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस की दो टूक - 'बेंच हंटिंग' रोकने वाला सर्कुलर अदालती कामकाज में दखल नहीं



बिलासपुर। छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस रमेश सिन्हा व जस्टिस रविंद्र कुमार अग्रवाल की डिवीजन बेंच ने कहा है कि बेंच हंटिंग को लेकर जारी सर्कुलर न्यायिक अनुशासन बनाए रखने के लिए सावधानी की सूचना है, सुनवाई से हटना अनिवार्य नहीं है। एक दंपती के मामले में सुनवाई के दौरान डिवीजन बेंच ने कहा कि हाल ही में जारी सर्कुलर का मतलब केवल निष्पक्ष न्याय सुनिश्चित करना है, न कि अदालती कामकाज में हस्तक्षेप करना। 17 अप्रैल 2026 को यह मामला एक अन्य डिवीजन बेंच में सुनवाई के लिए प्रस्तुत हुआ था। इस दौरान बेंच के एक सदस्य ने सुनवाई से खुद को अलग कर लिया था। आदेश में 16 अप्रैल को जारी सर्कुलर पर टिप्पणी करते हुए कहा गया था कि यह कोर्ट के कामकाज में हस्तक्षेप जैसा प्रतीत होता है। साथ ही मामले की सुनवाई के लिए अलग बेंच तय करने के लिए चीफ जस्टिस के समक्ष पेश करने को कहा गया था। 29 अप्रैल को चीफ जस्टिस की डिवीजन बेंच में सुनवाई हुई। हाई कोर्ट ने इस मामले में कहा कि सर्कुलर का मतलब साफ है कि बेंच हंटिंग यानी अपनी पसंद की बेंच चुनने की कोशिशों को रोकना है। यह सुनिश्चित करना जरूरी है कि कोर्ट अनजाने में किसी निहित स्वार्थ वाले पक्षकार का हथियार न बन जाए। यह सर्कुलर किसी जज को हटने के लिए मजबूर नहीं करता, केवल सतर्क रहने के लिए एक नोट ऑफ कॉशन है।

### क्या है बेंच हंटिंग

बेंच हंटिंग ऐसा प्रयास है, जहां पक्षकार अपना मामला अपनी पसंद के किसी विशेष जज या बेंच के समक्ष लगवाने का प्रयास करते हैं। हाईकोर्ट ने इसे खतरा मानते हुए आगाह किया है। सर्कुलर का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि बेंच किसी भी तरह से पक्षकारों के प्रभाव में न आए। ऐसा लगे कि बेंच हंटिंग का प्रयास किया जा रहा है, तो वे मामले से खुद को अलग करने का निर्णय भी ले सकते हैं। छत्तीसगढ़ हाई कोर्ट की डिवीजन बेंच ने बीते सप्ताह रजिस्ट्रार (ज्यूडिशियल) द्वारा जारी सर्कुलर (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## विनेश फोगाट का सनसनीखेज खुलासा : बोलीं- मैं खुद भी हूं यौन शोषण की शिकार, गोंडा में खेलना जान जोखिम में डालना जैसा



नई दिल्ली। भारतीय कुश्ती की स्टार पहलवान और ओलंपियन विनेश फोगाट ने भारतीय कुश्ती संघ के पूर्व अध्यक्ष बृजभूषण शरण सिंह के खिलाफ मोर्चा खोलते हुए बेहद चौंकाने वाला खुलासा किया है। विनेश ने पहली बार सार्वजनिक रूप से स्वीकार किया है कि बृजभूषण के खिलाफ यौन उत्पीड़न की शिकायत दर्ज कराने वाली छह महिला पहलवानों में वह खुद भी शामिल हैं। उन्होंने आगामी टूर्नामेंट के आयोजन स्थल पर सवाल उठाते हुए केंद्र सरकार को भी निशाने पर लिया है।

### पहचान उजागर करना मेरी मजबूरी

सोशल मीडिया पर साझा किए गए एक भावुक वीडियो में विनेश ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट के दिशा-निर्देशों के अनुसार पीड़ितों की पहचान गुप्त रखी जाती है, लेकिन मौजूदा परिस्थितियों ने उन्हें सच बोलने पर मजबूर कर दिया है। विनेश ने बताया कि बृजभूषण के खिलाफ जो मामला अदालत में विचाराधीन है, उन 6 पीड़ितों में से एक मैं भी हूं। मेरी गवाही कोर्ट में चल रही है। अब तक गरिमा बनाए रखने के लिए मैंने यह बात सार्वजनिक नहीं की थी, लेकिन अब देश को सच्चाई पता होनी चाहिए।

### गोंडा में सुरक्षा को लेकर जताई चिंता

उत्तर प्रदेश के गोंडा में आयोजित होने वाले 'सीनियर ओपन रैंकिंग कुश्ती टूर्नामेंट' पर आपत्ति जताते हुए विनेश ने कहा कि वह स्थान बृजभूषण का गढ़ है। वहां उनका निजी कॉलेज है और पूरा इलाका उनके प्रभाव में है। विनेश ने आशंका जताई कि ऐसे माहौल में उनके लिए निष्पक्ष रूप से मुकाबला करना असंभव होगा। उन्होंने कहा कि जिस व्यक्ति ने हमारा शोषण किया, उसके घर में जाकर कुश्ती लड़ना किसी भी महिला खिलाड़ी के लिए मानसिक और शारीरिक रूप से डरावना अनुभव है। वहां मेरे साथ कुछ भी गलत हुआ, तो इसकी सीधी जिम्मेदार भारत सरकार होगी। विनेश ने खेल मंत्रालय और सरकार पर तंज कसते हुए कहा कि ऐसा लगता है जैसे बृजभूषण को 'फ्री हैंड' दे दिया गया है। उन्होंने आरोप लगाया कि टूर्नामेंट में कौन सा रेफरी जाएगा, किसे कितने अंक दिए जाएंगे और किसे जीतवाया या हरवाया जाएगा, यह सब (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## 'पापा मैं बहुत परेशान हूं' : जज अमन कुमार की मौत में बड़ा मोड़, पिता ने बयां की बेटे के अंतिम दिनों की दास्तां



नई दिल्ली। राजधानी के सफदरजंग इलाके में दिल्ली ज्यूडिशियल सर्विसेज (डीजेएस) के 30 वर्षीय अधिकारी अमन कुमार शर्मा की संदिग्ध मौत ने सनसनी फैला दी है। मामले में पुलिस ने आत्महत्या के लिए उकसाने और आपराधिक साजिश का केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### पुलिस ने किया केस दर्ज

पुलिस के मुताबिक, सफदरजंग एन्क्लेव थाने में मृतक के पिता की शिकायत पर भारतीय न्याय संहिता (ब्हृस्) की धारा 108 (आत्महत्या के लिए उकसाना) और 61(2) (आपराधिक साजिश) के तहत एफआईआर दर्ज की गई है। शुरुआती जांच में अमन की मौत फांसी लगाकर आत्महत्या करने की आशंका जताई गई है।

### पत्नी और साली करती थी उत्पीड़न

परिजनों ने गंभीर आरोप लगाते हुए कहा है कि अमन पिछले कुछ समय से मानसिक तनाव में था और उसने अपनी पत्नी और साली द्वारा उत्पीड़न की बात कही थी। मृतक के परिजन राजेश शर्मा के अनुसार, घटना की रात करीब 10 बजे अमन ने अपने पिता प्रेम शर्मा को फोन कर कहा था कि वह बेहद परेशान है और पिछले दो महीनों से उसे प्रताड़ित किया जा रहा है। बताया जा रहा है कि पिता अलवर से तुरंत दिल्ली पहुंचे। परिवार का दावा है कि घर पहुंचने पर उन्हें पति-पत्नी के बीच विवाद की जानकारी मिली। आरोप है कि पत्नी, जो खुद भी न्यायिक अधिकारी है, गुस्से में चिल्ला रही थी, जबकि अमन रो रहा था। इसके बाद अचानक सन्नाटा छा गया।

परिजनों के मुताबिक, कुछ देर बाद अमन कमरे में नहीं मिला। फोन करने पर उसकी रिंगटोन बाथरूम से सुनाई दी। दरवाजा न खुलने पर पड़ोसियों की मदद से पीछे की खिड़की से झांककर देखा गया, जहां अमन दुपट्टे के सहारे लटका हुआ मिला। उसे तुरंत नीचे उतारकर अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। परिवार ने यह भी आरोप लगाया कि घटना के बाद पत्नी पक्ष के कुछ लोग घर से अचानक चले गए और उनसे संपर्क करना मुश्किल हो गया। (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## पहला कॉलम...

### कलेक्टर ने नीट-2026 परीक्षा केंद्र का औचक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का लिया जायजा



राजनांदगांव (दावा)। कलेक्टर जितेन्द्र यादव ने राष्ट्रीय परीक्षण एजेंसी (एनटीए) द्वारा आयोजित नीट-2026 परीक्षा के दौरान जिले में परीक्षा व्यवस्था की सुचारूता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से विभिन्न परीक्षा केंद्रों का औचक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने केंद्रों में पहुंचकर परीक्षा की वास्तविक स्थिति का अवलोकन किया और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। कलेक्टर ने केंद्रों में स्थापित सीसीटीवी सिस्टम की लाइव फुटेज देखी तथा सुरक्षा व्यवस्था की जानकारी ली। उन्होंने केंद्रों में उपलब्ध प्राथमिक चिकित्सा सामग्री एवं मेडिकल सपोर्ट की भी जांच की और आवश्यकता पड़ने पर त्वरित सहायता उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने केन्द्र प्रभारियों से परीक्षार्थियों के प्रवेश, बैठने की व्यवस्था, फ्रिस्किंग एवं दस्तावेज सत्यापन की विस्तृत जानकारी ली। साथ ही ड्यूटी मजिस्ट्रेट, पुलिस बल एवं पर्यवेक्षकों से भी व्यवस्थाओं की समीक्षा की और सभी को अपने दायित्वों का निर्वहन पूरी गंभीरता एवं जिम्मेदारी के साथ करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने कहा कि परीक्षा की शुचिता, सुरक्षा एवं पारदर्शिता जिला प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल है तथा सभी एजेंसियां समन्वय के साथ कार्य कर रही हैं। उन्होंने बताया कि जिले के सभी 6 परीक्षा केंद्रों पर परीक्षा शांतिपूर्ण, सुरक्षित एवं नियंत्रित वातावरण में संचालित हो रही है तथा अभ्यर्थियों को किसी प्रकार की असुविधा न हो, इसके लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गई हैं।

### जिला रोजगार कार्यालय में रोजगार मेला का आयोजन 6 मई को

राजनांदगांव (दावा)। जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र (मॉडल कैरियर सेंटर) राजनांदगांव में बुधवार 6 मई 2026 को सुबह 10.30 बजे से दोपहर 3 बजे तक रोजगार मेला का आयोजन किया गया है। रोजगार मेला में 8 कंपनियों द्वारा 794 पदों पर भर्ती की जाएगी। रोजगार मेला में फायर एण्ड सेफ्टी डिजास्टर मैनेजमेंट इंस्ट्रीट्यूट राम नगर सुपेला भिलाई द्वारा फायरमेन के 20 पद (केवल पुरूष), सिक्यूरिटी गार्ड के 50 पद, पैकेजिंग स्टॉफ 25 पद, ड्राईवर (हैवी लाईसेंस) 10 पद (केवल पुरूष), होम केयर टेकर सर्विस के 50 पदों के लिए भर्ती की जाएगी। टैंगो सिक्यूरिटी सर्विसेस द्वारा सिक्यूरिटी गार्ड के 80 पद (केवल पुरूष), प्रथम एजुकेशन फाउण्डेशन राजनांदगांव द्वारा होटल मैनेजमेंट के 50 पद (केवल महिला), रेयॉन इलेक्ट्रीक इंडिया प्राईवेट लिमिटेड द्वारा वीडियो एडिटर के 2 पद तथा सेफ इंटेलीजेंट सिक्यूरिटी सर्विसेस भिलाई जिला दुर्ग द्वारा सिक्यूरिटी गार्ड के 150 पद, फिल्ड ऑफिसर के 6 पद, सिक्यूरिटी सुपरवाईजर के 50 पद, लेबर के 100 पद, ट्रेनिंग ऑफिसर के 2 पद, मार्केटिंग एक्सीक्यूटिव के 2 पदों के लिए भर्ती की जाएगी। परिश्रम ह्यूमन रिसोंस द्वारा स्मार्ट मीटर टेक्निशियन के 40 पद एवं एसआर हॉस्पिटल एण्ड रिसर्च सेंटर एण्ड पैरामेडिकल कॉलेज चिखली पोष्ट जेवरा सिरसा धमधा रोड दुर्ग द्वारा नर्सिंग स्टॉफ के 30 पद, फिल्ड ऑफिसर के 10 पद, जीएम मार्केटिंग के 2 पद, मल्टीपर्पस वर्कर के 5 पद, सिक्यूरिटी गार्ड के 4 पद, लाईब्रेरियर के 1 पद, एकाउंटेंट के 1 पद, कुक के 4 पद तथा स्टार आदर्श होम हेल्थ केयर सर्विस द्वारा केयर टेकर (पेशेंट, बेबी, बुजुर्ग) के 100 पदों के लिए भर्ती की जाएगी। रोजगार मेला में शामिल होने वाले इच्छुक आवेदकों को ई-रोजगार पोर्टल ढ्ढह्य्श-द्भद्दह्लह्य्ह्ष्द्.द्द्श1.द्बठ्ठ पर ऑनलाईन आवेदन करना अनिवार्य है। साथ ही आवेदकों को शैक्षणिक योग्यता के प्रमाण पत्र, आधार कार्ड, 2 पासपोर्ट साईज फोटो के साथ निर्धारित तिथि, समय एवं स्थान पर उपस्थित होना होगा।

### श्रीमती चम्पादेवी जोशी का निधन



राजनांदगांव (दावा)। स्थानीय चंद्रा कॉलोनी निवासी श्रीमती चम्पा जोशी (84 वर्ष) पत्नी स्व. अयोध्या प्रसाद जोशी का आज सुबह 4 बजे उनके निज निवास में निधन हो गया। वे अपने पीछे पुत्रों, पुत्रवधुओं और पौत्र-पौत्रियों सहित भरापूरा परिवार छोड़ गई हैं। श्रीमती चम्पा जोशी शहर के प्रतिष्ठित परिवार से थीं। वे नगर निगम में ईई के पद पर कार्यरत रह चुके दीपक जोशी, सूरज जोशी और कमला कॉलेज में असिस्टेंट प्रोफेसर आलोक जोशी की पूजनीय माताजी थी। उनके निधन की खबर से चंद्रा कॉलोनी और शिक्षा जगत में शोक की लहर व्याप्त है। उनकी अंतिम यात्रा आज शाम 4 बजे उनके निवास स्थान (चंद्रा कॉलोनी, सबरस होटल के बाजू) से निकाली गई।







# जनगणना-2027 का आगाज : आपके घर पहुंचेंगे प्रगणक, पूछे जाएंगे सुविधाओं और संसाधनों से जुड़े 33 सवाल

**राजनांदगांव (दावा)।** अप्रेल माह के 15 तारीख से जारी स्वगणना प्रक्रिया के बाद 1 मई से शहर सहित जिले के घर-घर में पहुंचकर 1606 प्रगणक लोगों की गणना करते नजर आ रहे हैं। इस कार्य में जिले के लगभग 3 लाख घरों में एक महिने के भीतर उपरोक्त प्रगणको की तैनाती की गई है। ये टीम घर-घर पहुंच कर घर के लोगों के संबंध में जानकारी लेगी। मकान, परिवार के सदस्य, प्राप्त सुविधा, डिजीटल,वाहन व सामानों से संबंधित 33 सवाल पूछेंगे। जिसके जवाब देने होंगे। उक्त संपूर्ण जानकारी को गणना-पत्रक में संकलित की जाएगी। इस कार्य में 22 सौ कर्मचारी-शिक्षकों की ड्यूटी लगी है। बताया जा रहा है कि आगामी 30 मई तक यह जणगणना होगी और मार्च 2027 में उक्त जणगणना की पूरी रिपोर्ट सार्वजनिक हो जाएगी।

बताया जाता है कि जणगणना कार्य को ध्यान में रखते हुए विगत 23 मार्च से 10 जून तक जिले में अवकाश प्रतिबंध लागू कर दिया गया है। इस अवधि में किसी भी अधिकारी व कर्मचारी को नियमित अवकाश स्वीकृत नहीं किया जाएगा। केवल आवश्यक परिस्थितियों में ही कलेक्टर एवं प्रमुख जनगणना अधिकारी की पूर्व अनुमति से ही अवकाश प्रदान किया जाएगा। बहरहाल 1 मई मजदूर दिवस से जनगणना कार्य का श्री गणेश कर दिया गया है।

### देने होंगे प्रगणक के 33 सवाल के उत्तर

बताते चलें कि जिन लोगों ने स्व-गणना के तहत पहले ही अपने मकान की जानकारी दाखिल कर दी है, उससे रेफरेंस आईडी लेकर फार्म दाखिल किया जाएगा। प्रगणको द्वारा पहले चरण में लोगों से पूछने कुल 33 सवाल शामिल किए गए हैं।भवन मकान की जानकारी,



राजनांदगांव जिले के 3 लाख घरों में सर्वे शुरू, 1606 प्रगणकों की टीम तैनात, मार्च 2027 तक आएगी फाइनल रिपोर्ट

सदस्यों की संख्या, मकान में कितने कमरे हैं,,कौन सा अनाज खाते है। घर का फर्श कैसा है, दीवार वंचित के निर्माण में कौन सी मुख्य सामग्री का इस्तेमाल किया गया है। मकान का उपयोग आवासीय, व्यावसायिक,या मिश्रित तीनों में से किस रुप में किया जा रहा है। परिवार के मुखिया का नाम , और लिंग के साथ उसकी सामाजिक श्रेणी, एस टी, एस सी या अन्य वर्ग की जानकारी देनी होगी। इस 33 सवालों में मकान खुद का है या किसी और का, या किराए का है। मकान में कितने कमरे हैं। परिवार में रहने वाले विवाहित जोड़ों की संख्या क्या है,। मकान में बिजली का कनेक्शन, पेयजल का स्त्रोत उसकी उपलब्धता क्या है। शौचालय की सुविधा कैसी है और किस तरह की है। मकान मे किचन की सुविधा खाना बनाने में कौन सा इंधन इस्तेमाल होता है। एल पीजी या पीएनजी कनेक्शन है कि नहीं। मकान में नहाने की सुविधा,जल निकासी की सुविधा कैसी है आदि आदि प्रश्न पूछे जाएंगे जिसके जवाब आपको देने होंगे। इसी तरह मकान मे रेडियो-ट्रांजिस्टर, टेलीविजन है या नहीं। इंटरनेट की सुविधा है या नहीं। परिवार के लोग लैपटॉप इस्तेमाल करते हैं या नहीं। इसके अलावा घर में टेलीफोन, मोबाइल फोन और स्मार्ट फोन कितनी संख्या में इस्तेमाल हो रहे हैं। वहीं दो पहिया, चार पहिया वाहनों की संख्या कितनी है इन सब के बारे में जानकारी मांगी जाएगी। साथ ही संपर्क के लिए मोबाइल नंबर की भी जानकारी देनी होगी।

### पांच हजार लोगों ने स्व-गणना में दी जानकारी

बता दें कि जिले में जनगणना प्रक्रिया के पहले चरण के तहत स्व-गणना में लोग अपने घर में बैठकर ही मोबाइल से खुद ही अपनी जानकारी दर्ज कराई है। उक्त के तहत अब तक 5036 लोगों द्वारा अपने मकान की जानकारी पोर्टल में दर्ज कराई जा चुकी है। दो चरणों में होने वाली जनगणना-2027 में पहली बार पूरी प्रक्रिया डिजिटल रुप से की जा रही है।15 अप्रैल से शुरू की गई स्व-गणना की प्रक्रिया पूरी तरह डिजिटल पोर्टल के जरिए हो रही है। वहीं 1 मई से प्रगणक घरों में पहुंचकर तथा जानकारी इकठ्ठा कर इसे आनलाइन में दाखिल करेंगे। प्रगणक जब आपके घर आएंगे तो आपको बस वह आई डी दिखानी होगी जो आपको पूछे गए प्रश्नों को दर्ज करने के बाद 11 अंको का रेफरेंस नंबर दिया गया है।

## आपरेशन मुस्कान : घर से गायब हुई नाबालिग नागपुर में मिली, सौंपा गया परिजनों को

### पुलिस मुख्यालय के निर्देश पर संचालित ऑपरेशन तलाश में राजनांदगांव पुलिस छत्तीसगढ़ में अव्वल




राजनांदगांव (दावा)। आपरेशन मुस्कान के तहत पुलिस ने नाबालिग बालिका को नागपुर से बरामद किया है और उसके अपने कब्जे में लेकर उसके परिजनों के हाथों उसे सुरक्षित सौंप दिया गया है।बताया जाता है गत 28 अप्रैल को प्रार्थी द्वारा रिपोर्ट दर्ज कराया गया था कि उसकी नाबालिग लड़की 27 अप्रेल बेघर में नहीं है। किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा उसे बहला-फुसलाकर कर अपहरण कर ले गया है। इस पर गंडई थाने में आरोपी के खिलाफ धारा 132 (2) बीएनएस के तहत अपराध कायम कर विवेचना में लिया गया। विवेचना के दौरान अपहृता के मोबाइल नंबर का सायबर सेल केसीजी से लोकेशन लिए जाने पर महाराष्ट्र के नागपुर में लोकेशन मिलने पर पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में विशेष टीम को नागपुर भेजा गया। जहां बंजारी नगर नागपुर से संदेही के रिस्तेदार के यहां से अपहृता को आरोपी के कब्जे से बरामद किया गया। विवेचना के दौरान संदेही नाबालिग विधि से संघर्षरत बालक होना पाया गया। पीड़िता द्वारा महिला पुलिस अधिकारी के समक्ष अपने कथन में विधि से संघर्षरत बालक के द्वारा नागपुर घूमने जाने के नाम पर ले जाना बताया गया और किसी प्रकार गलत काम नहीं होने की बात कही गई। इस पर विधि से संघर्षरत बालक के खिलाफ अपहरण की धारा पर कार्रवाई की गई और अपहृत नाबालिग को उसके परिजनों के हाथों सौंप दिया गया। पुलिस ने अप्रैल माह में 280 गुमशुदा को सकुशल दस्तयाब कर की सफलता अर्जित

बता दें कि पुलिस द्वारा जिले में ऑपरेशन तलाश के तहत 166 महिला व 88 पुरुष, कुल 254 व्यक्तियों की बरामदगी की है। वहीं ऑपरेशन मुस्कान के अंतर्गत 23 बालिका व 03 बालक, कुल 26 बच्चों को सुरक्षित खोजा गया। इसमें 72 से अधिक गुमशुदा महिला, पुरुष व बच्चे छत्तीसगढ़ राज्य के बाहर से दस्तयाब किए गए। इसी तरह छत्तीसगढ़ के बाहर उत्तर प्रदेश, मध्यप्रदेश, आंध्रप्रदेश, तेलंगाना, ओडिशा, दिल्ली, महाराष्ट्र, पंजाब, हरियाणा, गुजरात, कर्नाटक, झारखंड, पश्चिम बंगाल, राजस्थान, केरल, तमिलनाडु, बिहार, हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड आदि राज्यों के विभिन्न जिलों से गुमशुदाओं को खोजकर बरामद किया गया। जिला पुलिस अधीक्षक सुश्री अंकिता शर्मा के निर्देशन में टीम वर्क की कार्रवाई करते हुए पुलिस ने सभी को विधिसम्मत प्रक्रिया के बाद उनके परिजनों को सौंपा गया। जिससे परिवारों में खुशी का माहौल रहा।* पुलिस अधीक्षक सुश्री अंकिता शर्मा के नेतृत्व में टीमवर्क व त्वरित कार्रवाई से मिली बड़ी सफलता। बता दें कि पुलिस मुख्यालय के निर्देश पर जिले में संचालित आपरेशन तलाश में राजनांदगांव पुलिस पूरे छत्तीसगढ़ में अव्वल है। राज्य स्तर पर संचालित ऑपरेशन तलाश के अंतर्गत राजनांदगांव पुलिस ने पूरे छत्तीसगढ़ में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान (49त्न) प्राप्त किया है।

## तुमड़ीबोड़ पुलिस की कार्रवाई पर भड़के महेंद्र यादव, सुशासन पर सवाल उठाते हुए दी चक्काजाम की चेतावनी



नियमों के नाम पर अवैध वसूली का आरोप, बोले- ढाबे में बिक रही अवैध शराब पर पुलिस मौन और आम जनता परेशान

तुमड़ीबोड़ (दावा)। तुमड़ीबोड पुलिस चौकी अंतर्गत सिवनी खुर्द के पास पुलिस द्वारा की जा रही चेकिंग कार्रवाई को लेकर विवाद गहरा गया है। जिला पंचायत सदस्य एवं जिला कांग्रेस कमेटी (ग्रामीण) के महामंत्री महेन्द्र यादव ने पुलिस पर नियमों की आड़ में अवैध वसूली और आम जनता को प्रताड़ित करने का गंभीर आरोप लगाया है। उन्होंने स्पष्ट चेतावनी दी है कि यदि यह रवैया नहीं बदला, तो क्षेत्रीय जनता के साथ मिलकर उग्र आंदोलन और चक्काजाम किया जाएगा। महेंद्र यादव ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा कि सिवनी खुर्द के पास आए दिन पॉइंट लगाकर पुलिस द्वारा किसानों, मजदूरों और राहगीरों को अनावश्यक रूप से रोका जा रहा है। हेलमेट और अन्य नियमों के नाम पर गरीब वर्ग से वसूली की जा रही है, जिससे क्षेत्र में भारी आक्रोश है। उन्होंने मौके पर पहुंचकर इस कार्रवाई का पुरजोर विरोध भी किया।

### अवैध शराब बिक्री पर चुप्पी क्यों?

महेंद्र यादव ने पुलिस की कार्यप्रणाली पर संदेह व्यक्त करते हुए कहा कि जहाँ एक तरफ राहगीरों को परेशान किया जा रहा है, वहीं पास में स्थित छत्तीसगढ़ ढाबा में खुलेआम अवैध शराब की बिक्री हो रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि लगातार शिकायतों और सूचनाओं के बावजूद पुलिस इस पर कोई ठोस कार्रवाई नहीं कर रही है। जो जिम्मेदार अधिकारियों की कार्यप्रणाली को संदिग्ध बनाता है।

### सुशासन तिहार पर तीखा प्रहार

राज्य सरकार को आड़े हाथों लेते हुए यादव ने कहा कि एक ओर भाजपा सरकार सुशासन तिहार मनाने का ढोंग कर रही है। वहीं दूसरी ओर गरीबों और किसानों का शोषण किया जा रहा है। उन्होंने सवाल किया कि क्या यही सुशासन है? क्या नियमों के नाम पर वसूली करना सुशासन का हिस्सा है? महेंद्र यादव ने शासन-प्रशासन को अल्टीमेटम देते हुए कहा है कि आम जनता के अधिकारों के साथ खिलवाड़ बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। यदि भविष्य में दोबारा इसी तरह आमजन को परेशान किया गया, तो कांग्रेस पार्टी और क्षेत्रीय जनता सड़कों पर उतरकर चक्काजाम करेगी, जिसकी समस्त जिम्मेदारी पुलिस प्रशासन और सरकार की होगी।

## फिटनेस की डोज, आधा घंटा रोज : राजनांदगांव में फिट इंडिया सडे साइकिल रैली का आयोजन

### भारतीय किसान संघ के प्रदेशाध्यक्ष ने दिखाई हरी झंडी, बोले- स्वस्थ जीवन के लिए नियमित साइकिल चलाना जरूरी



राजनांदगांव (दावा)। भारत सरकार के खेल एवं युवा कल्याण विभाग के निर्देशानुसार स्वास्थ्य और फिटनेस के प्रति जागरूकता लाने के लिए दिग्विजय स्टेडियम में 'फिट इंडिया संडे साइकिल रैली' का भव्य आयोजन किया गया। भारतीय किसान संघ छत्तीसगढ़ प्रदेश के अध्यक्ष माधो सिंह ठाकुर की अध्यक्षता में आयोजित इस कार्यक्रम में अन्नदाताओं और युवाओं ने उत्साह के साथ साइकिल चलाकर फिटनेस का संदेश दिया। मुख्य अतिथि माधो सिंह ठाकुर ने रैली को संबोधित करते हुए कहा कि आज साइकिल रैली ने बचपन की यादें ताजा कर दी हैं। उन्होंने कहा कि पुराने समय में जिसके पास साइकिल होती थी, उसे संपन्न माना जाता था। आज हम स्वास्थ्य के लिए पुनः साइकिल की ओर लौट रहे हैं। यदि जीवन में सदैव स्वस्थ रहना है, तो साइकिलिंग को अपनी दिनचर्या का हिस्सा बनाना होगा।

### अनुशासन और नियमित अभ्यास पर जोर

कार्यक्रम के दौरान अतिथियों ने विभिन्न रोचक उदाहरणों के माध्यम से स्वास्थ्य का महत्व समझाया। जिसमें आई.सी. श्रीवास्तव (जिलाध्यक्ष, किसान संघ) ने कहा कि कद्दू की कहावत और पराग पद्धति का उदाहरण देते हुए बताया कि जिस प्रकार फूलों को पोषण की जरूरत होती है। वैसे ही शरीर को स्वस्थ रखने के लिए नियमित साइकिल चलाना आवश्यक है। प्रदीप शर्मा (समाजसेवी) ने कहा कि भारत सरकार के मंत्र फिटनेस की डोज, आधा घंटा रोज को जन-जन तक पहुंचाने की अपील की। के.सी. त्रिपाठी (मुख्य वॉलीबॉल कोच) ने कहा कि खेल मंत्रालय के निर्देश पर प्रति रविवार पूरे भारत में यह आयोजन लोगों को जागरूक करने के लिए किया जाता है। एस.के. ओझा (समाजसेवी) ने कहा कि अच्छे स्वास्थ्य के लिए जीवन में अनुशासन और नियमित अभ्यास की अनिवार्यता पर बल दिया। इस अवसर पर भारतीय किसान संघ के प्रदेश कोषाध्यक्ष गजानन दीधस्कर, प्रदेश मंत्री मुकेश चौधरी, प्रदेश सचिव रितेश गोपाल, जिला कोषाध्यक्ष के.एन. उपाध्याय, दिनेश साहू, डॉ. आर.एस. मौर्य, भूषण साहू और पुष्पेंद्र कुमार सहित परंपरा शिक्षण एवं प्रशिक्षण संस्थान के प्रतिनिधियों ने लोगों को फिटनेस के प्रति प्रेरित किया। साथ ही साई ट्रेनिंग सेंटर के खिलाड़ी और स्टाफ में सुखदेव राउत, मुन्नालाल जायसवाल, वीरेंद्र सिन्हा, लेखराम देवांगन, जय हिंद निषाद, कुमारू राम पटेल एवं दीपा राजपूत ने भी कार्यक्रम में सक्रिय भागीदारी निभाई।

## पेंडरी में सजेगा जन्मोत्सव : आज पंथ श्री हजूर अर्धनाम साहेब का 62वां पावन जन्मदिवस



जन्मभूमि ग्राम पेंडरी में जुटेगा भक्त समाज, संध्या बेला में गुरु महिमा पाठ और भव्य आरती का आयोजन

राजनांदगांव (दावा)। संस्कारधानी से सटे ऐतिहासिक सदगुरु कबीर मंदिर आश्रम पेंडरी के संत, महंत एवं भक्त समाज द्वारा कबीर पंथाचार्य पंथ श्री हजूर अर्धनाम साहेब जी का 62वां पावन जन्मोत्सव सोमवार 4 मई को अत्यंत धूमधाम से मनाया जाएगा। त्याग और वैराग्य की प्रतिमूर्ति साहेब जी के इस जन्मोत्सव को लेकर भक्तों में भारी उत्साह देखा जा रहा है। सदगुरु कबीर मंदिर आश्रम पेंडरी के अध्यक्ष फलेश कुमार साहू ने बताया कि पंथ श्री हजूर अर्धनाम साहेब जी की पावन जन्मभूमि ग्राम पेंडरी में समस्त भक्त समाज सामूहिक रूप से एकत्रित होगा। कार्यक्रम की रूपरेखा के अनुसार 4 मई 2026 को संध्या बेला में गुरु महिमा पाठ, भजन संध्या और भव्य आरती पूजन का आयोजन किया जाएगा। पंथ श्री हजूर अर्धनाम साहेब जी ने बाल्यकाल में ही वाराणसी (उत्तरप्रदेश) स्थित सदगुरु कबीर बाग, लहरतारा में साधु वेश धारण कर शिक्षा-दीक्षा प्राप्त की थी। आज वे नांद वंशाचार्य के सिरमौर महापुरुषों में गिने जाते हैं। साहेब जी देश-विदेश और भारत के विभिन्न प्रांतों में निरंतर भ्रमणशील रहकर सत्संग और प्रवचनों के माध्यम से समाज को जागृत करने का कार्य कर रहे हैं। पेंडरी आश्रम समिति ने क्षेत्र के सभी धर्मप्रेमियों और कबीर पंथ के अनुयायियों से इस पावन जन्मोत्सव समारोह में शामिल होकर गुरु का आशीर्वाद प्राप्त करने की अपील की है।

## बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए संस्कार जरूरी : पुष्पा दीदी



ब्रह्माकुमारीज के संस्कारों की पाठशाला का भव्य समापन, बच्चों ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से मोहा मन

राजनांदगांव (दावा)। ब्रह्माकुमारीज सेवा केंद्र राजनांदगांव द्वारा ज्ञान मानसरोवर में आयोजित 5 दिवसीय समर कैंप 'संस्कारों की पाठशाला' का रविवार 3 मई को हर्षोल्लास के साथ समापन हुआ। इस अवसर पर बच्चों ने अपनी कला और सांस्कृतिक प्रतिभा का ऐसा प्रदर्शन किया कि उपस्थित जनसमूह मंत्रमुग्ध हो गया। समापन समारोह के दौरान बच्चों ने रंगारंग नृत्य और नाटकों के माध्यम से भारतीय संस्कृति व नैतिक मूल्यों का संदेश दिया। समर कैंप के दौरान बच्चों को न केवल खेल-कूद, बल्कि एकाग्रता बढ़ाने, आध्यात्मिक शिक्षा, योग, ध्यान और व्यक्तित्व विकास की महत्वपूर्ण जानकारियाँ दी गई। राजयोग शिक्षिकाओं ने बच्चों को खेल-खेल में लक्ष्य प्राप्ति की कला सिखाई। सेवाकेंद्र संचालिका राजयोगिनी पुष्पा दीदी ने बच्चों को आशीर्वाद देते हुए कहा कि ऐसे शिविर बच्चों के चरित्र निर्माण में मील का पत्थर साबित होते हैं। उन्होंने बच्चों को जीवन में उच्च लक्ष्य रखने और निरंतर प्रयास करने की प्रेरणा दी। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि, नवनियुक्त राजगामी संपदा अध्यक्ष पूर्णिमा साहू ने आयोजन की सराहना करते हुए कहा कि आज के प्रतिस्पर्धात्मक युग में बच्चों के भीतर नैतिक मूल्यों, अनुशासन और आत्मविश्वास का विकास करना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने बच्चों के प्रदर्शन की प्रशंसा कर उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। समारोह के अंत में समर कैंप के दौरान आयोजित विभिन्न खेलकूद और चित्रकला प्रतियोगिताओं के विजेताओं को मेडल प्रदान कर सम्मानित किया गया। साथ ही सभी प्रतिभागियों को प्रशस्ति पत्र देकर उनका उत्साहवर्धन किया गया। पूरे कार्यक्रम का प्रभावशाली संचालन ब्रह्माकुमारी प्रभा बहन द्वारा किया गया।

### आम सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार ने विक्रेता आशीष जैन आ. संजय जैन निवासी म. नं 1352 शांति पारा बाजार चौक भिलाई दुर्ग (छ.ग.) के स्वामित्व एवं आधिपत्य की कृषि भूमि स्थित क्रमशः ग्राम बोरी एवं गठुला जिसका खसरा नं. क्रमशः 343/4, 343/2, 337, 347/1 कुल रकबा 0.9800 हेक्टेयर एवं ग्राम गठुला खसरा नं. 589/01 रकबा 0.4700 हेक्टेयर को क्रय करने का पक्का सौदा किया जिसका पंजीयन कराना शेष है। अतः इस आम सूचना के माध्यम से सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि यदि उपरोक्त वर्णित भूमि के संबंध में किसी भी व्यक्ति, संस्था, शासकीय अथवा अर्द्धशासकीय संस्था, वित्तीय अथवा गैर वित्तीय संस्थान का कोई दावा या उजर हो तो सूचना प्रकाशन के 7 दिवस के भीतर मेरे अधोहस्ताक्षरित कार्यालयीन पते पर मय दस्तावेज अपनी आपत्ति प्रस्तुत करें, समयावधि व्यतीत होने उपरांत की गयी आपत्ति विचारणीय नहीं होगा।

राजनांदगांव - 03/05/2026 अतः सूचनार्थ प्रकाशित।

अधिवक्ता वास्ते सूचना
मनमोहन तिवारी (एमएससी, एलएलबी, एडवोकेट)
रजिस्ट्रेशन नं. 841/03, दुर्गा चौक, किल्लापारा, राजनांदगांव (छ.ग.)
मोबाईल नं. - 9907420401

# डोंगरगढ़ को 5.20 करोड़ की सौगात : डिप्टी सीएम साव बोले- बुद्ध के विचार आज भी विश्व के लिए मार्गदर्शक

### नगर पालिका के विकास के लिए 2 करोड़ की अतिरिक्त घोषणा, छिरपानी परिसर में आयोजित हुआ बुद्ध पूर्णिमा समारोह





डोंगरगढ़ (दावा)। उपमुख्यमंत्री अरूण साव ने माँ बम्लेश्वरी छिरपानी परिसर शेड डोंगरगढ़ में नगर पालिका परिषद् डोंगरगढ़ के भूमि पूजन एवं बुद्ध पूर्णिमा समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। उप मुख्यमंत्री ने गौतम बुद्ध एवं बाबा साहेब डॉ. भीमराव अम्बेडकर की प्रतिमा पर मालार्पण किया तथा दीप प्रज्ज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस अवसर पर सभी ने बुद्धम् शरणम् गच्छामि... श्लोक का वाचन किया। इस दौरान उप मुख्यमंत्री अरूण साव ने डोंगरगढ़ शहर को 5 करोड़ 20 लाख रूपए की सौगात दी। उन्होंने 15वें वित्त आयोग मद अंतर्गत 1 करोड़ 94 लाख 88 हजार रूपए के राउसकला क्षेत्र में इंटेकवेल, पंप हाऊस एवं पंपिंग निर्माण कार्य तथा 71 लाख 62 हजार रूपए की लागत से पनियाजोब क्षेत्र में संक्सन पीठ निर्माण व वीटी मोटर स्थापना कार्य और स्वच्छ भारत मिशन-शहरी 2.0 अंतर्गत 1 करोड़ 8 लाख 21 हजार रूपए की लागत से सूखे एवं गीले कचरे के प्रबंधन हेतु संयंत्रों की स्थापना तथा स्थापित संयंत्रों के उन्नयन व विकास कार्य का भूमि पूजन किया। इसके साथ ही उन्होंने नगर पालिका परिषद् डोंगरगढ़ के विभिन्न वार्डों में अधोसंरचना मद 2025-26 अंतर्गत 1 करोड़ 45 लाख 45 हजार रूपए की लागत से 36 कार्यों का भूमि पूजन किया।

उप मुख्यमंत्री अरूण साव ने नगर पालिका परिषद् डोंगरगढ़ के विकास के लिए 2 करोड़ रूपए स्वीकृत करने की घोषणा की। उप मुख्यमंत्री अरूण साव ने बुद्ध पूर्णिमा तथा डोंगरगढ़ में विकास कार्यों की सौगात के लिए सभी को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि भगवान गौतम बुद्ध का अवतरण समाज को नई दिशा तथा मार्गदर्शन देने के लिए हुआ था। उनके विचार एवं संदेश आज भी दुनिया के लिए प्रासंगिक है। हमारा देश गौतम बुद्ध के दिखाए रास्ते पर चल रहा है। गौतम बुद्ध एवं बाबा साहेब डॉ. भीमराव अम्बेडकर ने जो राह दिखाई उसका अनुसरण प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि बाबा साहेब डॉ. भीमराव अम्बेडकर ने कहा है कि किसी भी समाज एवं देश की स्थिति का आंकलन करना हो तो महिलाओं की स्थिति से करना चाहिए। किसी भी घर को स्त्री और पुरूष मिलकर चलाते है। समाज एवं देश के विकास में महिलाओं की भागीदारी जरूरी है। सरकार ने ढाई साल में मोदी की गारंटी को पूरा करने का कार्य किया है। चाहे प्रधानमंत्री आवास योजना हो या धान खरीदी, किसानों का बोनस तथा महतारी वंदन योजना के तहत महिलाओं के विकास के लिए कार्य करना हो सरकार ने योजनाबद्ध तरीके से कार्य किया है। ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में तेजी से विकास हो रहा है। डोंगरगढ़ शहर को विकास कार्य के लिए अब तक 27.50 करोड़ रूपए प्रदान किए गए है। डोंगरगढ़ का माँ बम्लेश्वरी मंदिर आस्था एवं विश्वास का केन्द्र है। देश भर से दर्शनार्थी एवं श्रद्धालुगण यहां पहुंचते हैं। यहां सुविधाएं बढ़े इसके लिए सरकार प्रतिबद्ध है। विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह एवं सांसद संतोष पाण्डेय ने डोंगरगढ़ में विकास कार्यों को प्राथमिकता दी है। धाम के सर्वांगीण विकास के लिए हरसंभव कार्य किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि हमारा शहर स्वच्छ, सुंदर एवं सुविधापूर्ण बने इसके लिए सभी का योगदान होना चाहिए। डबल इंजन की सरकार विकास के लिए समर्पित है। सांसद संतोष पाण्डेय ने कहा कि माँ बम्लेश्वरी मंदिर प्रांगण में विभिन्न कार्यों का भूमिपूजन किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि इसके पहले 39 करोड़ रूपए की लागत से वाईस एण्ड ब्रिज का निर्माण कराया जा रहा है। 12.5 करोड़ रूपए की लागत से अमृत स्टेशन का निर्माण किया जा रहा है। प्रसाद योजना अंतर्गत 43 करोड़ रूपए की लागत से कैफेटेरिया, मेडिटेशन सेंटर, सोलर यंत्र, श्रीयंत्र सहित विभिन्न दर्शनीय स्थलों का निर्माण किया गया है। जिससे प्रज्ञागिरि एवं बौद्ध तीर्थ स्थल आने वालों की संख्या बढ़ी है। 180 करोड़ रूपए की लागत से राजनांदगांव-डोंगरगढ़ से गोंदिया तक फोर लेन सड़क का निर्माण किया गया है। महापौर मधुसूदन यादव ने कहा कि डोंगरगढ़ में सरकार विकास के क्षेत्र में नया कदम लेकर आयी है। आने वाले समय में नगरीय क्षेत्र में और भी कार्य होंगे। इस अवसर पर महापौर मधुसूदन यादव, नगर पालिका अध्यक्ष रमन डोंगरे, बौद्ध विहार के अध्यक्ष मुन्ना लाल नंदेश्वर, पूर्व विधायक विनोद खांडेकर, पूर्व विधायक रामजी भारती ने भी कार्यक्रम को संबोधित किया। कार्यक्रम में समाजसेवी कोमल सिंह राजपूत, नवनिर्वाचित अध्यक्ष राजगामी संपदा न्यास श्रीमती पूर्णिमा साहू, माँ बम्लेश्वरी मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष मनोज अग्रवाल, मां बम्लेश्वरी ट्रस्ट समिति के उपाध्यक्ष अनील गट्टानी सहित ट्रस्ट समिति के अन्य पदाधिकारी, बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि, अधिकारी एवं नागरिक उपस्थित थे।

# देश की महिलाएं सबसे ज्यादा आर्थिक संकट झेल रही है- आफताब



### केंद्र सरकार जवाब दे, राहत कब मिलेगी

राजनांदगांव (दावा)। छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस के संयुक्त महासचिव आफताब आलम ने कहा कि देश आज महंगाई की भीषण मार झेल रहा है। रसोई गैस, पेट्रोल-डीजल, खाद्य सामग्री, दाल, तेल, दूध और सब्जियों के दाम आसमान छू रहे हैं, लेकिन केंद्र की भाजपा सरकार आम जनता की पीड़ा से पूरी तरह बेपरवाह नजर आ रही है। श्री आलम ने कहा कि यह कांग्रेस का स्पष्ट आरोप है कि यह महंगाई प्राकृतिक नहीं, बल्कि केंद्र सरकार द्वारा बनाई गई आर्थिक आपदा है। जनता की जेब काटकर टैक्स वसूली करना ही वर्तमान सरकार की सबसे बड़ी उपलब्धि बन चुकी है। पेट्रोल-डीजल पर भारी केंद्रीय टैक्स लगाकर सरकार ने महंगाई की आग पूरे देश में फैला दी है, जब कच्चे तेल के अंतर्राष्ट्रीय दाम कम हुए तब जनता को राहत क्यों नहीं दी गई? रसोई गैस की कीमतों ने गरीब और मध्यम वर्ग की रसोई बुझा दी है। आज देश की महिलाएं सबसे ज्यादा आर्थिक संकट झेल रही है।

श्री आलम ने कहा कि आज जनमानस के बीच एक ही सवाल है कि क्या अच्छे दिन का मतलब महंगाई का बोझ है क्या सरकार केवल बड़े उद्योगपतियों के लिए चल रही है। आम आदमी, किसान, मजदूर और युवा आखिर कब तक आर्थिक शोषण सहेंगे। सच्चाई यह है कि केंद्र सरकार की गलत आर्थिक नीतियों, बेरोजगारी और आय घटने के कारण जनता दोहरी मार झेल रही है, कमाई कम, खर्चा ज्यादा है। छत्तीसगढ़ सहित कांग्रेस शासित राज्यों ने यह साबित किया है कि यदि सरकार की नीयत जनता के साथ हो तो राहत संभव है। किसानों को समर्थन, सस्ती बिजली, सामाजिक सुरक्षा और जनकल्याणकारी योजनाओं के माध्यम से जनता को वास्तविक मदद दी जा सकती है। कांग्रेस पार्टी केंद्र सरकार से तत्काल मांग करती है कि पेट्रोल-डीजल व रसोई गैस पर केंद्रीय करों में बड़ी कटौती की जाए। आवश्यक वस्तुओं की कीमत नियंत्रित करने हेतु राष्ट्रीय महंगाई नियंत्रण योजना लागू की जाए। गरीब और मध्यम वर्ग को प्रत्यक्ष आर्थिक राहत पैकेज दिया जाए। बेरोजगार युवाओं के लिए रोजगार सृजन पर तत्काल राष्ट्रीय कार्यक्रम घोषित किया जाए।

# मेडल के साथ आनंद और स्वास्थ्य के लिए भी खेलें खिलाड़ी : प्रशांत महांकर

### क्रीड़ा भारती के राष्ट्रीय संगठन मंत्री का राजनांदगांव प्रवास, बास्केटबॉल खिलाड़ियों और खेल संघों से किया संवाद



राजनांदगांव (दावा)। क्रीड़ा भारती के राष्ट्रीय संगठन मंत्री प्रशांत महांकर एवं प्रांत मंत्री सुमित उपाध्याय अपने एक दिवसीय प्रवास पर संस्कारधानी राजनांदगांव पहुंचे। इस दौरान उन्होंने खिलाड़ियों, विभिन्न खेल संघों के प्रतिनिधियों और संगठन के कार्यकर्ताओं से भेंट कर खेलों के माध्यम से समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने पर चर्चा की। प्रवास की शुरुआत प्रातः क्रीड़ा केंद्र में बास्केटबॉल खिलाड़ियों से मुलाकात के साथ हुई। खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए श्री महांकर ने कहा कि खिलाड़ी अपने नित्य जीवन में योग, प्राणायाम और ध्यान को शामिल करें। इससे न केवल आंतरिक शक्ति मजबूत होगी, बल्कि खेल की क्षमता बढ़ाने में भी सहायता मिलेगी। उन्होंने आह्वान किया कि खिलाड़ियों को केवल मेडल के लिए ही नहीं, बल्कि आनंद और शारीरिक स्वस्थता के लिए भी खेलना चाहिए। प्रवास के दौरान जिला कार्यकारिणी की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में संगठन की आगामी योजनाओं और जमीनी स्तर पर खेल गतिविधियों के विस्तार पर चर्चा हुई। इस अवसर पर आरएसएस जिला संघचालक राधेश्याम शर्मा, जिला अध्यक्ष धीरज कन्नौजे और जिला मंत्री शिवम यादव सहित अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे। अंत में राष्ट्रीय संगठन मंत्री ने शहर के विभिन्न खेल संघों के प्रतिनिधियों से भेंट की। इस संवाद सत्र में रणविजय सिंह, देवेंद्र ठाकुर और अभिषेक सहित अन्य प्रतिनिधि शामिल हुए। श्री महांकर ने समाज में खेल के क्षेत्र में कार्य करने वाले विभिन्न संगठनों का आभार व्यक्त किया और युवाओं को खेलों के प्रति जागरूक करने पर बल दिया। कार्यक्रम में दीपेश पटेल, कोच राजेश्वर राव, श्रीमती राधा राव, बुद्धेश्वर साहू, प्रिंस भाटिया, दुर्गेश यादव, विकास साहू एवं रजत खूंटेल सहित बड़ी संख्या में खेल प्रेमी और कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# जिला शिक्षा विभाग में मनमानी जारी, डीईओ कार्यालय में अटैचमेंट का खेल

राजनांदगांव (दावा)। इन दिनों जिला शिक्षा विभाग कार्यालय अपनी मनमानी की वजह से सुर्खियां बटोर रहा है। जब से यहां प्रभास सिंह बघेल जिला शिक्षा अधिकारी के रूप में पदस्थ हुए हैं तब से यहां लगातार अटैचमेंट समाप्त होने के बजाय जारी है। स्थिति यह है कि जिले के विभिन्न स्कूलों में पदस्थ शिक्षकों को अटैचमेंट कर यहां अधिकारी बनाया गया है जो कि शिक्षकों पर अनावश्यक दबाव एवं झूठे आरोप लगाने का षड्यंत्र रचकर अपना उल्लू सीधा करने से नहीं चुक रहे हैं। लगातार मिल रही शिकायतों के बावजूद इनके विरुद्ध किसी तरह की अनुशासनात्मक कार्रवाई नहीं किया जाना उनका उन पर वरदहस्त प्रदर्शित करता है। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार शिक्षा मंत्री गजेंद्र यादव द्वारा अटैचमेंट समाप्त करने के स्पष्ट निर्देश के बावजूद उनके दिशा निर्देशों की धज्जियां उड़ाई जा रही है। पता चला है कि प्रवास सिंह बघेल मूलतः दुर्ग के निवासी हैं और वह दुर्ग जिले के लोगों को ही संरक्षण देकर अपने इर्द-गिर्द रखे हुए है। बीआरसी छुरिया में लगातार विवादों में रहे मोहला मानपुर के शिक्षक परसराम झाड़े को जिला शिक्षा कार्यालय में पदस्थ किया गया है। जिनकी कार्यशैली यहां भी नहीं सुधरी है। वे अपने अधिकार का दुरुपयोग करते हुए जिले के शासकीय शालाओं का निरीक्षण कर प्राचार्यो व प्रधानपाठकों के खिलाफ गलत रिपोर्ट प्रस्तुत कर उनकी छवि बिगाड़ने की कोशिश करते हैं। यही नहीं डीईओ के नाम पर उन्हें आदेश निर्देश भी देते हैं, यह आपत्ति जनक है। इसी तरह डीईओ कार्यालय में अनेक अपात्र लोगों को रखा गया हैं। इसमें समय रहते सुधार की जरूरत है। वरना शिक्षा विभाग अवैध वसूली का अड्डा बन जाएगा। जहां सरकारी धनराशि का बंदरबांट रोकना कठिन होगा।

# वाणी दोष से मिलेगी मुक्ति : राजनांदगांव में 14 मई से नि:शुल्क स्पीच थेरेपी मेगा शिविर



### श्री अग्रवाल सभा की अनूठी पहल : 3 से 40 वर्ष तक के व्यक्तियों के तोतलेपन का होगा सफल उपचार

राजनांदगांव (दावा)। नगर की प्रतिष्ठित सेवाभावी संस्था श्री अग्रवाल सभा, अग्रवाल महिला मंडल एवं नवयुवक मंडल के संयुक्त तत्वावधान में तोतलेपन की समस्या से जूझ रहे बच्चों और युवाओं के लिए 42वां नि:शुल्क स्पीच थेरेपी शिविर आयोजित किया जा रहा है। संस्कारधानी में आयोजित होने वाला यह तीसरा मेगा शिविर 14 से 17 मई (रविवार) तक चलेगा।

### आवाज बुलंद करने का सुनहरा अवसर

अग्र सेवा सोसायटी रायपुर के सहयोग से आयोजित इस शिविर में वैज्ञानिक पद्धति से तोतलेपन का उपचार किया जाएगा। आयोजक सत्यनारायण मित्तल ने बताया कि इस शिविर का लाभ सभी जाति, समाज और समुदाय के लोग उठा सकते हैं। यह शिविर केवल तोतलेपन के लिए है। मूक-बधिर एवं मंदबुद्धि बच्चों के लिए संपर्क न करें। पंजीयन रायपुर मुख्यालय से फॉर्म और टाइम-टेबल बनाने हेतु 12 मई तक कराना अनिवार्य है। व्हाट्सएप नंबर 9826183171 पर बच्चे का नाम, उम्र, कक्षा, जाति, माता-पिता का नाम और पूरा पता भेजें। शिविर में बच्चे की एक फोटो साथ लाना आवश्यक है। संस्था ने स्पष्ट किया है कि शिविर का लाभ लेने के लिए प्रतिभागी को चारों दिन (14, 15, 16 और 17 मई) अनिवार्य रूप से उपस्थित रहना होगा। बाहर से आने वाले लोगों के लिए भवन में रुकने की व्यवस्था उपलब्ध हो सकती है (इसके लिए पहले आवेदन देना होगा)। भोजन की व्यवस्था स्वयं करनी होगी। क्लास के समय फोन कॉल न करें। पंजीयन पहले आओ, पहले पाओ के आधार पर किया जाएगा। सत्यनारायण मित्तल, अग्र सेवा सोसायटी ने कहा कि बच्चे देश का भविष्य हैं। उनकी आवाज की रुकावट को दूर कर उन्हें आत्मविश्वास देना ही हमारा मुख्य उद्देश्य है। इस समाचार को जरूरतमंदों तक पहुंचाकर पुण्य के भागी बनें।

# खेत में मिला लापता बुजुर्ग महिला का शव, क्षेत्र में फैली सनसनी



### मानसिक रूप से विक्षिप्त थी मृतिका, कोरोना काल में पति को खोने के बाद से थी अकेली

गंडई-पंडरिया (दावा)। गंडई थाना क्षेत्र के अंतर्गत धमधा-दुर्ग रोड पर स्थित जैन दाल मिल के पास एक खेत में शुक्रवार को एक वृद्ध महिला का सड़ा-गला शव मिलने से हड़कंप मच गया। मृतिका की पहचान ग्राम लावातरा (सुकतरा) निवासी दुलारी बाई नेताम (62 वर्ष) के रूप में हुई है। वह पिछले तीन दिनों से लापता थी। गंडई पुलिस के अनुसार शुक्रवार दोपहर करीब 2:30 बजे खेत में शव होने की सूचना मिली थी। सहायक उप निरीक्षक चेतन नेताम के नेतृत्व में पुलिस टीम मौके पर पहुंची। शव की स्थिति काफी खराब हो चुकी थी। शिनाख्त के दौरान टिकरीपारा निवासी बेलसिया छेदैया ने मृतिका की पहचान अपनी चाची के रूप में की। परिजनों ने बताया कि दुलारी बाई 28 अप्रैल को घर से निकली थी, जिसके बाद वह वापस नहीं लौटी।

### 15 साल से मानसिक रूप से थी अस्वस्थ

परिजनों से मिली जानकारी के अनुसार, मृतिका दुलारी बाई का जीवन काफी संघर्षपूर्ण था। कोरोना काल के दौरान उनके पति गंगूराम नेताम का निधन हो गया था। महिला की कोई संतान नहीं थी और पिछले 10-15 वर्षों से उनकी मानसिक स्थिति ठीक नहीं थी। महिला अक्सर गंडई थाने के सामने स्थित यादव होटल में बैठा करती थी। होटल संचालक हेमंत यादव ने बताया कि वह महिला को चाय-नाश्ता कराते थे। जिससे वह कभी भूखी नहीं रहती थी। उन्होंने यह भी गौर किया था कि पिछले 3-4 दिनों से महिला होटल नहीं आई थी। वह अक्सर सड़कों के किनारे धूल-मिट्टी साफ करती नजर आती थी। जिससे नगरवासी उन्हें पहचानते थे।

### पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंपा शव

चूंकि शव दो दिन पुराना था और सड़ने लगा था, इसलिए उसे विस्तृत जांच के लिए जिला मेडिकल कॉलेज राजनांदगांव भेजा गया। पुलिस ने पोस्टमार्टम की प्रक्रिया पूरी करने के बाद शव परिजनों को सौंप दिया है। फिलहाल पुलिस मर्ग कायम कर मामले की जांच कर रही है ताकि मौत के सटीक कारणों का पता चल सके।

## रायपुर, दुर्ग और भाटापारा रूट की कई ट्रेनें रद्द

रायपुर। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे रायपुर मंडल के निपनिया-भाटापारा सेक्शन में रोड अंडरब्रिज निर्माण किया जा रहा है। इसलिए कुछ यात्री गाड़ियों का परिचालन प्रभावित रहेगा। तीन और छह मई को रेलवे ने कई रेलगाड़ियों को रद्द किया है। रद्द की जाने वाली रेलगाड़ियों में ज्यादातर मेमू पैसेंजर हैं। वहीं कुछ पैसेंजर भी रद्द की गई हैं। झारसुगुड़ा से चलने वाली 68862 झारसुगुड़ा-गोंदिया मेमू पैसेंजर बिलासपुर में समाप्त होगी तथा बिलासपुर एवं गोंदिया के बीच रद्द रहेगी। गोंदिया से चलने वाली 68861 गोंदिया-झारसुगुड़ा मेमू पैसेंजर बिलासपुर स्टेशन से प्रारंभ होगी तथा गोंदिया एवं बिलासपुर के बीच रद्द रहेगी।

# बोरे-बासी दिवस पर गरजे दीपक बैज : कहा- यह छत्तीसगढ़िया स्वाभिमान और श्रम का प्रतीक

### जिला अध्यक्ष विपिन यादव के नेतृत्व में भव्य आयोजन, प्रदेश अध्यक्ष ने भाजपा सरकार को भ्रष्टाचार और महंगाई पर घेरा



राजनांदगांव (दावा)। मजदूर दिवस के अवसर पर राजनांदगांव जिले के ग्राम खुर्शीटीकुर स्थित आमबगीचा में बोरे-बासी कार्यक्रम का गरिमामयी आयोजन किया गया। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज की मुख्य आतिथ्य में आयोजित इस कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ की परंपरा, श्रम संस्कृति और कांग्रेस की जनसंवेदनशील विचारधारा का अनूठा संगम देखने को मिला। दीपक बैज के जिले में प्रवेश करते ही टेड़ेसरा में जिला कांग्रेस अध्यक्ष विपिन यादव के नेतृत्व में सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने उनका भव्य स्वागत किया। इसके पश्चात सीआईटी चौक पर शहर अध्यक्ष जितेंद्र मुदलियार, जंगलपुर में महेंद्र यादव, अर्जुनी में विभा साहू और डोंगरगांव में विधायक दलेश्वर साहू के नेतृत्व में जोरदार अभिनंदन हुआ। खुर्शीटीकुल चौक पर युवा कांग्रेस अध्यक्ष विनोद मंडलोई की अगुवाई में बाइक रैली के साथ प्रदेश अध्यक्ष को कार्यक्रम स्थल तक लाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत छत्तीसगढ़ महतारी के पूजन से हुई। दीपक बैज ने उपस्थित श्रमिकों को माला पहनाकर और गमछा भेंट कर सम्मानित किया। कार्यक्रम के अंत में सभी नेताओं और कार्यकर्ताओं ने एक साथ बैठकर छत्तीसगढ़ी पारंपरिक व्यंजन बोरे-बासी का सेवन कर श्रमिक एकजुटता का संदेश दिया।

### सरकार पर तीखा प्रहार : भ्रष्टाचार और महंगाई से जनता त्रस्त

अपने संबोधन में दीपक बैज ने भाजपा सरकार पर कड़ा प्रहार किया। उनके भाषण के मुख्य अंश जिसमें उन्होंने कहा कि सरकारी खरीद में भारी भ्रष्टाचार हो रहा है। आंगनबाड़ी बहनों की साड़ी खरीदी से लेकर महिला एवं बाल विकास विभाग में कई अनियमितताएं सामने आ रही हैं। चुनाव में 500 रुपये में गैस सिलेंडर का वादा करने वाली सरकार अब कीमतें बढ़ाकर जनता पर बोझ डाल रही है। बैज ने महिला आरक्षण कानून को महिला आरक्षण इंतजार विधेयक बताते हुए कहा कि केंद्र सरकार परिसीमन के नाम पर इसे जानबूझकर टाल रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि धान खरीदी के दौरान भौतिक सत्यापन के नाम पर किसानों को अपमानित और परेशान किया गया। जिला अध्यक्ष विपिन यादव ने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के नेतृत्व में शुरू हुई बोरे-बासी की यह परंपरा आज छत्तीसगढ़िया अस्मिता की पहचान बन चुकी है। विधायक भोलाराम साहू, दलेश्वर साहू, हर्षिता बघेल और पूर्व मंत्री धनेश पाटिला ने भी छत्तीसगढ़ की संस्कृति और श्रमिकों के योगदान पर अपने विचार रखे। कार्यक्रम में प्रदेश महामंत्री शाहिद भाई, थानेश्वर पाटिला, नवाज खान, पदम कोठारी, भागवत साहू, मेहुल मारु, पूर्व महापौर हेमा देशमुख, संतोष पिल्ले सहित बड़ी संख्या में जिला एवं ब्लॉक कांग्रेस के पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित रहे। कार्यक्रम का सफल संचालन महामंत्री राहुल तिवारी ने किया।

# भाजपा महिला मोर्चा की जिला कार्यकारिणी घोषित : संगठन की मजबूती के लिए नई टीम को मिली कमान

### जिलाध्यक्ष कोमल सिंह राजपूत की अनुशंसा पर पुष्पा गायकवाड़ ने जारी की सूची, जमीनी कार्यकर्ताओं को मिली तरजीह





राजनांदगांव (दावा)। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव, भाजपा प्रदेश महामंत्री संगठन पवन साय, महिला मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष श्रीमती विभा अवस्थी के मार्गदर्शन एवं जिला प्रभारी के निर्देशानुसार भाजपा जिलाध्यक्ष कोमल सिंह राजपतू के अनुशंसा से जिला अध्यक्ष महिला मोर्चा श्रीमती पुष्पा गायकवाड़ द्वारा जिला कार्यकारिणी की घोषणा की जो निम्नानुसार है। कार्यकारिणी सदस्य- श्रीमती द्रोपदी मंडावी छुरिया, श्रीमती पूर्णिमा साहू सुंदरा, श्रीमती प्रभा साहू रींवागहन, श्रीमती पुष्पलता वैष्णव लाल बहादुर नगर, श्रीमती अंजु साहू भाटागांव, श्रीमती भारती सिन्हा लाल बहादुर नगर, श्रीमती उषा सिन्हा लाल बहादुर नगर, श्रीमती सविता दरगड डोंगरगढ़, श्रीमती शांति निर्मलकर घुमका, श्रीमती भारती देवांगन कुमर्दा, श्रीमती दीपा साहू भोथीपार खुर्द, श्रीमती प्रेमलता साहू भंवरमरा, श्रीमती कामिनी साहू परमालकसा, श्रीमती पार्वती नेताम भुर्सितोला, श्रीमती गोदावरी निषाद बागरेकसा, श्रीमती तिजेश्वरी साहू तोरणकट्टा, श्रीमती धनमत वर्मा घुमका, श्रीमती संध्या सिंदे छुरिया, श्रीमती अमिला बाई देवांगन मेढ़ा, श्रीमती गिरजावती कंवर नवागांव, श्रीमती रेशमा कांवर लाल बहादुर नगर, श्रीमती काजल साहू कन्हारपुरी, श्रीमती प्रतिभा साहू कन्हारपुरी, श्रीमती जमुना साहू राजनांदगांव, श्रीमती दीप्ती साहू कन्हारपुरी, श्रीमती पम्पा साहू राजनांदगांव, श्रीमती संगीता शुक्ला, श्रीमती अनिता इंदुलकर डोंगरगढ़, श्रीमती भारती देवांगन सोमनी, श्रीमती लक्ष्मी मंडावी मानिकपुर, श्रीमती किरण साहू हालेकोसा, श्रीमती काजल ध्रुवे चिखलाकसा, श्रीमती ज्योति बड़वाईक डोंगरगढ़, श्रीमती पूनम शर्मा, श्रीमती राधा कोटले डोंगरगढ़, श्रीमती अर्पणा तिवारी डोंगरगांव, श्रीमती सावित्रि रजक डोंगरगढ़, श्रीमती निर्मला वर्मा डोंगरगढ़, श्रीमती कुन्ती साहू खुर्शीपार, श्रीमती जमुना साहू लाल बहादुर नगर को नियुक्त किया गया है। वहीं स्थायी आमंत्रित सदस्य- श्रीमती सरोजिनी बंजारे ठेलकाडीह, श्रीमती किरण वैष्णव छुरिया, श्रीमती किरण साहू डोंगरगढ़, श्रीमती गीता साहू जोशीलमती, श्रीमती पूर्णिमा साहू रेवाडीह, श्रीमती डॉ. रेखा मेश्राम राजनांदगांव, श्रीमती आभा तिवारी, श्रीमती अंजू त्रिपाठी डोंगरगांव, श्रीमती जागृति यदु डोंगरगांव, श्रीमती देवकुमारी साहू राजनांदगांव, श्रीमती किरण बारले घुमका, श्रीमती अनीता ठाकुर डोंगरगढ़, श्रीमती बिरम मंडावी छुरिया, श्रीमती शीला सिन्हा जोरातराई, श्रीमती सुषमा कोठारी डोंगरगढ़, श्रीमती एकता अग्रहरि, श्रीमती पुष्पलता गंधर्व, सुश्री मणिभास्कर गुप्ता, सुश्री माधुरी जैन, श्रीमती प्रतिमा चन्द्राकर राजनांदगांव, श्रीमती लता अजय सिन्हा, श्रीमती रंजीता पडौती डोंगरगढ़, श्रीमती अनिता सिन्हा डोंगरगांव, श्रीमती शीला चौहान, श्रीमती संगीता वैष्णव कशारी, श्रीमती इंदुमति साहू पैरी (डोंगरगांव) को लिया गया है।

विशेष आमंत्रित सदस्य- श्रीमती देवबती साहू राजनांदगांव, श्रीमती आशा वर्मा घुमका, श्रीमती शोभा चोपड़ा राजनांदगांव, श्रीमती प्रतीक्षा भंडारी राजनांदगांव, श्रीमती सविता जैन डोंगरगांव, श्रीमती टोमिन लाउत्रे डीलापहरी, श्रीमती शालू वर्मा राजनांदगांव, श्रीमती उषा साहू राजनांदगांव, श्रीमती पुष्पा उईके पनेका, श्रीमती भाग बती निषाद बांकल, श्रीमती छाया तिवारी राजनांदगांव, श्रीमती भारती खुटेल डोंगरगढ़, श्रीमती रामेश्वरी निर्मलकर खुटेरी, श्रीमती पूर्णिमा शांडिल्य तुमड़ीबोड़, श्रीमती सुजाता साहू डोंगरगढ़, श्रीमती खेमिन साहू महुवाभांठा, श्रीमती चुन्नी यदु हलदी, श्रीमती रेवती बघेल घुमका को बनाया गया है।

## अनमोल दावा

> समय सबसे बड़ा शिक्षक है, हर अनुभव कुछ सिखाता है।

## 'बगिया के विष्णु' का विकास विज़न-सुशासन से जन-जन तक पहुंचती सरकार

छत्तीसगढ़ में बीते लगभग ढाई वर्षों में शासन की कार्यशैली को लेकर एक नई परिभाषा गढ़ने की कोशिश दिखाई देती है। विष्णु देव साय के नेतृत्व में राज्य सरकार ने सुशासन को केवल एक नारा नहीं, बल्कि जमीनी क्रियान्वयन का आधार बनाने की दिशा में कदम बढ़ाए हैं। सीमित समयावधि करीब 2 वर्ष 4 माह 17 दिन में ही सरकार ने विकास का जो खाका तैयार किया है, उसे भविष्य की बड़ी तस्वीर के रूप में देखा जा रहा है।

प्रदेश की पहचान 'धान का कटोरा' के रूप में रही है, लेकिन इस पहचान को सम्मान देने का काम हालिया नीतिगत निर्णयों में स्पष्ट दिखता है। किसानों से प्रति एकड़ 21 क्विंटल धान की खरीदी और 3100 रुपये प्रति क्विंटल की दर तय करना केवल आर्थिक निर्णय नहीं, बल्कि अन्नदाताओं के आत्मविश्वास को मजबूत करने की पहल भी है। इसके साथ ही, तेंदूपत्ता संग्राहकों जिन्हें 'हरा सोना' से जुड़ा श्रमिक वर्ग कहा जाता है, के लिए पारिश्रमिक दर को 5500 रुपये करना और चरण पादुका वितरण जैसे निर्णयों ने आदिवासी क्षेत्रों में राहत पहुंचाई है।

मुख्यमंत्री पद की शपथ लेते ही लगभग 18 लाख प्रधानमंत्री आवासों की स्वीकृति देना सरकार की प्राथमिकताओं को दर्शाता है। बेघर और जरूरतमंद परिवारों को छत उपलब्ध कराना सुशासन की पहली सीढ़ी के रूप में देखा गया।राज्य सरकार ने 70 लाख से अधिक विवाहित महिलाओं के खातों में प्रतिमाह 1000 रुपये की सहायता राशि देने की पहल की। यह राशि भले सीमित लगे, लेकिन ग्रामीण और जरूरतमंद परिवारों के लिए यह आर्थिक संबल का काम कर रही है। यह कदम महिलाओं की सामाजिक और आर्थिक भागीदारी को बढ़ाने की दिशा में महत्वपूर्ण माना जा रहा है।

लंबे समय तक नक्सलवाद से प्रभावित रहे बस्तर क्षेत्र में शांति स्थापित करने की दिशा में केंद्र और राज्य के संयुक्त प्रयासों ने असर दिखाया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह की रणनीति और संकल्प के साथ 31 मार्च 2026 तक नक्सलमुक्ति का लक्ष्य एक बड़े बदलाव का संकेत देता है। इससे विकास कार्यों को गति मिलने की उम्मीद बढ़ी है।

विष्णु देव साय सरकार ने युवाओं के लिए पारदर्शी भर्ती प्रक्रिया सुनिश्चित करने के उद्देश्य से छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग से जुड़े मामलों में जांच कराना सरकार के जवाबदेही वाले दृष्टिकोण को दर्शाता है। साथ ही, खेल गतिविधियों विशेषकर बस्तर व सरगुजा ओलंपिक जैसे आयोजनों के माध्यम से स्थानीय प्रतिभाओं को मंच प्रदान किया गया है।

विगत वर्ष आयोजित 'सुशासन तिहार' को इस वर्ष भी 1 मई से 10 जून तक आयोजित किया जा रहा है। इसका उद्देश्य योजनाओं की जमीनी हकीकत को परखना, नागरिकों की समस्याओं का त्वरित समाधान करना और प्रशासन को सीधे जनता से जोड़ना है। नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र और राज्य के समन्वय को डबल इंजन सरकार के रूप में प्रस्तुत किया जा रहा है। राज्य सरकार का मानना है कि इस समन्वय से विकास योजनाओं को गति मिली है और इसका लाभ प्रदेश के लगभग तीन करोड़ नागरिकों तक पहुंच रहा है।

'बगिया के विष्णु' के रूप में पहचाने जाने वाले मुख्यमंत्री साय ने प्रदेश के दूरस्थ क्षेत्रों ईब से इंद्रावती तक विकास का जो रोडमैप तैयार किया है, वह समावेशी विकास की अवधारणा को दर्शाता है। लक्ष्य स्पष्ट है, अंतिम छोर के अंतिम व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंचाना।

छत्तीसगढ़ में सुशासन की यह यात्रा अभी प्रारंभिक चरण में है, लेकिन दिशा स्पष्ट दिखाई देती है। सरकार की प्राथमिकताओं में किसान, महिला, आदिवासी, युवा और ग्रामीण समाज केंद्र में हैं। आने वाले समय में यह देखना महत्वपूर्ण होगा कि ये नीतियां किस तरह स्थायी बदलाव का रूप लेती हैं, लेकिन फिलहाल इतना तय है कि विकास की यह कहानी गति पकड़ चुकी है।

# आईसीयू के अमानवीय एवं अनैतिक पक्षों की निगरानी जरूरी



-: ललित गर्ग :-

देश में स्वास्थ्य सेवा की वर्तमान स्थिति पर विचार करते समय एक अत्यंत चिंताजनक, मानवीय और संवेदनशील प्रश्न सामने आता है-क्या चिकित्सा अब सेवा न रहकर व्यवसाय का कठोर रूप एवं एक त्रासदी बनती जा रही है? विशेष रूप से निजी अस्पतालों के आईसीयू (गहन चिकित्सा कक्ष) से जुड़े मामलों ने इस प्रश्न को और अधिक तीखा बना दिया है। ऐसे अनेक उदाहरण सामने आए हैं। जहां मरीज के चिकित्सकीय रूप से स्थिर हो जाने के बावजूद उसे आईसीयू में रोके रखा जाता है। इसके पीछे का कारण अक्सर चिकित्सा की अनिवार्यता नहीं, बल्कि आर्थिक लाभ की निरंतर चलती प्रक्रिया होती है। यह स्थिति न केवल चिकित्सा के नैतिकता एवं सेवाभावना पर प्रश्नचिह्न लगाती है, बल्कि मानवता की मूल संवेदनाओं को भी झकझोरती है। हाल ही में सर्वोच्च न्यायालय द्वारा आईसीयू के लिए एकसमान दिशानिर्देशों की आवश्यकता पर बल देना इस गंभीर समस्या की स्वीकारोक्ति भी है और समाधान की दिशा में एक सार्थक पहल भी। न्यायालय ने स्पष्ट किया है कि जो मरीज चिकित्सकीय रूप से स्थिर हो चुके हैं या जिन्हें गहन निगरानी अथवा जीवन रक्षक उपकरणों की आवश्यकता नहीं है, उन्हें अनावश्यक रूप से आईसीयू में नहीं रखा जाना चाहिए। यह निर्देश केवल प्रशासनिक नहीं, बल्कि गहरे नैतिक आधार पर टिका हुआ है। यह हमें याद दिलाता है कि चिकित्सा का मूल उद्देश्य जीवन की रक्षा और पीड़ा का निवारण है, न कि आर्थिक लाभ का अधिकतमकरण।

सही मायनों में सुप्रीम कोर्ट के ये दिशानिर्देश एक सरल व सामान्य सिद्धांत की पुष्टि करते हुए इस विसंगति को दूर करने का प्रयास करते हैं कि किसी भी अस्पताल का आईसीयू मरीज की अनिश्चितकालीन देखभाल के लिए नहीं होता है। इन दिशानिर्देशों में यह निर्दिष्ट किया गया है कि चिकित्सकीय रूप से स्थिर हो चुके या जिन मरीजों के अंगों को बाहरी सहायता अथवा शारीरिक निगरानी की आवश्यकता नहीं होती, उन्हें अस्पताल से छुट्टी दे दी जानी चाहिए। इससे भी महत्वपूर्ण बात यह है कि शीर्ष अदालत ने समस्या के यथाशीघ्र समाधान की जरूरत पर बल दिया है। अदालत ने डॉक्टरों की प्रतिष्ठा को संरक्षित करते हुए चिकित्सा संस्थानों व अस्पतालों की जवाबदेही सुनिश्चित करने पर बल दिया है। निश्चित तौर पर आधुनिक चिकित्सा खर्चीली हो गई और बेहतर सुविधाओं के लिए बड़ी रकम चुकानी होती है। लेकिन इस व्यवस्था में सेवा का भाव न होकर व्यवसाय की भावना का अधिक होना चिन्ताजनक है। इसी के कारण इसमें अनेक विसंगतियां एवं क्रूरताएं व्याप्त होती जा रही है। इसके नियमन का कार्य यूं तो देश के नीति-नियंताओं और शासन-प्रशासन को करना चाहिए था। लेकिन विडंबना यह है कि अदालत को ऐसे मामलों में पहल करनी पड़ती है।



हाल ही में सर्वोच्च न्यायालय द्वारा एक समान गहन चिकित्सा ईकाई दिशानिर्देशों की जरूरत बताना विसंगतियों से जूझती आईसीयू प्रणाली के लिए एक आशा की किरण लेकर आई है। वास्तव में आईसीयू एक विशेष सुविधा है, जिसका उपयोग केवल उन मरीजों के लिए होना चाहिए जिनकी स्थिति गंभीर हो और जिन्हें निरंतर निगरानी या अत्याधुनिक उपकरणों की आवश्यकता हो। किंतु जब इस सुविधा का उपयोग लाभ कमाने के साधन के रूप में होने लगे, तब यह व्यवस्था एक प्रकार की अमानवीयता में परिवर्तित हो जाती है। गरीब और मध्यमवर्गीय परिवारों के लिए आईसीयू का खर्च अक्सर असहनीय होता है। एक दिन का खर्च हजारों से लेकर लाखों तक पहुंच सकता है। ऐसे में यदि मरीज को अनावश्यक रूप से वहां रोका जाता है, तो यह केवल आर्थिक शोषण नहीं, बल्कि मानसिक और सामाजिक उत्पीड़न भी है। यह स्थिति इसलिए भी जटिल हो जाती है क्योंकि आमजन को चिकित्सा प्रक्रियाओं की गहन जानकारी नहीं होती। मरीज के परिजन डॉक्टरों और अस्पताल प्रबंधन के निर्देशों पर पूरी तरह निर्भर होते हैं। इस निर्भरता का दुरुपयोग तब होता है। जब पारदर्शिता का अभाव होता है। कई बार मरीज को वास्तविक स्थिति से अवगत नहीं कराया जाता और उसे आईसीयू में बनाए रखने के निर्णय को अंतिम सत्य की तरह प्रस्तुत कर दिया जाता है। इस प्रकार एक अस्पष्टता का वातावरण बनता है। जिसमें सत्य और लाभ के बीच की रेखा धुंधली हो जाती है।

यदि हम इस समस्या की जड़ में जाएं, तो पाएंगे कि यह केवल अस्पतालों या डॉक्टरों तक सीमित नहीं है, बल्कि यह एक व्यापक व्यवस्थागत विफलता का परिणाम है। आजादी के बाद शिक्षा और स्वास्थ्य जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्रों को सरकार के अधीन रखकर यह अपेक्षा की गई थी कि ये क्षेत्र जनसेवा के आदर्श उदाहरण बनेंगे। किंतु समय के साथ आर्थिक उदारीकरण और निजीकरण के प्रभाव ने इन क्षेत्रों की दिशा बदल दी। शिक्षा जहां एक महंगा व्यवसाय बन गई। वहीं चिकित्सा सेवा भी धीरे-धीरे लाभ कमाने का माध्यम बनती चली गई। यह कहना अनुचित नहीं होगा कि आज चिकित्सा क्षेत्र में एक प्रकार की 'व्यावसायिक प्रतिस्पर्धा' चल रही है। जिसमें मरीज एक ग्राहक की तरह देखा जाने लगा है। बड़े-बड़े निजी अस्पताल आधुनिक सुविधाओं से लैस होकर तेजी से बढ़ रहे हैं, जो एक दृष्टि से सकारात्मक है, लेकिन जब इन सुविधाओं का उपयोग केवल आर्थिक लाभ के लिए होने लगे, तब यह चिंता का विषय बन जाता है। अस्पतालों की संख्या बढ़ना अच्छा है, लेकिन उनकी कार्यप्रणाली में लोभ की प्रवृत्ति का बढ़ना जहां गहन घातक है। वही उसमें मानवीय संवेदना और नैतिकता का समावेश होना अधिक आवश्यक है।

इसी संदर्भ में सर्वोच्च न्यायालय के दिशानिर्देश एक आशा की किरण के रूप में सामने आते हैं। इन दिशानिर्देशों में न केवल मरीजों के अधिकारों की रक्षा की बात की गई है, बल्कि अस्पतालों की जवाबदेही भी सुनिश्चित करने का प्रयास किया गया है। नर्स और मरीज के अनुपात, विशेषज्ञों की उपलब्धता, बुनियादी ढांचे और प्रशिक्षण जैसे पहलुओं पर ध्यान केंद्रित करना इस दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। यह प्रयास स्वास्थ्य सेवा को अधिक पारदर्शी, जवाबदेह और न्यायसंगत बनाने की दिशा में मार्ग प्रशस्त कर सकता है। किन्तु यह भी उतना ही सत्य है कि किसी भी नीति या दिशानिर्देश की सफलता उसके प्रभावी क्रियान्वयन पर निर्भर करती है। भारत में अनेक बार देखा गया है कि अच्छे इरादों से बनाई गई योजनाएं केवल कागजों तक सीमित रह जाती हैं। यदि इन दिशानिर्देशों का पालन भी आधे-अधूरे मन से किया गया, तो यह प्रयास भी अपने उद्देश्य को प्राप्त नहीं कर पाएगा। इसके लिए राजनीतिक इच्छाशक्ति, पर्याप्त वित्तीय संसाधन और मजबूत प्रशासनिक ढांचे की आवश्यकता होगी। साथ ही यह भी आवश्यक है कि इस पूरी प्रक्रिया में मानवीय दृष्टिकोण को केंद्र में रखा जाए। आईसीयू में लंबे समय तक भर्ती रहना केवल आर्थिक बोझ नहीं, बल्कि मानसिक पीड़ा का भी कारण होता है। मरीज और उसके परिवार दोनों ही एक अनिश्चितता और भय के वातावरण में जीते हैं। ऐसे में यदि मरीज को उसकी वास्तविक आवश्यकता के अनुसार उचित वार्ड में स्थानांतरित किया जाता है, तो यह न केवल खर्च को कम करता है, बल्कि उसे मानसिक राहत भी प्रदान करता है। वर्ष 2047 तक एक विकसित और सशक्त भारत का सपना देखते हुए हमें यह सुनिश्चित करना होगा कि हमारी स्वास्थ्य व्यवस्था केवल तकनीकी रूप से उन्नत ही न हो, बल्कि नैतिक और मानवीय दृष्टि से भी समृद्ध हो। चिकित्सा सेवा का मूल स्वरूप करुणा, सेवा और संवेदना पर आधारित होना चाहिए। यदि यह आधार कमजोर हो जाता है, तो सारी आधुनिकता और प्रगति भी अधूरी रह जाती है। अंततः यह कहा जा सकता है कि आईसीयू से जुड़े दिशानिर्देश केवल एक प्रशासनिक सुधार नहीं, बल्कि एक नैतिक पुनर्जागरण का संकेत हैं। यह हमें यह सोचने के लिए प्रेरित करते हैं कि क्या हम वास्तव में एक ऐसी स्वास्थ्य व्यवस्था का निर्माण कर रहे हैं, जो मानवता के मूल्यों के अनुरूप हो। यदि इस दिशा में ठोस और ईमानदार प्रयास किए गए, तो निश्चित रूप से यह पहल भारत की स्वास्थ्य प्रणाली को अधिक संवेदनशील, पारदर्शी और न्यायसंगत बनाने में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती है।

लेखक, पत्रकार, स्तंभकार
ई-253, सरस्वती कुंज अपार्टमेंट
25 आई. पी. एक्सटेंशन, पटपड़गंज,
दिल्ली-110092, मो. 9811051133

## विचार सरिता

# जीवन कौशल : बोलने के साथ-साथ सुनने की भी आदत डालें, तब स्वीकारे जाएंगे

डॉ. योगेंद्र कुमार पांडेय



लोक व्यवहार में जब सामूहिक चर्चा होती है, तो अनेक लोगों के विचार एक साथ प्राप्त हो जाते हैं। ऐसे में किसी निश्चित धारणा या निष्कर्ष पर पहुँचना आसान हो जाता है। यहाँ तक तो बात ठीक है। समस्या तब आती है, जब सभी एक साथ बोलने लगते हैं। ऐसे में कोई किसी की बात ठीक से नहीं सुन पाता है। इस शोरगुल के कारण कोई तार्किक निष्कर्ष नहीं निकल पाता है। ऐसे में जो सही बात उभरकर सामने आनी थी, वह कुतर्कों में दबकर रह जाती है।

ऐसे भटके वार्तालाप के परिणामस्वरुप लोगों में मनमुटाव का होना भी स्वाभाविक है। आखिर इसका समाधान क्या हो? इसका उपाय यही है कि मनुष्य बोलने के साथ-साथ सुनने की भी आदत डाले।

वह अन्य लोगों को भी बोलने का अवसर दे। यह हो सकता है कि सामने वाले व्यक्ति के विचार उपयोगी न हों पर सभा धर्म और सद्भावना तो यही है कि सभी को बोलने का अवसर मिले। अगर एक ही व्यक्ति बोलता रहे, तो अन्य अच्छे विचारों के उभरने की संभावना शून्य हो जाती है। कभी-कभी जिस व्यक्ति को हम अधिक महत्व नहीं देते हैं, उनसे ऐसे अद्भुत विचार प्राप्त हो जाते हैं, जिनसे किसी आसन्न समस्या का बढ़िया समाधान हो सकता है।

जब सार्वजनिक चर्चा किसी समस्या के समाधान के लिए होती है,तो उसे सार्थक बनाने के लिए बीच-बीच में यह अवश्य पूछा जा सकता है कि क्या किसी के पास इसका सबसे बेहतर हल है? इससे बात सार्थक दिशा में आगे बढ़ सकती है। सभा धर्म तो यही है कि हम अपना अहंकार छोड़कर दूसरों को सुनने के लिए भी तत्पर रहें।

## कविता

### मैं मजदूर आंव

हाथ में मोर फोरा परे हे, छाती में परे हे घाव,
मैं मजदूर आंव।
मैं मेहनत कस मजदूर आंव।।
धरती के छाती ल चीर के,
पियासा बर निकालथंव पानी
कोइला लोहा, कस तन हे मोर,
पथरा कस जवानी।
बंजर भुंइया में सोना उपजाथों इही मोर कहानी,
लोहा पथरा ला बना देंथव मैं हा पानी-पानी।
फेर भी कोन्हों पुछैया नइहे,
खांव हंव, के नइ खांव।
मैं मजदूर आंव...
कांटा- खूंटी गड़ -गड़ के
रद्दा-सड़क बनाथों
तीपत भोंभरा गोड़ ल जरथे
मुंह ले उफ नी कर जाथंव
तरवा के चूहथे कारी पसीना
लथपथ मैं हो जाथंव

तभो ले अपन मेहनत ले
कभु मैं जीव नी चोराथव
फेर भी नइ मिले मोर मेहनत के, मनके,
उचित भाव।।
मैं मजदूर आंव...
घानी कस बइला, फंदाए रहिथंव,
जांगर टोर कमाथंव।
बारिस-पानी, घाम नी देखंव,
मेहनत ला देवता बनाथंव।
बासी चटनी खाथंव
मजबूत बनाय हो तन ला
मोर जब्बर मेहनत के कारण
जीते हंव सब के मन ला।
काम-बूता में, मैं नइ देखंव
छांव हे कि नी छांव।।
मैं मजदूर आंव....

मन रहिथे मोर हरियर- फरियर,
सबके दुख ह जनाथे।
वाह रे; भगवान तोर किरपा ह,
हमर तीर काबर नी आथे?
कतको कमा लें, कतको धमा लेन,
रहिथन जुच्छा के जुच्छा,
एखरे सेती कोई नहीं करे,
हमरो पुच्छी के पुच्छा बिन पुछंता के परे हवन
कतका बिखेद बतांव।
मैं मजदूर आंव, मेहनत कस मजदूर आंव।।



अलख राम 'राउत'
बिसाहूटोला



## सामयिक चर्चा

### उनके पास कैफियत, हमारे पास हैसियत

बार-बार बिजली बंद होने से परेशान
गृहस्थ गिरधारी बोले - ''बानी!
अभी उस दिन बिजली वालों ने
मेनटेनेन्स के नाम से रखा
दिन भर बिजली बन्द
हम बैठे रहे परेशान
हवा आने के लिए खिड़कियाँ खोल।
पर अब मेनटेनेन्स की खुली पोल।
ट्रांसफार्मरों की बढ़ाई क्षमता
ऐसा उनका दावा है यार!
और इधर समस्या बरकरार ।''
बानी बोले - बिजली वालों के अनुसार
गर्मी से 30 मेगावाट तक लोड बढ़ा
इसलिए लो वोल्टेज,
तो बार-बार बिजली गुल हो रही है।
तो गिरधारी! उन्होंने कैफियत दे दी
उन्हें क्या मतलब, हमें दोपहर रात
कितनी परेशानियां हो रही हैं?
हम क्या-क्या तकलीफ सहते हैं?
गजाधर! कहिए, आप क्या कहते हैं''
गजाधर मुस्कराए बोले- ''बानी।
बिजली वालों के पास जो
तो उन्होंने दे दी कैफियत ।
उन्हें मालूम है कि अब
हम लोगों के पास है,
कष्ट, परेशानी, तकलीफ
सब कुछ सहने की हैसियत।
रविवार 3 मई 2026



-गिरीश बख्शी

## राशिफल

### मेष
चंद्रदेव आज वृश्चिक राशि में प्रवेश कर रहे हैं, जो आपके आठवें भाव में नीच के हैं, जिससे मन में थोड़ी उथल-पुथल मच सकती है। आप आज दूसरों से थोड़ा कटा हुआ या रहस्यमयी महसूस कर सकते हैं। अच्छी बात यह है कि आपके लग्न स्वामी मंगलदेव मीन राशि में रहकर आपको खुद को समझने में मदद कर रहे हैं। सूर्यदेव और बुधदेव आपके पहले भाव में बैठकर आपको बातचीत की ताकत दे रहे हैं। दूसरे भाव के शुक्रदेव आपकी आर्थिक स्थिति को मजबूती प्रदान करेंगे। आज किसी भी बात पर तुरंत रिएक्शन देने के बजाय शांत रहना आपके लिए बेहतर होगा।

### वृष राशि
चंद्रदेव आज आपके सातवें भाव में नीच के होकर रिश्तों पर सीधा असर डालेंगे। पार्टनर के साथ छोटी-मोटी गलतफहमियां हो सकती हैं, इसलिए ईगो को बीच में न आने दें। आपके लग्न स्वामी शुक्रदेव आपकी ही राशि में बैठे हैं, जो आपको विपरीत परिस्थितियों में भी स्थिरता देंगे। दूसरे भाव के बृहस्पतिदेव आपकी इनकम और आर्थिक फैसलों में पूरा सहयोग दे रहे हैं। हालांकि, बारहवें भाव के सूर्यदेव खर्चों में बढ़ोतरी का संकेत दे रहे हैं, इसलिए फिजूलखर्ची से बचें। करियर के मामले में मंगल और शनि आपको लंबी अवधि का लाभ दिला सकते हैं, बशर्ते आप धैर्य रखें।

### मिथुन
चंद्रदेव आज आपके छठे भाव में गोचर कर रहे हैं, जिससे डेली रूटीन और काम में कुछ रुकावटें आ सकती हैं। आपके लग्न स्वामी बुधदेव ग्यारहवें भाव में रहकर आपको लाभ और नेटवर्किंग में मदद कर रहे हैं। पहले भाव के बृहस्पतिदेव आपकी बुद्धि को स्पष्ट रखेंगे, जिससे आप कठिन फैसलों को आसानी से ले पाएंगे। करियर में मंगल और शनि की वजह से जिम्मेदारियों का बोझ बढ़ सकता है। ऑफिस में किसी भी तरह के झगड़े से बचें और अपनी सेहत का खास ख्याल रखें। रिश्तों में आज आप अपनी बातें खुलकर नहीं कह पाएंगे, जिससे पार्टनर के साथ थोड़ी दूरी महसूस हो सकती है।

### कर्क
चंद्रदेव आपके पांचवें भाव में नीच के हैं, जिससे लव लाइफ और क्रिएटिविटी के क्षेत्र में उतार-चढ़ाव आ सकते हैं। आप आज बहुत ज्यादा इमोशनल महसूस करेंगे, इसलिए मूड स्विंग्स से सावधान रहें। आपके राशि स्वामी चंद्रमा के कमजोर होने से मानसिक शांति के लिए योग का सहारा लेना जरूरी है। दसवें भाव के सूर्य और बुध करियर में आपकी पहचान बनाएंगे और आपको सीनियर्स का सपोर्ट मिलेगा। आर्थिक रूप से सट्टेबाजी या रिस्की इन्वेस्टमेंट से बचें, वरना नुकसान हो सकता है। पार्टनर से उम्मीदें ज्यादा न रखें।

### सिंह
चौथे भाव में नीच के हैं, जिससे घर की शांति थोड़ी भंग हो सकती है। आपके लग्न स्वामी सूर्यदेव नौवें भाव में बहुत मजबूत हैं, जो आपको भाग्य और बड़ों का पूरा साथ दिलाएंगे। ग्यारहवें भाव के बृहस्पतिदेव आय के नए स्रोत खोल रहे हैं और आपकी अधूरी इच्छाएं पूरी हो सकती हैं। करियर के मामले में दसवें भाव के शुक्रदेव आपकी प्रोफेशनल इमेज को और बेहतर बनाएंगे। हालांकि, आठवें भाव के मंगल और शनि अचानक कोई तनाव या अनचाहा खर्चा ला सकते हैं।

### कन्या
चंद्रदेव आज आपके तीसरे भाव में नीच के हैं, जिससे संवाद और साहस में थोड़ी कमी आ सकती है। आपके लग्न स्वामी बुधदेव आठवें भाव में हैं, जो गहरी सोच और कुछ छिपी हुई चिंताओं को जन्म दे रहे हैं। दसवें भाव के बृहस्पतिदेव करियर में आपको नई ऊंचाइयों पर ले जाएंगे और आपको पहचान मिलेगी। नौवें भाव के शुक्रदेव भाग्य का सहारा देंगे, जिससे अटके हुए काम बन सकते हैं। सातवें भाव के मंगल और शनि पार्टनर के साथ रिश्तों में खिंचाव पैदा कर सकते हैं, इसलिए धैर्य रखें।

### तुला
चंद्रदेव आज आपके तीसरे भाव में नीच के हैं, जिससे संवाद और साहस में थोड़ी कमी आ सकती है। आपके लग्न स्वामी बुधदेव आठवें भाव में हैं, जो गहरी सोच और कुछ छिपी हुई चिंताओं को जन्म दे रहे हैं। दसवें भाव के बृहस्पतिदेव करियर में आपको नई ऊंचाइयों पर ले जाएंगे और आपको पहचान मिलेगी। सातवें भाव के मंगल और शनि पार्टनर के साथ रिश्तों में खिंचाव पैदा कर सकते हैं, इसलिए धैर्य रखें। आर्थिक रूप से दिन स्थिर है, पर अचानक होने वाले खर्चों पर नजर रखें।

### वृश्चिक
चंद्रदेव आज आपकी अपनी ही राशि यानी लग्न में नीच के हैं, जिससे मूड स्विंग्स बढ़ सकते हैं। आप आज खुद को थोड़ा बेचैन और संवेदनशील महसूस कर सकते हैं, इसलिए जल्दबाजी में फैसले न लें। आपके लग्न स्वामी मंगलदेव पांचवें भाव में शनिदेव के साथ हैं, जो आपकी रचनात्मकता को गंभीरता देंगे। सातवें भाव के शुक्रदेव पार्टनरशिप और निजी रिश्तों में मजबूती ला रहे हैं। छठे भाव के सूर्य और बुध आपको ऑफिस की राजनीति और चुनौतियों से निपटने की ताकत देंगे।

### धनु
चंद्रदेव आज आपके बारहवें भाव में नीच के हैं, जिससे नींद में कमी और मानसिक थकान महसूस हो सकती है। आप आज बाहरी दुनिया से थोड़ा कटा हुआ महसूस करेंगे, जो आत्म-चिंतन के लिए अच्छा है। आपके लग्न स्वामी बृहस्पतिदेव सातवें भाव में हैं, जो रिश्तों में सुधार और सहयोग लाएंगे। पांचवें भाव के सूर्य और बुध आपकी बुद्धि और क्रिएटिविटी को नया निखार देंगे। हालांकि, चौथे भाव के मंगल और शनि घर में थोड़ी अशांति या तनाव पैदा कर सकते हैं। आर्थिक रूप से अचानक कुछ अनचाहे खर्चे सामने आ सकते हैं, इसलिए बचत पर जोर दें।

### मकर
चंद्रदेव आज आपके ग्यारहवें भाव में नीच के हैं, जिससे आय तो होगी पर इच्छाएं अधूरी महसूस हो सकती हैं। दोस्तों या नेटवर्क से वैसी मदद नहीं मिलेगी जैसी आप उम्मीद कर रहे थे। आपके लग्न स्वामी शनिदेव तीसरे भाव में मंगलदेव के साथ हैं, जो आपको गजब का साहस और अनुशासन देंगे। पांचवें भाव के शुक्रदेव रोमांस और बुद्धिमान फैसलों में आपका पूरा साथ निभाएंगे। छठे भाव के बृहस्पतिदेव काम का बोझ बढ़ा सकते हैं, इसलिए टीम वर्क पर ध्यान दें।

### कुंभ
चंद्रदेव आपके दसवें भाव में नीच के हैं, जिससे करियर और पब्लिक इमेज को लेकर असुरक्षा महसूस हो सकती है। ऑफिस में अचानक कुछ चुनौतियां आ सकती हैं, इसलिए प्रोफेशनल बने रहें। आपके लग्न स्वामी शनिदेव दूसरे भाव में मंगलदेव के साथ हैं, जो वाणी में थोड़ी कठोरता ला सकते हैं। पांचवें भाव के बृहस्पतिदेव आपकी बुद्धि और ज्ञान को सही दिशा में इस्तेमाल करने में मदद करेंगे। तीसरे भाव के सूर्य और बुध आपको प्रभावशाली कम्युनिकेशन स्किल देंगे।

### मीन
चंद्रदेव आज आपके नौवें भाव में नीच के हैं, जिससे अपनी दिशा को लेकर मन में कन्फ्यूजन हो सकता है। आज भाग्य के भरोसे रहने के बजाय अपनी मेहनत पर ज्यादा यकीन करना होगा। आपके लग्न स्वामी बृहस्पतिदेव चौथे भाव में हैं, जो घर और परिवार में भावनात्मक सुरक्षा देंगे। लग्न में मंगल और शनि की मौजूदगी आपको गंभीर बनाएगी, पर स्वभाव में चिड़चिड़ापन ला सकती है। दूसरे भाव के सूर्य और बुध आपकी वाणी और आय के मामलों में सहयोग करेंगे।

## कहानी

### सुखिया

सुखिया की काया अब वैसी नहीं रही शिथिल हो चुकी है। वही सुखिया जो कभी बड़े-बड़े बर्तनो को चुटकी में साफ कर देती थी। उसका नेपथ्य समाप्त हो चूका है। उसी प्रकार जैसे यवनिका का अंत हो रहा हो और अपने पात्र के पीछे दौड़ रही हो। अब न उसके मालिक को उसकी सुध लेने की कोई फिक्र है और न वह कभी उसकी अवस्था के लिए सोचता है। सुखिया अपने नाती पोते के साथ दिन रात बीता रही है। उसे अपने जीवन में मिले लोगो के सानिध्य का दर्प नही है बल्कि उनकी याद ताजा कर अपने को धन्य मानती है। सहसा किसी से बातचीत के दौरान हमेशा यह कह डालती है मैंने अपने जीवन में 3300 नवजात शिशु और उनकी माता की सेवा की है। सुखिया में कोई खूबसूरती नहीं है पर उसके सेवा भाव, उसके मुस्कान, और नवजात शिशु की माता को दिए गए नसीहत में जबरदस्त खूबसूरती है। काँटों से घिरे गुलाब की तरह। मालिक को उसकी फिक्र नहीं पर, उसी मालिक का युवा पोता सुखिया के सेवाभाव के लिए आभार व्यक्त करता है। यही सुखिया के लिए सबसे बड़ी प्रशस्ति है।



- गजेंद्र बख्शी

## अंतरराष्ट्रीय मजदूर दिवस पर नगर के श्रमवीरों का हुआ भव्य सम्मान

# मेहनतकशों की कभी हार नहीं होती, परिश्रम करने वाले सदैव वंदनीय : अनिल मानिकपुरी

अंबागढ़ चौकी(दावा)। अंतरराष्ट्रीय श्रमिक दिवस के अवसर पर नगर पंचायत अध्यक्ष अनिल मानिकपुरी द्वारा नगर के विकास में महत्वपूर्ण योगदान देने वाले नगर के श्रमवीर एवं श्रमवीरांगनाओ का सम्मान किया गया। इस दौरान उन्हे केन्द्र व राज्य शासन द्वारा श्रमिकों के हितार्थ में चलाई जा रही कल्याणकारी योजनाओं देते हुए इसका लाभ उठाने का आह्वान किया गया। अंतरराष्ट्रीय मजदूर दिवस के अवसर पर नगर पंचायत अध्यक्ष अनिल मानिकपुरी ने नगरीय निकाय के सभागृह में श्रमिक सम्मान समारोह का आयोजन किया। कार्यक्रम का शुभारंभ भारत माता एवं छत्तीसगढ महतारी की पूजा अर्चना से हुआ। नगर के श्रमवीर माताओं एवं भाईयों को संबोधित करते हुए नगर पंचायत अध्यक्ष अनिल मानिकपुरी ने कहा की जीविकोपार्जन के लिए श्रम के प्रकार एवं प्रयोजन अलग-अलग हो सकते है, लेकिन परिश्रम करने वाले सदैव वदंनीय होते है। यह संसार उनका ही सम्मान करता है जो अपने श्रम के बूते परिवार, समाज एवं जगत में अपना मुकाम खडा करते है। नगर पंचायत अध्यक्ष अनिल मानिकपुरी ने कहा की मेहनतकशो की कभी हार नही होती है और कुछ किए बिना ही जय जयकार नही होती है। नगर अध्यक्ष ने कहा की हम किसी भी फील्ड मे हो हमे समाज में अपना जगह



बनाए रखने एवं शरीर को स्वस्थ करने के लिए परिश्रम करना बेहद आवश्यक है। नगर अध्यक्ष ने श्रमवीरों को श्रमिक दिवस की शुभकामनाएं देते हुए नगर विकास में दिए गए उनके अभूतपूर्व योगदान देने के लिए आभार ज्ञापित किया। श्रमिक सम्मान समारोह मे नगर पंचायत की पार्षद सभापति उमा निषाद, पूर्व पार्षद शंकर निषाद, प्रमोद ठलाल, कुमारी निषाद, रजिया बेगम, रेहाना बेगम, शोभा भोयर सहित बडी संख्या में नगर पंचायत अध्यक्ष के समर्थक व कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### श्रमिकों के हितार्थ शासन की योजनाओं की जानकारी दी

अंतरराष्ट्रीय श्रमिक दिवस के अवसर नगर के श्रमवीरो एवं श्रमवीरांगनाओं को श्रमिको के हितार्थ केन्द्र एवं राज्य शासन द्वारा चलाई जा रही कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी विस्तार से दी गई। श्रमिकों को बताया गया श्रम विभाग में श्रमिक पंजीयन कराने के बाद मजदूर कार्य करते समय दुर्घटनाग्रस्त होने पर बच्चो के विवाह, दुर्घटना में मृत्यु होने पर तथा श्रमिक महिलाओ के लिए प्रसूती एवं स्व रोजगार स्थापित करने के लिए शान से विशेष सहायता प्राप्त कर सकते है। नगर अध्यक्ष ने बताया की शासन की योजनाओं का लाभ लेने के लिए यह आवश्यक है कि श्रम विभाग में अपना पंजीयन श्रमिक के रूप में अनिवार्य रूप से कराए।

### श्रमिकों की शिकायतें एवं समस्याओं का मौके में निराकरण

अंतरराष्ट्रीय मजदूर दिवस के अवसर पर सम्मान समारोह में शामिल होने आई माताओं ने नगर पंचायत अध्यक्ष के सामने नगर के विभिन्न वार्डो से आई श्रमवीरांगनाओं ने नगरीय निकाय से जुड़ी समस्याओं व शिकायतों को सामने रखते हुए नगर अध्यक्ष से इसके त्वरित निदान की मांग की। सबसे अधिक माताओं ने गर्मी मे पेयजल से जुडी समस्याओं व शिकायतों को सामने रखा। उसके बाद पिछले चार पांच माह से समाजिक सुरक्षा पेंशन नहीं मिलने एवं राशन कार्ड बन जाने के बाद भी खाद्यान्न नहीं मिलने की शिकायते की। नगर अध्यक्ष ने नगरवासियों से जुड़े समस्याओं के निराकरण के लिए निकाय के संबधित विभाग के कर्मचारियों को मौके से निर्देश देकर तीन दिवस के अंदर पेयजल व खाद्यान्न से जुड़े समस्या के निराकरण करने का निर्देश दिया। सफाई से जुड़ी समस्याओं को एक दिवस के अंदर ही निराकृत करने का भरोसा दिलाया।

### इन श्रमवीरों का हुआ सम्मान

मजदूर दिवस के अवसर पर नगर के विभिन्न वार्डो से आए महिला एवं पुरुष श्रमिकों का सम्मान किया गया। पर सम्मान की सूची में सर्वाधिक संख्या मातृ शक्तियों की थी। नगर अध्यक्ष ने कहा की मातृ शक्तियां अपने श्रम से आई अर्थ का नियोजन सही ढंग से करती है। माताएं अपना हर कार्य श्रेष्ठता से करती है और किसी भी कार्य में वह आज पीछे नहीं है। इसलिए वह वंदनीय है। सम्मान प्राप्त करने वालो में कन्या निर्मलकर, सुशीला भाई, गोदावरी उईके, बिन्दा गोड़, अन्नपूर्णा वैशणव चमेली सारथी, पुसई देवागन, नरेश बाई निषाद, सावित्री बाई, धनेश्वरी निषाद, सुशीला खरे, राधा साहू, पूर्णिमा निषाद, आशा राजपूत, कुंवर बाई, उर्मिला साहू, सोहागा बाई इत्यादि शामिल थे।

# अर्जुनी महाविद्यालय प्राचार्य का सेवानिवृत्ति पर भावभीनी विदाई




### साईटोलॉजी एण्ड जेनेटिक्स पुस्तक का हुआ विमोचन

डोंगरगांव (दावा)। नवीन शासकीय महाविद्यालय अर्जुनी में पदस्थ प्राचार्य डॉ. अंजना ठाकुर का 30 अप्रैल को सेवानिवृत्ति अवसर पर भावपूर्ण विदाई समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में अर्जुनी सरपंच ललिता साहू, जनभागीदारी अध्यक्ष तामेश्वर साहू, महाविद्यालय के पूर्व प्राचार्य डॉ. बीएन मेश्राम, शासकीय दिग्विजय स्नातकोत्तर महाविद्यालय राजनांदगांव के पूर्व प्राचार्य डॉ. के.एल. टांडेकर, महाविद्यालय के पूर्व प्रभारी प्राचार्य डॉ. एन.के. लहरे, शासकीय कमला देवी राठी महिला महाविद्यालय राजनांदगांव की अंग्रेजी प्राध्यापक डॉ. एच. गरचा, अर्जुनी माध्यमिक शाला की प्राचार्य वंदिता गजबिये तथा दीपकसिंह ठाकुर, कमलादेवी राठी महिला महाविद्यालय के द्विवेदीजी सहित अन्य अतिथिगणों की गरिमामय उपस्थिति रही।

कार्यक्रम के दौरान सभी अतिथियों ने डॉ.अंजना ठाकुर के उत्कृष्ट कार्यकाल की सराहना करते हुए उनके व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर प्रकाश डाला। वक्ताओं ने कहा कि श्रीमती ठाकुर ने अपने कार्यकाल में महाविद्यालय को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाया तथा अनुशासन, समर्पण और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के प्रति उनकी प्रतिबद्धता सदैव प्रेरणास्रोत रहेगी। बता दें कि डॉ. अंजली अवधिया प्राचार्य कमला महाविद्यालय राजनांदगांव अब अर्जुनी महाविद्यालय का प्रभार भी संभालेंगी।

इस अवसर पर महाविद्यालय की अतिथि व्याख्याता डॉ. हेमलता विरदी द्वारा लिखित पुस्तक साईटोलॉजी एण्ड जेनेटिक्स का विमोचन उपस्थित अतिथियों के करकमलों द्वारा किया गया. इस दौरान महाविद्यालय परिवार द्वारा श्रीमती ठाकुर को शॉल, श्रीफल एवं उपहार स्वरूप अपना प्रेम और सम्मान समर्पित किया गया। कार्यक्रम का संचालन कु. शुभी जैन एवं आभार प्रदर्शन कंचन साहू के द्वारा किया। कार्यक्रम में डॉ.काव्या जैन, डॉ. संजू सिंग, चांदनी पराते, शुभि जैन, योगिता ठाकुर, कंचन साहू, हिमानी साहू, संध्या कुमारी, हेमलता विरदी, श्वेता देवांगन, दुर्गा प्रसाद देवांगन, प्रमेन्द्र कुमार, चंद्रकांत कुंभकार, खेलन साहू, ओमप्रकाश सहारे, मनोज प्रधान, मोनिश खान, ज्ञानेश्वर देवांगन, नीतीश ठाकुर, भुवनेश्वर आदि उपस्थित रहे।

## पहला कॉलम...

### मानवीय संवेदना : निजामडीह की सात अनाथ बेटियों का सहारा बना प्रशासन, अधिकारियों ने लिया गोद

#### ब्रेन ट्यूमर से मां की मौत के बाद बिखर गया था परिवार, 7 माह की मासूम से लेकर 13 साल की बिटिया की जिम्मेदारी अब कंधों पर

खैरागढ़/छुईखदान (दावा)। वनांचल क्षेत्र के सुदूर ग्राम निजामडीह



(पंचायत समुंदपानी) से मानवीय संवेदनाओं को झकझोर देने वाली एक ऐसी कहानी सामने आई है। जिसने शासन और समाज के बीच की दूरी को मिटा दिया है। घर की मुखिया (मां) के निधन के बाद बेसहारा हुई सात मासूम बच्चियों की मदद के लिए जिला प्रशासन, जनप्रतिनिधि और स्वयंसेवी संस्थाओं ने हाथ आगे बढ़ाए हैं। जिला प्रशासन के अधिकारियों ने अलग-अलग बच्चियों की जिम्मेदारी उठाते हुए उन्हें गोद लिया है।

#### मां के जाने से छा गया था सन्नाटा

करीब तीन महीने पहले ग्रामीण अमर सिंह की पत्नी का ब्रेन ट्यूमर के कारण निधन हो गया था। पीछे छूट गईं सात बेटियां, जिनकी उम्र महज 7 माह से 13 वर्ष के बीच है। पिता मजदूर हैं और काम पर जाने के बाद इन मासूमों की देखरेख करने वाला घर में कोई नहीं था। जिस घर में कभी किलकारियां गूंजती थीं, वहां खामोशी पसर गई थी। प्रशासनिक अधिकारियों ने संवेदनशीलता दिखाते हुए इन बच्चियों की शिक्षा, स्वास्थ्य और पालन-पोषण का जिम्मा उठाया है। बच्चियों में सरेश्वरी (7 माह) भरतलाल यादव (सरपंच, समुंदपानी), नागेश्वरी (2 वर्ष) सुसींद्रा पटेल (महिला स्व-सहायता समूह), रामेश्वरी (4 वर्ष) पी.आर. खुटेल (जिला महिला एवं बाल विकास अधिकारी), जागेश्वरी (5 वर्ष) इत्तर सिंह मांडवी (एसडीओ, पीएमजीएसवाई), परमेश्वरी (7 वर्ष) : दिनेश कुमार सिंह (एसडीओ, पीएचई विभाग), उमेश्वरी (9 वर्ष) केश्वरी देवांगन (सीईओ, जनपद पंचायत छुईखदान), दुलेश्वरी (13 वर्ष) स्वर्णिम शुक्ला (सहायक आयुक्त, आदिम जाति कल्याण विभाग) आदि है।

#### स्व-सहायता समूह का भी मिल रहा साथ

सिर्फ अधिकारी ही नहीं, बल्कि गांव की महिला स्व-सहायता समूह की सदस्य भी समय-समय पर घर पहुंचकर बच्चियों की सुध ले रही हैं। बच्चियों को भोजन, कपड़े और अन्य जरूरी सामग्री उपलब्ध कराई जा रही है। ग्रामीणों का कहना है कि प्रशासन के इस कदम से न केवल इन बच्चियों को भविष्य मिला है। बल्कि पूरे समाज के सामने एक मिसाल कायम हुई है।

### रामाटोला में 10 दिवसीय नवीन आचार्य प्रशिक्षण

#### प्रशिक्षण में 03 जिला से 20 विद्यालय शामिल

डोंगरगढ़ (दावा)। सरस्वती शिशु मंदिर रामा टोला में 10 दिवसीय



नवीन आचार्य प्रशिक्षण वर्ग विद्या भारती अखिल भारतीय शिक्षा संस्थान के निर्देशानुसार जिला ग्राम भारती राजनांदगांव के द्वारा आयोजित नवीन आचार्य प्रशिक्षण वर्ग के उद्घाटन सत्र में मुख्य अतिथि प्रशांत कोड़पे सभापति जिला पंचायत राजनांदगांव अध्यक्षता रतनलाल चक्रधर प्रांतीय अध्यक्ष विशेष अतिथि चिंता राम साहू , सुरेश वर्मा सभापति जनपद पंचायत डोगरगढ़, बूंदा वर्मा अध्यक्ष जिला ग्राम भारती राजनांदगांव खिलेश्वर प्रसाद साहू प्राचार्य, पूनमचंद साहू समन्वयक,अजय कुमार सिन्हा, केशव राम वर्मा, मां सरस्वती ओम भारत माता के तैल चित्र चित्र पर दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया ।प्रशिक्षण में 03 जिला से 20 विद्यालय 38 दीदियां 07आचार्य 05अधिकारी, 07 शिक्षक एवं 25 व्यवस्था में कुल 80की संख्या में लगे हुए हैं प्रांतीय अध्यक्ष के द्वारा विद्या भारती की विकास यात्रा पर विस्तृत मार्गदर्शन प्राप्त हुआ। शिक्षक के रूप में बौद्धिक प्रमुख डामन दास जोशी, मुख्य शिक्षक भूषण गजेंद्र, पर्यवेक्षक भगवान दास साहू, उमा सिन्हा, मीरा चंदेल उपस्थित रहे। उक्त जानकारी प्रधानाचार्य देवेंद्र नंदेश्वर ने दी।

# खतरे का सफर : मालवाहक वाहनों में ठूंस-ठूंसकर भरे जा रहे बाराती और मजदूर, जिम्मेदार विभाग मौन

○ पुराने हादसों से भी नहीं लिया जा रहा सबक, पिकअप और मेटाडोर में दांव पर लग रही मासूमों की जान

डोंगरगांव (दावा)। शादियों के सीजन में ग्रामीण अंचलों में मालवाहक वाहनों का उपयोग यात्री परिवहन के लिए धड़ल्ले से किया जा रहा है। पिकअप, मेटाडोर, डीआई और छोटा हाथी जैसे वाहनों में क्षमता से अधिक बारातियों, महिलाओं और बच्चों को बिठाकर सड़कों पर मौत का सफर तय किया जा रहा है। प्रशासनिक अनदेखी के कारण वाहन



संचालक बेखौफ होकर नियमों की धज्जियां उड़ा रहे हैं। जिससे कभी भी बड़ी दुर्घटना घट सकती है।

### मूकदर्शक बना परिवहन विभाग

मोटर व्हीकल एक्ट के तहत मालवाहक वाहनों में यात्रियों को बैठाना दंडनीय अपराध है, लेकिन इसके बावजूद क्षेत्र की सड़कों पर इन दिनों ऐसे वाहनों की कतार देखी जा सकती है। ताज्जुब की बात यह है कि यातायात और परिवहन विभाग की नाक के नीचे यह सब हो रहा है। फिर भी अधिकारी मूकदर्शक बने हुए हैं। चेकिंग के अभाव में वाहन संचालकों के हौसले बुलंद हैं।

### बेलगाम रफ्तार दे रही हादसों को दावत

सड़कों पर दौड़ते ये मालवाहक न केवल ठसाठस भरे होते हैं, बल्कि इनकी रफ्तार भी बेलगाम होती है। ग्रामीण क्षेत्रों में मजदूरों को कार्यस्थल तक पहुंचाने के लिए भी इन्हीं साधनों का उपयोग किया जा रहा है। पूर्व में हुए कई बड़े हादसों के बाद भी न तो वाहन मालिक सबक ले रहे हैं और न ही ग्रामीण जागरूक हो रहे हैं। छोटी सी लापरवाही कभी भी किसी परिवार का चिराग बुझा सकती है। जानकारों का कहना है कि मालवाहक वाहनों की बनावट यात्रियों के बैठने के अनुकूल नहीं होती। अचानक ब्रेक लगने या मोड पर वाहन के अनियंत्रित होने की स्थिति में यात्रियों के वाहन से बाहर गिरने का खतरा सबसे अधिक रहता है। क्षेत्रिय नागरिकों का कहना है कि नियमों के विरुद्ध मालवाहक वाहनों में सवारी ढोना जानलेवा हो सकता है। प्रशासन को चाहिए कि ऐसे वाहनों पर तत्काल सख्त कार्रवाई करें और पॉइंट लगाकर चालान काटें, ताकि भविष्य में किसी भी अप्रिय घटना को रोका जा सके।

## सीजी पब्लिक स्कूल का स्थानीय परीक्षा परिणाम घोषित, मेधावी छात्र मेडल से सम्मानित

○ नर्सरी से 11वीं तक के विद्यार्थियों ने दिखाया उत्कृष्ट प्रदर्शन, प्राचार्य ने उज्ज्वल भविष्य की दी शुभकामनाएं

डोंगरगांव (दावा)। नगर में संचालित सी.जी.पब्लिक हायर सेकेण्डरी स्कूल का स्थानीय परीक्षा परिणाम घोषित कर दिया गया। प्राचार्य एजाज अली हाशमी ने कक्षा 1 लेकर 11वीं तक के परीक्षा परिणाम जारी करते हुए बताया कि इस वर्ष विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। परिणाम घोषणा के बाद प्राचार्य व अतिथियों द्वारा समस्त कक्षाओं के बेहतर प्रदर्शन करने वाले सभी बच्चों को मेडल एवं प्रगति पत्रक से सम्मानित किया और सभी छात्रों को आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया।

परिणामों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों में हिन्दी माध्यम केजी वन से क्रमशः युवराज पटेल, खुशी गोड़, केजी-टू से लावण्या कोठारी, अंश बारले, लियान, कक्षा पहली से दुर्गा साहू, जानवी कंडरा, लव्यांश भारद्वाज, कक्षा दूसरी से पूर्वी एवं वानी रामटेके, ईश्वर ढीमर, युवराज यादव, कक्षा तीसरी से देवांशी देवांगन एवं गीतांजली साहू, शेख अब्दुल करीम, आशीष बिंद, कक्षा चौथी से गीतिका, स्वस्ती मोहा, आकाश एवं सेलिना कंवर, कक्षा 6वीं से समीर कोठारी, नव्या सहारे, पूनम साहू, कक्षा 7वीं से प्रियांश,




आंचल व धारणी रहे। इसी प्रकार हाईस्कूल कक्षा-9वीं से खुशबू साहू, हिमांशी पंचारी, टोयम साहू के नाम अग्रणी हैं। हायर सेकण्डरी कक्षा 11वीं गणित संकाय से रीद्धि साहू, पूर्वी ध्रुव, चुरेन्द्र कुमार, जीवविज्ञान संकाय से साधना, रीना साहू, याशु साहू और कॉमर्स संकाय से सोनाली यादव, कविता ठाकुर, गुंजा वैष्णव रहे।

इसी तरह अंग्रेजी माध्यम क्लास नर्सरी से क्रमशः नोरिक्षय पाड़े, अक्षिता साहू एवं दिव्यांश सोनकर, हर्षिता कुंभकार एवं लाव्या साहू, एलकेजी से अरसीन, जीवांश मेश्राम, मोनिश साहू. यूकेजी से वेद गालेकर, भाविका देवांगन एवं शौर्य शाबला, भाविका देवांगन एवं रेयांश चक्रधारी, क्लास 1 से मो. असीर अंसारी एवं तुषिका राजपूत, प्रेणल हिरवानी, डिम्पल राजपूत. क्लास-2 से नुशांत जुरेशिया, खुशी साहू एवं तक्ष्य चुरेन्द्र, भव्या यादव, माही कुम्हार एवं शष्टीका चंद्रवंशी, क्लास-3 से स्मिता श्यामकर, मन्तसा एवं ओजस्वी तिवारी, आरव हिरवानी, क्लास 4 से चैन्सी सोनकर, कुंजल ठाकुर, विशांत जैन, क्लास 6 से सौम्या साहू, सिद्धी सिंग, भव्या कुंभकार एवं नंदनी, क्लास 7 से आयुश टाडेकर एवं पूर्वी साहू, मयंक साहू, दामिनी तिवारी रहे। इसी प्रकार हाईस्कूल क्लास-9 से विकास कुमार साहू, लोकेश कुमार साहू, चंद्रकिरण रहे। इसी प्रकार हायर सेकण्डरी स्कूल क्लास-11 गणित संकाय से युक्ती माटेकर, निखील साहू, हरवंश सोनकर, जीवविज्ञान संकाय से प्राची रामटेके, ख्याति वैष्णव, आर्यन यादव तथा कॉमर्स संकाय से आदित्य साहू, अविका लेन्झारे तथा खुशाल देवांगन रहे।

संस्था के सभी सफल छात्र/छात्राओं को संस्था के प्राचार्य एजाज अली हाशमी, रियाज अली हाशमी द्वारा बच्चों की उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए बधाई दी गई। इस अवसर पर परीक्षा प्रभारी पीआर ठाकुर, सुकालसिंह साहू, कार्यालय प्रभारी प्रकाश यादव, प्रधानपाठिका सबा हाशमी, प्रणव सारस्वत, अनिल कुमार साहू, कुमेश साहू, खिलेन्द्र कोर्राम, प्रकाश साहू वरिष्ठ शिक्षिकाएं शर्मिला कुंवर, सुषमा सोनी, माधुरी कसेर, विनिता पटेल, सुरुचि सोनकर, ललिता भारती, अंजली गुप्ता, पूजा यादव, पार्वती साहू आदि शिक्षकगण साथ ही बड़ी संख्या में अभिभावकगण भी उपस्थित रहे।

## नगर पालिका के कार्यों की होगी जांच, कांग्रेस कमेटी ने बनाई समिति



खैरागढ़ (दावा)। शहर कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष डॉ. अरुण भारद्वाज ने वार्डों में विभिन्न समस्याओं और नगर पालिका परिषद खैरागढ़ द्वारा कराए गए गुणवत्ताहीन व अपूर्ण कार्यों को लेकर मिल रही शिकायतों के बाद एक जांच समिति का गठन किया है। जो शहर के वार्डो में जाकर स्थल निरीक्षण करेंगे। यह समिति विधायक प्रतिनिधि मनराखन देवांगन की अध्यक्षता में गठित की गई है। उक्त जांच समिति मे समिति में नगर पालिका उपाध्यक्ष रज्जाक खान, वरिष्ठ पार्षद पुरुषोत्तम वर्मा, नेता प्रतिपक्ष दीपक देवांगन, दिलीप लहरे, सुमन पटेल, शत्रुहान धृतलहरे, टिकेश्वरी पटेल, कोषाध्यक्ष सुरेन्द्र शर्मा, रविंद्र गहरवार, पुरन सारथी, यतेन्द्र जीत सिंह 'छोटू', भरत चंद्राकर, सूर्यकांत यादव, महेश यादव, किशन रजक, नित्यशरण सिंह, नदीम मेमन और कन्हैया रजक शामिल हैं। समिति द्वारा वार्डों में किए गए कार्यों की जांच कर विस्तृत रिपोर्ट तैयार की जाएगी। जिसे खैरागढ़ विधायक यशोदा नीलम्बर वर्मा व उच्च अधिकारियों को सौंपा जाएगा। इस संबंध में जानकारी शहर कांग्रेस कमेटी के मीडिया प्रभारी शेखर दास वैष्णव ने दी।

## नगर पंचायत घुमका में आम आदमी पार्टी का चुनावी शंखनाद, नए कार्यालय का हुआ उद्घाटन

### प्रदेश और जिला स्तर के दिग्गज नेताओं की उपस्थिति में खुली आप की नई शाखा, कार्यकर्ताओं में उत्साह

घुमका (दावा)। नगर पंचायत घुमका में अपनी राजनीतिक पैठ मजबूत करने के उद्देश्य से आम आदमी पार्टी (आप) ने आज औपचारिक रूप से अपने नए कार्यालय का उद्घाटन किया। रानी अवंती बाई वार्ड क्रमांक 11, हनुमान मंदिर के समीप स्थित इस कार्यालय के खुलने से क्षेत्र में पार्टी की गतिविधियों को नई गति मिलने की उम्मीद है। कार्यालय के उद्घाटन अवसर पर आम आदमी पार्टी के कई वरिष्ठ प्रदेश स्तरीय नेता शामिल हुए। कार्यक्रम में मुख्य रूप से वरिष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष भानु चंद्रा एवं श्रीमती दुर्गा झा, प्रदेश कोषाध्यक्ष मुन्ना बिसेन, प्रदेश संगठन मंत्री संजीत विश्वकर्मा, प्रदेश सचिव देविंदर सिंह भाटिया और दुर्ग लोकसभा अध्यक्ष श्रीमती गीतेश्वरी बघेल उपस्थित रहे।

### स्थानीय टीम ने दिखाई एकजुटता

जिलाध्यक्ष राजेंद्र सोनी और ब्लॉक अध्यक्ष गोपेश्वर वर्मा के नेतृत्व में आयोजित इस कार्यक्रम में पार्टी के स्थानीय पदाधिकारियों ने भी बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। इस दौरान जिलाध्यक्ष ने कहा कि यह कार्यालय अब जनता की समस्याओं को सुनने और पार्टी की



नीतियों को घर-घर तक पहुँचाने का मुख्य केंद्र बनेगा। कार्यक्रम में शिवा रायडू, पुरुषोत्तम सिंह राजपूत, रवि साहू, छोटू पटेल, संतोष कुमार यादव (जिला महासचिव खैरागढ़), गोपी यादव (ब्लॉक संगठन मंत्री), हुमन जोशी (ब्लॉक सचिव), हिंसाराम वर्मा (मीडिया प्रभारी), रोशन निर्मलकर (सोशल मीडिया प्रभारी) सहित नायडू रामटेक, सूरज डोंगरे, जय डोंगरे और बड़ी संख्या में वार्डो के मतदाता व कार्यकर्ता उपस्थित थे। इस दौरान आप जिलाध्यक्ष राजेंद्र सोनी ने कहा कि घुमका में कार्यालय खुलने से आम जनता और कार्यकर्ताओं के बीच सीधा संवाद स्थापित होगा। हम जनहित के मुद्दों को लेकर अब और अधिक सक्रियता से कार्य करेंगे।

## आदर्श पब्लिक स्कूल मुढ़ीपार का स्थानीय वार्षिक परिणाम उत्कृष्ट

डोंगरगढ़/मुढ़ीपार (दावा)। खैरागढ़ के सबसे बड़े ग्राम मुढ़ीपार



स्थित आदर्श पब्लिक स्कूल का परीक्षा परिणाम इस वर्ष भी बेहतर रहा है. 30 अप्रेल को नर्सरी से लेकर माध्यमिक स्तर पर परीक्षा परिणाम घोषित किया गया। वही कक्षा 6वी की छात्रा पल्लवी बर्मन 97 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान एवं खुशी निषाद 96 प्रतिशत द्वितीय व 91 प्रतिशत खुशी साहू ने हासिल किया है. वही कक्षा 7वी मे नागेश साहू 91.5 प्रतिशत प्रथम, यश साहू 89 प्रतिशत द्वितीय एवं वेदांत सिन्हा 88 प्रतिशत अंक हासिल कर तृतीय स्थान प्राप्त किया है। प्राचार्य गौतम निषाद ने स्कूल के सभी बच्चों को बधाई देते हुए भविष्य में कड़ी लगन और मेहनत से पढ़ाई करते हुए आगे बढ़ने की बात कही है। इस समय स्कूल के शिक्षक हितेश साहू, शिक्षिका भारती कंवर, प्रियंका कोसरे, प्रमिला साहू, तृप्ति साहू, हेमिन निर्मलकर, दीपिका निर्मलकर, तृषा सिन्हा सहित पालक गण उपस्थित रहे।

# राजस्थान रॉयल्स को मिला नया मालिक, स्टील किंग ने 15660 करोड़ रुपये में किया फ्रेंचाइजी का अधिग्रहण



नई दिल्ली। आईपीएल के गलियारों में एक बड़ी हलचल देखने को मिली है। स्टील उद्योग के दिग्गज लक्ष्मी मित्तल ने राजस्थान रॉयल्स फ्रेंचाइजी के अधिग्रहण का ऐलान कर दिया है, जिससे क्रिकेट और कारोबार दोनों जगत में चर्चा तेज हो गई है। ब्रिटेन में बसे भारतीय मूल के उद्योगपति लक्ष्मी मित्तल ने बताया कि जयपुर आधारित इस टीम को खरीदने के लिए अंतिम समझौता हो चुका है। यह सौदा करीब 1.65 अरब डॉलर यानी लगभग 15660 करोड़ रुपये में हुआ है। इस कंसोर्टियम में अदार पूनावाला और मौजूदा मालिक मनोज बदाले भी शामिल हैं।

इस घोषणा ने सभी को चौंका दिया, क्योंकि पहले अमेरिकी कारोबारी काल सोमानी के नेतृत्व वाले समूह को नया मालिक माना जा रहा था, जिसमें रॉब वॉल्टन और फोर्ड परिवार के सदस्य भी शामिल थे। 2008 में IPL का पहला खिताब जीतने वाली राजस्थान रॉयल्स इस समय IPL 2026 में शानदार फॉर्म में है और प्लेऑफ की ओर बढ़ रही है, जहां युवा स्टार वैभव सूर्यवंशी लगातार चमक बिखेर रहे हैं।

क्रिकबज की रिपोर्ट के मुताबिक, इस डील के तहत मित्तल परिवार टीम का नियंत्रण अपने हाथ में रखेगा और लगभग 75 प्रतिशत हिस्सेदारी उसके पास होगी। अदार पूनावाला के पास 18 प्रतिशत हिस्सेदारी होगी, जबकि बाकी 7 प्रतिशत हिस्सेदारी मौजूदा निवेशकों के पास बनी रहेगी। मनोज बदाले, जो अब तक प्रमुख मालिक थे, टीम के साथ जुड़े रहेंगे और अपने अनुभव से फ्रेंचाइजी का मार्गदर्शन करते रहेंगे।

इस अधिग्रहण में साउथ अफ्रीका की पार्ल रॉयल्स और कैरेबियन की बारबाडोस रॉयल्स भी शामिल हैं। हालांकि यह सौदा BCCI, CCI और IPL गवर्निंग काउंसिल की मंजूरी के बाद ही पूरा होगा, जिसकी उम्मीद 2026 की तीसरी तिमाही में की जा रही है। लक्ष्मी मित्तल का राजस्थान से खास रिश्ता है, क्योंकि उनका जन्म राज्य के सादुलपुर गांव में हुआ था। यही वजह है कि यह डील उनके लिए भावनात्मक मायने भी रखती है।

लक्ष्मी मित्तल ने संयुक्त बयान में कहा कि उनका परिवार राजस्थान से है, इसलिए कोई भी ढ्ढक्करु टीम ऐसी नहीं है जिसका वह हिस्सा बनना राजस्थान रॉयल्स से ज्यादा पसंद करूं। उन्होंने पहली बार क्रिकेट स्कूल के दिनों में खेला था और तब से वह इस खेल के बड़े प्रशंसक रहे हैं।

# आईपीएल की छवि बिगाड़ी तो नहीं बख्शेंगे, बीसीसीआई ने टीमों-खिलाड़ियों को दी चेतावनी



नई दिल्ली। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) सचिव देवजीत सैकिया ने शनिवार को कहा कि खिलाड़ियों और अधिकारियों को आइपीएल की छवि बनाए रखने के लिए तय अनुशासन का पालन करना चाहिए और संचालन संस्था नियमों का उल्लंघन करने वाली पक्षों पर लगाम कसने के लिए और भी कड़े उपायों पर विचार कर रही है। सैकिया की यह टिप्पणी राजस्थान रायल्स के कप्तान रियान पराग और टीम मैनेजर रोमी भिंडर पर चल रहे आईपीएल के दौरान दो अलग-अलग घटनाओं के लिए जुर्माना लगाए जाने के ठीक बाद आई है।

बीसीसीआई मुख्यालय में पत्रकारों से बात करते हुए सैकिया ने कहा कि हमने बहुत साफ तौर पर कहा है कि हम उन टीमों पर लगाम कसने के लिए कुछ अन्य विकल्पों पर विचार कर रहे हैं जो नियमों का उल्लंघन कर रही हैं। उन्होंने कहा कि हम कुछ कार्रवाई करेंगे और हम आईपीएल के विभिन्न नियमों और शर्तों और प्रोटोकाल पर विचार कर रहे हैं कि टीमों को कैसा व्यवहार करना चाहिए।

सैकिया ने कहा कि यह सिर्फ उनके खिलाड़ी या कोई अधिकारी ही नहीं हैं। एक टीम के तौर पर उन्हें एक निश्चित अनुशासन बनाए रखना होगा ताकि आइपीएल की छवि पर कभी भी बुरा असर नहीं पड़े। यह सुनिश्चित करने के लिए हमें कोई फैसला लेना होगा और हम कुछ कार्रवाई करेंगे। पराग के खिलाफ कार्रवाई की घोषणा करने वाले अपने ईमेल में बोर्ड ने कहा था कि बीसीसीआइ नियमों का उल्लंघन करने वाली टीम, उसके अधिकारियों और खिलाड़ियों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई शुरू करने के लिए अन्य विकल्पों पर भी विचार कर रहा है ताकि आइपीएल की प्रतिष्ठा बनी रहे। जब उनसे पूछा गया कि क्या पंजाब पुलिस ने बीसीसीआई से संपर्क किया है क्योंकि देश में इलेक्ट्रानिक सिगरेट निषेध अधिनियम 2019 के तहत वेपिंग पूरी तरह से प्रतिबंधित है तो सैकिया ने कहा कि नहीं। ऐसी कोई स्थिति नहीं है। सैकिया ने कहा कि बीसीसीआइ दो दिनों के भीतर आइपीएल प्लेआफ के स्थानों की घोषणा कर देगा। उन्होंने कहा कि हम दो दिनों में स्थल की घोषणा करने जा रहे हैं। हम इस पर काम कर रहे हैं कि आइपीएल प्लेआफ और फाइनल के लिए कौन-कौन से स्थल हमारे लिए सही रहेंगे। इसलिए हमें दो दिन का और समय लगेगा।

# प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र सुरगी में मेघनाथ भूआर्य को भावभीनी विदाई



**36 वर्षों की सेवा के बाद मेघनाथ भूआर्य का सम्मानपूर्वक विदाई समारोह**

राजनांदगांव (दावा)। जिला स्वास्थ्य विभाग के अंतर्गत प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र सुरगी में पदस्थ नॉन मेडिकल असिस्टेंट श्री मेघनाथ भूआर्य 36 वर्ष 6 माह की गौरवशाली सेवा पूर्ण कर सेवानिवृत्त हुए। इस अवसर पर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र सुरगी में उनके सम्मान में भावभीनी विदाई समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान गाजे-बाजे के साथ श्री भूआर्य का स्वागत किया गया। उपस्थित कर्मचारियों एवं ग्रामवासियों ने फूल बरसाकर, पुष्पमाला पहनाकर एवं प्रतीक चिन्ह भेंटकर उन्हें सम्मानित किया। समारोह में उनके दीर्घकालीन सेवाकाल, समर्पण और कार्य के प्रति निष्ठा की सराहना करते हुए सभी ने उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

इस अवसर पर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र सुरगी की प्रभारी श्वेता बंसोड (आरएमए), डॉ. तेजेंद्र वर्मा (मेडिकल ऑफिसर), हेमंत ठाकुर (पर्यवेक्षक) आर. वाजपेई (एलएचवी) सहित स्वास्थ्य विभाग के अनेक कर्मचारी उपस्थित रहे। साथ ही प्रकाश वर्मा, प्रीतेश सोनी, संजय सोनी, प्रीतम ठाकुर, रविकांत चौबे, लोकेश श्रीवास, दीपचंद साहू, दिलीप भीमटे, अमित पारधी , थान सिंह साहू, विनय राजपूत, यश कुमार साहू, जयकुमार राय, धन्ना, हन्दरमन साहू, शशि मेश्राम, भूपेश्वरी साहू, पायल शर्मा, एस. चंद्रवंशी, सरस्वती शर्मा, एम. दुबे, सरिता निषाद, अमरिका निषाद, लक्ष्मी देशमुख, ज्योति दास , टुमीन साहू, भगवती मंडावी सहित मितानिन एवं बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित रहे।

# महाविद्यालय में हरिऔध जयंती पर हुआ भव्य साहित्यिक आयोजन

डोंगरगढ़ (दावा)। शासकीय नेहरू स्नातकोत्तर महाविद्यालय डोंगरगढ़ में प्रभारी प्राचार्य डॉ. श्रीमती ई.वी. रेवती के मार्गदर्शन में 15 अप्रैल को महाविद्यालय के पुराने भवन में हिंदी विभाग द्वारा प्रसिद्ध साहित्यकार अयोध्या सिंह उपाध्याय 'हरिऔध' की जयंती उत्साहपूर्वक मनाई गई।कार्यक्रम में प्रभारी प्राचार्य डॉ. ई.वी. रेवती एवं डॉ. श्रीमती आशा चौधरी मंचासीन रहीं। आयोजन में डॉ. नीता राजपूत, डॉ. येशुक्रिती हजारे एवं सुश्री नीलम सिन्हा की सक्रिय भूमिका रही।

कार्यक्रम का शुभारंभ माता सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन से हुआ। छात्रा भूमिका सेन ने सरस्वती वंदना प्रस्तुत कर वातावरण को भक्तिमय बना दिया। इस अवसर पर प्रभारी प्राचार्य डॉ. रेवती ने हरिऔध जी की जयंती पर शुभकामनाएं देते हुए कहा कि उनका साहित्यिक योगदान अत्यंत व्यापक और अविस्मरणीय है। उनकी रचनाओं में राष्ट्रीयता, समाज सुधार एवं भारतीय संस्कृति का ओजपूर्ण चित्रण देखने को मिलता है। जो आज भी प्रासंगिक है। डॉ. आशा चौधरी ने अपने वक्तव्य में कहा कि हरिऔध जी की रचनाओं में परंपरा और आधुनिकता का सुंदर समन्वय दिखाई देता है। उन्हें उर्दू, संस्कृत, फारसी, बांग्ला एवं अंग्रेजी भाषाओं का गहन ज्ञान था। जो उनके साहित्य में स्पष्ट रूप से झलकता है।विभाग प्रभारी डॉ. नीता राजपूत ने 'उठो लाल अब आंखें खोलो' एवं 'एक तिनका' कविता का भावपूर्ण वाचन करते हुए हरिऔध जी की विशेषताओं पर प्रकाश डाला। डॉ. येशुक्रिती हजारे ने उनके महाकाव्य 'प्रियप्रवास' पर विस्तृत जानकारी देते हुए उसके सर्ग, काव्य-सौंदर्य एवं मूल कथ्य को समझाया। सुश्री नीलम सिन्हा ने हरिऔध के जीवन-वृत्त पर प्रकाश डाला।

कार्यक्रम में विद्यार्थियों की भी सक्रिय भागीदारी रही। छात्र विकास मेश्राम ने 'प्रियप्रवास', छात्रा निशा वर्मा एवं छात्र आसमिन साहू ने 'वैदेही वनवास' का वाचन किया। जबकि छात्र करण ने मूल संवेदना पर अपने विचार व्यक्त किए। कार्यकम में स्नातक एवं स्नातकोत्तर के बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

# सुशासन तिहार 2026 : मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी में 4 मई से सजेंगे जन समस्या निवारण शिविर

मोहला (दावा)। छत्तीसगढ़ शासन के निर्देशानुसार सुशासन तिहार 2026 के अंतर्गत शासन की प्राथमिकताओं में जन शिकायतों का त्वरित, समयबद्ध एवं प्रभावी निराकरण एवं विभिन्न योजनाओं के तहत पात्र हितग्राहियों को लाभान्वित करने के उद्देश्य से जन समस्या निवारण शिविर का आयोजन किया जा रहा है।

जन समस्या निवारण शिविर हेतु क्लस्टर वार तिथि व स्थान निर्धारित किया गया है। तिथि एवं क्लस्टर वार निर्धारित स्थान के अनुसार जनपद पंचायत अंबागढ़ चौकी के अंतर्गत 4 मई को ग्राम पंचायत विचारपुर में जन समस्या निवारण शिविर का आयोजन किया जाएगा। इसी प्रकार 13 मई को ग्राम पंचायत हांडीटोला में, 20 मई को ग्राम पंचायत देववाडवी में, 28 मई को ग्राम पंचायत भनसुला में, 5 जून को ग्राम पंचायत पीपरखार में जन समस्या निवारण शिविर का आयोजन किया जाएगा। जनपद पंचायत मोहला के अंतर्गत 8 मई को ग्राम पंचायत मार्री में जन समस्या निवारण शिविर का आयोजन किया जाएगा।

इसी प्रकार 18 मई को ग्राम पंचायत हेरकुटुब में, 25 मई को ग्राम पंचायत आमाडुला में, 3 जून को ग्राम पंचायत कुम्हली में, 8 जून को ग्राम पंचायत रानाटोला में जन समस्या निवारण शिविर का आयोजन किया जाएगा।

इसी प्रकार जनपद पंचायत मानपुर के अंतर्गत 6 मई को साल्हेभट्ठी में जन समस्या निवारण शिविर का आयोजन किया जायेगा। इसी प्रकार 15 मई को कोराचा में, 22 मई को कहगांव में, 1 जून को खरीदी में जन समस्या निवारण शिविर का आयोजन किया जाएगा। इसी प्रकार नगर पंचायत अंबागढ़ चौकी के अंतर्गत 7 मई को मंगल भवन में जन समस्या निवारण शिविर का आयोजन किया जाएगा। 10 मई को गंजचौक कृषि मंडी में एवं 19 मई को टाउन हॉल में जन समस्या निवारण शिविर का आयोजन किया जाएगा। जन समस्या निवारण शिविर का आयोजन को लेकर प्रत्येक शिविर में एक निश्चित थीम निर्धारित किया गया है।

# विधायक यशोदा नीलांबर वर्मा श्रमिक सम्मेलन में हुई शामिल

खैरागढ़ (दावा)। श्रमिक दिवस के अवसर पर शुक्रवार 1 मई खैरागढ़ विधानसभा क्षेत्र के ग्राम चकनार में आयोजित श्रमिक सम्मेलन में विधायक यशोदा नीलांबर वर्मा बोरे-बासी का स्वाद ली। जिसमें चटनी, भाजी, प्याज के साथ बोरे-बासी त्योहार में सामूहिक भोज का आयोजन हुआ।



विधायक यशोदा निलांबर वर्मा ने कहा कि, इस दिन को मेहनत के उत्सव के रूप में मनाया जाता है। मजदूर के बिना किसी भी समाज या राष्ट्र की उन्नति की कल्पना भी नहीं की जा सकती है। लेकिन हमारे प्रदेश में यह दिवस इसलिए और भी खास है क्योंकि हमारा प्रदेश किसानों, आदिवासियों और मजदूरों का प्रदेश है। श्रम का सम्मान करने और श्रम का उत्सव मनाने के लिए 01 मई को बोरे बासी तिहार के रूप में मनाने का निर्णय लिया है।

## विधायक यशोदा निलांबर वर्मा ने बताया बोरे बासी के फायदे

छत्तीसगढ़ की संस्कृति में बोरे बासी का बड़ा महत्व है, किसानों और श्रमिकों के साथ आम छत्तीसगढ़िया लोगों का भी यह बड़ा प्रिय आहार है, अपने पौष्टिक गुणों और स्वाद के कारण यह हमारी लोक-संस्कृति में रच-बस गया है। यह हमारे शरीर के लिए बहुत ही फायदेमंद है, बोरे-बासी में सारे पोषक तत्व मौजूद होते हैं। गर्मी के दिनों में बोरे-बासी शरीर को ठंडा रखती है।

# व्याख्याता थगेश्वर कुमार साहू राष्ट्रीय नवाचारी शिक्षा रत्न से सम्मानित



डोंगरगांव/ तिलईरवार (दावा)। शिक्षा के क्षेत्र में नित नए नवाचारों और विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए समर्पित व्याख्याता थगेश्वर कुमार साहू ने राजनांदगांव जिले का नाम राष्ट्रीय स्तर पर रोशन किया है।

नवाचारी गतिविधियां समूह भारत (छत्तीसगढ़ टीम) द्वारा आयोजित राष्ट्रीय शैक्षिक संप्रवाह 2025-26 के दौरान उन्हें राष्ट्रीय नवाचारी शिक्षा रत्न सम्मान से नवाजा गया। राजधानी रायपुर के ऐतिहासिक स्वामी आत्मानंद जे.एन. पाण्डेय उत्कृष्ट विद्यालय में आयोजित इस गरिमामयी समारोह में थगेश्वर कुमार साहू को उनकी उत्कृष्ट शिक्षण विधियों के लिए यह सम्मान दिया गया।

साहू जी जो कि राज्यपाल पुरस्कार 2026 के लिए भी चयनित हैं। शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय तिलईरवार (डोंगरगांव) में कार्यरत हैं। वे विद्यालय में खेल-खेल में शिक्षा, रचनात्मक गतिविधियों और बच्चों की सक्रिय सहभागिता बढ़ाने के लिए निरंतर उल्लेखनीय कार्य कर रहे हैं।

समारोह में अतिथि के रूप में छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल के उपसचिव डॉ. बी. रघुनाथ, समग्र शिक्षा के उपसंचालक ए.के. सारस्वत, रायपुर जिला शिक्षा अधिकारी हिमांशु भारती, जिला मिशन समन्वयक एवं संस्था प्राचार्य पाण्डेय मैडम उपस्थित रहीं। अतिथियों ने साहू जी के प्रयासों की सराहना करते हुए इसे अन्य शिक्षकों के लिए प्रेरणादायक बताया। इस बड़ी उपलब्धि पर विद्यालय के प्राचार्य विजय कुमारन अय्यर, समस्त स्टाफ सदस्यों, शिक्षा विभाग के अधिकारियों, साहित्यकारों और परिजनों ने साहू जी को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है। साथ ही राष्ट्रीय नवाचारी शिक्षा संस्था के प्रमुख संजीव कुमार सूर्यवंशी और राष्ट्रपति पुरस्कृत शिक्षिका श्रीमती प्रज्ञा सिंह ने भी उन्हें विशेष शुभकामनाएं प्रेषित की हैं।

## ज्योतिष चमत्कार ( 4 मई 2026 )

**कल्याण**

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| सोम | 0 | 1 | 2 | 3 |
| | 01 | 19 | 26 | 30 |
| मंगल | 1 | 2 | 3 | 4 |
| | 18 | 28 | 39 | 46 |
| बुध | 2 | 3 | 4 | 5 |
| | 29 | 37 | 47 | 59 |
| गुरू | 3 | 4 | 5 | 6 |
| | 36 | 48 | 58 | 62 |
| शुक्र | 4 | 5 | 6 | 7 |
| | 40 | 57 | 63 | 74 |
| शनि | 5 | 6 | 7 | 8 |
| | 56 | 64 | 73 | 81 |

**राजधानी नाईट**

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| सोम | 5 | 6 | 7 | 8 |
| | 54 | 67 | 79 | 86 |
| मंगल | 6 | 7 | 8 | 9 |
| | 68 | 78 | 87 | 90 |
| बुध | 7 | 8 | 9 | 0 |
| | 76 | 89 | 98 | 06 |
| गुरू | 8 | 9 | 0 | 1 |
| | 80 | 97 | 07 | 14 |
| शुक्र | 9 | 0 | 1 | 2 |
| | 96 | 08 | 13 | 21 |

**कल्याण**

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| अंकों का बादशाह | 1 | | | |
| सप्ताह का वरदान | 2 | | | |
| सप्ताह में अचूक | 3 | 6 | 7 | 8 |
| स्पेशल | 30 | 69 | 75 | 84 |

**राजधानी नाईट**

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| अंकों का बादशाह | 9 | | | |
| सप्ताह का वरदान | 8 | | | |
| सप्ताह में अचूक | 2 | 3 | 4 | 7 |
| स्पेशल | 20 | 36 | 45 | 71 |

**सप्ताह में देखें** (कल्याण)

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 12 | 13 | 14 | 15 |
| 2 | 21 | 23 | 24 | 25 |
| 3 | 31 | 32 | 34 | 35 |
| 4 | 41 | 42 | 43 | 45 |
| 5 | 51 | 52 | 53 | 54 |
| 6 | 67 | 68 | 69 | 60 |
| 7 | 76 | 78 | 79 | 70 |
| 8 | 86 | 87 | 89 | 80 |
| 9 | 96 | 97 | 98 | 90 |
| 0 | 06 | 07 | 08 | 09 |

**सप्ताह में देखें** (राजधानी नाईट)

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 17 | 18 | 19 | 10 |
| 2 | 26 | 28 | 29 | 20 |
| 3 | 36 | 37 | 39 | 30 |
| 4 | 46 | 47 | 48 | 40 |
| 5 | 56 | 57 | 58 | 59 |
| 6 | 62 | 63 | 64 | 65 |
| 7 | 71 | 73 | 74 | 75 |
| 8 | 81 | 82 | 84 | 85 |
| 9 | 91 | 92 | 93 | 95 |
| 0 | 01 | 02 | 03 | 04 |

**अंक आपके पत्ते हमारे**

| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 0 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 128 | 138 | 148 | 149 | 140 | 123 | 160 | 134 | 234 | 127 |
| 245 | 129 | 238 | 130 | 230 | 150 | 250 | 233 | 379 | 136 |
| 489 | 237 | 490 | 239 | 357 | 259 | 278 | 279 | 225 | 280 |
| 290 | 570 | 670 | 680 | 456 | 349 | 458 | 260 | 270 | 479 |
| 344 | 228 | 355 | 789 | 339 | 790 | 449 | 125 | 126 | 677 |

**बीते चार सप्ताह के रिकार्ड**

कल्याण

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 51 | 76 | 56 | 51 | 96 | 28 |
| 30 | 03 | 77 | 53 | 89 | 33 |
| 53 | 52 | 48 | 04 | 83 | 79 |
| 79 | 98 | 75 | 37 | 97 | 68 |

राजधानी

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 70 | 02 | 98 | 82 | 78 |
| 06 | 43 | 45 | 77 | 85 |
| 00 | 58 | 53 | 71 | 68 |
| 63 | 85 | 71 | 29 | 27 |

**जनवरी 2025 से मई 2026 तक के रूके जोड़भाव-पेनल**

कल्याण 2024- 22-86
2025- 22-86-92
1-245-227-777 2-228-499-688-444-3-166-
4-400-888 5-122 -799-555
6-330-466-222 7- 999 8-567-440-666
9-144-559-333 0-118-668-000

राजधानी नाईट 2024- -88
2025- -24-49-88-95 -99-01
1-146-290-777, 2-660-444,3-166 -111,
4-112-888, 5-366-447-555 6-556-222,
7-700-999, 8-189-288-666, 9-117-577
- 333, 0-550-668-000

चेतावनी :- इस पत्र में प्रकाशित सर्वत्र शुभ राशियां ज्योतिष एवं ग्रह नक्षत्र के आधार पर धारणा मात्र है। इसका सट्टे आदि से कोई संबंध नहीं है, दुरूपयोग न करें। दुरूपयोग करने पर प्रकाशक की कोई जवाबदारी नहीं होगी। -सम्पादक

***बिहार में कैबिनेट विस्तार पर मुहर : सीएम सम्राट की शाह समेत....***

केंद्रीय मंत्री और जदयू नेता ललन सिंह से मुलाकात की तस्वीर शेयर करते हुए सीएम ने एक्स पोस्ट में कहा, बिहार से जुड़े विभिन्न विकासात्मक विषयों पर विस्तृत चर्चा हुई और राज्य के समग्र विकास को गति देने के लिए सहयोग व समन्वय पर विचार-विमर्श किया गया. बिहार में सम्राट कैबिनेट का विस्तार होना है. बीजेपी जेडीयू के फार्मूले के अनुसार, दोनों के पास सोलह-सोलह मंत्री पद रहने की संभावना है. वर्तमान में मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के पास जो विभाग हैं, वे बीजेपी कोटे से बनने वाले मंत्रियों को और जेडीयू के दोनों उपमुख्यमंत्रियों के पास के विभाग जेडीयू कोटे से बनने मंत्रियों को दिए जाएंगे. बता दें कि बिहार में नई सरकार के गठन के बाद मंत्रिमंडल विस्तार होना बाकी है. सीएम सम्राट चौधरी ने 15 अप्रैल को बिहार के नए मुख्यमंत्री के तौर पर शपथ ली थी. वह राज्य में भाजपा के पहले मुख्यमंत्री हैं. उनके साथ विजय चौधरी और बिजेंद्र यादव ने उपमुख्यमंत्री के तौर पर शपथ ली थी.

***5 रणभूमि-823 सीटें : आज होगी मतगणना,...***

गलियारों में चर्चा का विषय बन गया। अब सबकी निगाहें 4 मई पर टिकी हैं, जब यह साफ हो जाएगा कि किस राज्य में कौन सी पार्टी सत्ता पर काबिज होगी और किसे करना पड़ेगा विपक्ष में बैठने का इंतजार।

***दिल्ली में नया ट्रैफिक नियम, अब 5 चालान....***

सीधे कोर्ट नहीं जा सकेंगे। पहले उन्हें ऑनलाइन शिकायत प्रणाली के जरिए अपनी बात रखनी होगी। अगर वहां से राहत नहीं मिलती, तभी कोर्ट का रास्ता खुलता है और उसके लिए भी चालान राशि का 50 प्रतिशत जमा करना जरूरी होगा। दिल्ली में ट्रैफिक नियमों की अनदेखी लंबे समय से एक बड़ी समस्या रही है। सड़क हादसों को कम करने और लोगों में जिम्मेदारी बढ़ाने के लिए यह सख्ती जरूरी मानी जा रही है। सरकार का मानना है कि जब नियम तोड़ने की कीमत बढ़ेगी, तब ही लोग सावधानी बरतेंगे।

***नेपाल बोला- भारतीय यात्री लिपुलेख से मानसरोवर न जाएं...***

इलाके पर अपना-अपना दावा करते हैं। पीएम मोदी ने 2015 में चीन यात्रा के दौरान उन्होंने और तत्कालीन चीनी प्रधानमंत्री ली केकियांग ने लिपुलेख के रास्ते व्यापार बढ़ाने का समझौता किया था। नेपाल ने उस समय भी इसका विरोध किया था, क्योंकि यह फैसला नेपाल से बिना सलाह के लिया गया था। नेपाल ने तब भारत और चीन को डिप्लोमेटिक नोट भेजे थे। विदेश मंत्रालय ने कैलाश मानसरोवर यात्रा 2026 का पूरा शेड्यूल जारी कर दिया है। इस साल भी यात्रा उत्तराखंड के लिपुलेख और सिक्किम के नाथुला दर्रे से संचालित होगी। दोनों रूट से 10-10 बैचों में कुल 1000 श्रद्धालु यात्रा करेंगे, जिनमें लिपुलेख रूट से 500 यात्री शामिल होंगे। उत्तराखंड के पिथौरागढ़ जिले से संचालित होने वाली इस यात्रा का पहला बैच 4 जुलाई को दिल्ली से रवाना होगा। इससे पहले यात्रियों को 30 जून से 3 जुलाई तक दिल्ली में मेडिकल, डॉक्यूमेंट और ब्रीफिंग की प्रक्रिया पूरी करनी होगी। इस बार यात्रा को लेकर सबसे बड़ा बदलाव यह है कि अब लगभग पूरी यात्रा सड़क मार्ग से होगी। जहां पहले 60 किलोमीटर से ज्यादा पैदल चलना पड़ता था, वहीं अब कुल यात्रा में सिर्फ 38 किलोमीटर ट्रेक ही बचा है। पूरी यात्रा 1738 किलोमीटर की होगी, जिसमें ज्यादातर दूरी वाहन से तय की जाएगी।

## प्रथम पृष्ठ का शेष....

***मॉक पोल, फर्जी पर्चियां या बड़ी गड़बड़ी? बंगाल के उत्तर 24....***

लिए समय नहीं है. चटर्जी ने कहा कि हम जांच की मांग करेंगे और जब तक वे हमें ईव्हीएम यूनिट नहीं दिखाते हैं, मतगणना शुरू नहीं हो सकती. साथ ही कहा कि ज्यादातर पर्चियां मेरे नाम की हैं. मैं इसे चुनाव आयोग की गलती मानूंगी. इस मामले में भाजपा उम्मीदवार अर्जुन सिंह ने कहा कि यह चुनाव परिणाम प्रक्रिया को बाधित करने और रोकने की पूरी साजिश है. सूत्रों के अनुसार, चुनाव आयोग ने उत्तर 24 परगना के जिला निर्वाचन अधिकारी से इस मामले में रिपोर्ट मांगी है. उत्तर 24 परगना के जिला चुनाव अधिकारी ने कहा कि जांच करने पर पता चला है कि दिखाए गए वीवीपीएटी पेपर स्लिप मतदान से पहले किए गए मॉक पोल से संबंधित हैं और मतदान के दिन हुए वास्तविक मतदान से इनका कोई संबंध नहीं है. विस्तृत जांच शुरू कर दी गई है और सत्यापन और कार्रवाई के लिए औपचारिक शिकायत दर्ज कराई गई है.

***10 को रायपुर में आरसीबी वर्सेस एमआई मैच : ऑनलाइन....***

में भी देखने को मिलेगा। दोबारा एंट्री की अनुमति नहीं होगी। वहीं 2 साल से अधिक उम्र के बच्चों के लिए अलग टिकट जरूरी होगा। एक नंबर से केवल चार टिकट की मिलेंगे। दर्शकों को सलाह दी गई है कि वे मैच के दिन समय से पहले पहुंचे और त्त्क्र कोड एक्टिव होने के बाद ही एंट्री के लिए तैयार रहें।

**एम-टिकट ट्रांसफर : सिर्फ एक बार ही संभव :** जानकारी के मुताबिक, हर रू टिकट को केवल एक बार ही ट्रांसफर किया जा सकेगा। इसके बाद उसे आगे किसी और को फॉरवर्ड नहीं किया जा सकता। टिकट ट्रांसफर के दौरान यूजर को रिसीवर का मोबाइल नंबर दर्ज करना होगा। ट्रांसफर कंफर्म होते ही पुराने यूजर की एक्सेस खत्म हो जाएगी। नया यूजर वेबसाइट/ऐप में लॉगिन कर टिकट एक्सेस कर सकेगा। आयोजकों का कहना है कि यह सिस्टम खासतौर पर ब्लैक मार्केटिंग रोकने के लिए लागू किया गया है।

**10वीं-12वीं मेरिट स्टूडेंट्स को दिखाया जाएगा मैच :** छत्तीसगढ़ में 10वीं और 12वीं बोर्ड परीक्षा की मेरिट लिस्ट में जगह बनाने वाले स्टूडेंट्स को ये आईपीएल मैच फ्री में दिखाया जाएगा। स्कूल शिक्षा विभाग ने इस संबंध में सभी संभागीय संयुक्त संचालकों और जिला शिक्षा अधिकारियों को निर्देश जारी किए हैं। विभाग ने निर्देश दिया है कि संबंधित बच्चों को एक टीचर के साथ 10 मई की सुबह 10 बजे तक एससीईआरटी रायपुर पहुंचाना सुनिश्चित किया जाए। इसके बाद वहां से सभी छात्रों को मैच देखने के लिए ले जाया जाएगा। इसके अलावा रायपुर के शहीद वीर नारायण सिंह अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में सुरक्षा के मद्देनजर कई सामानों पर पूरी तरह प्रतिबंध लगाया गया है। आयोजकों और सुरक्षा एजेंसियों ने दर्शकों से अपील की है कि वे सिर्फ जरूरी सामान लेकर ही स्टेडियम पहुंचें और सुरक्षा जांच में सहयोग करें।

***शराब घोटाले में ईडी का बड़ा खुलासा : 13 ठिकानों से 53 लाख....***

वरिष्ठ नौकरशाह, शराब डिस्टिलरी संचालक और उनके सहयोगी शामिल थे। अब तक 9 लोगों को गिरफ्तार किया जा चुका है। इनमें सेवानिवृत्त आईएएस अधिकारी, सीएसएमसीएल के तत्कालीन प्रबंध निदेशक, आबकारी कमिश्नर, पूर्व आबकारी मंत्री, पूर्व मुख्यमंत्री के पुत्र और मुख्यमंत्री कार्यालय के तत्कालीन डिप्टी सचिव शामिल हैं। ईडी अब तक 6 प्रोविजनल अटैचमेंट ऑर्डर जारी कर 380 करोड़ रुपये की संपत्तियां कुर्क कर चुकी है। इसमें कमर्शियल संपत्तियां, वाहन, शेयर और आभूषण शामिल हैं। विशेष न्यायालय में 6 अभियोजन शिकायतें दर्ज की गई हैं, जिनमें 81 आरोपियों (व्यक्ति और संस्थाएं) के नाम शामिल हैं। जांच एजेंसी ने संकेत दिए हैं कि हालिया छापेमारी में मिले नए सबूतों के आधार पर आने वाले दिनों में और भी संपत्तियां कुर्क की जा सकती हैं। मामला फिलहाल स्पेशल कोर्ट, हाई कोर्ट और सुप्रीम कोर्ट में विचाराधीन है और जांच की आंच कई अन्य रसूखदारों तक पहुंच सकती है।

***छग हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस की दो टूक - 'बेंच हंटिंग'....***

पर कड़ी आपत्ति जताई थी। यह सर्कुलर सुनवाई से हटने के नियमों से जुड़ा था। डिवीजन बेंच ने इसे कोर्ट के कामकाज में दखलंदाजी बताया है। यह टिप्पणी तब आई, जब जस्टिस संजय एस अग्रवाल और जस्टिस नरेंद्र कुमार व्यास की डिवीजन बेंच ने वैवाहिक अपील की सुनवाई से खुद को अलग कर लिया। ऐसा इसलिए हुआ, क्योंकि बेंच के एक पीठासीन जज की भतीजी इस मामले में बतौर वकील पेश हुई थी, हालांकि वह जूनियर वकील थीं।

***विनेश फोगाट का सनसनीखेज खुलासा : बोलीं- मैं खुद....***

आज भी बृजभूषण और उनके करीबियों के इशारे पर तय होता है। विनेश के अनुसार सरकार मूकदर्शक बनी हुई है और खिलाड़ियों की मेहनत के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है। उन्होंने सवाल उठाया कि क्या ऐसे माहौल में किसी खिलाड़ी का वजन निष्पक्ष तरीके से चेक होगा या उसकी मेहनत का सही परिणाम मैट पर दिखेगा? विनेश ने वीडियो में अपनी वापसी का जिक्र कर कहा कि वह पिछले डेढ़ साल से कुश्ती की मैट से दूर थीं, लेकिन पिछले कुछ महीनों से वह जी-तोड़ मेहनत कर रही हैं। उन्होंने कहा कि मैं चाहती हूं कि परमात्मा के आशीर्वाद और देशवासियों के सहयोग से फिर से तिरंगे का मान ब?ाऊं और देश के लिए पदक जीतूं। मेरी टीम पूरी ईमानदारी से तैयारी कर रही है, लेकिन व्यवस्था की खामियां हमारे हौसलों को तोड़ने की कोशिश कर रही हैं।

**2023 में दिल्ली के जंतर-मंतर पर धरना शुरू किया था :** याद दिला दें कि जनवरी 2023 में विनेश फोगाट, साक्षी मलिक और बजरंग पूनिया ने दिल्ली के जंतर-मंतर पर ऐतिहासिक धरना शुरू किया था। पहलवानों ने बृजभूषण शरण सिंह पर महिला खिलाड़ियों के शारीरिक शोषण के गंभीर आरोप लगाए थे। उस समय बृजभूषण ने सभी आरोपों को नकारते हुए कहा था कि यदि दोष सिद्ध हुआ तो वह फांसी पर लटक जाएंगे। उन्होंने इस पूरे आंदोलन को राजनीति से प्रेरित बताया था। अब विनेश के इस ताजा खुलासे ने इस कानूनी और सामाजिक लड़ाई को एक नए मोड़ पर खड़ा कर दिया है।

***'पापा मैं बहुत परेशान हूं' : जज अमन कुमार की मौत में बड़ा....***

अमन कुमार शर्मा ने 19 जून 2021 को दिल्ली ज्यूडिशियल सर्विस जॉइन की थी। वह पुणे के सिम्बायोसिस लॉ स्कूल से कानून स्नातक थे और अक्टूबर 2025 से कड़कड़डूमा कोर्ट में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के पूर्णकालिक सचिव के पद पर तैनात थे। फिलहाल पुलिस सभी पहलुओं को ध्यान में रखकर मामले की गहन जांच कर रही है।

# खैरागढ़ में तन्मय गिड़िया सरस्वती शिशु अंग्रेजी माध्यम स्कूल का आगाज, कुलपति डॉ. लवली शर्मा ने किया शुभारंभ

खैरागढ़ (दावा)। नगर में अंग्रेजी माध्यम स्कूल के रूप में एक कडी और जुड़ गई है। राज फैमिली स्थित तन्मय गिड़िया सरस्वती शिशु मंदिर अंग्रेजी माध्यम स्कूल का भव्य शुभारंभ एवं सरस्वती शिशु/उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के वार्षिक परीक्षा परिणामों की घोषणा का भव्य कार्यक्रम उत्साह और गरिमा के साथ आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में इंदिराकला एवं संगीत विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. डॉ. लवली शर्मा उपस्थित रहीं, जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता डीएसपी रमेश कुमार चंद्रा ने की।

वहीं विशिष्ट अतिथि के रूप में पूर्व व्यवस्थापक प्रेमचंद गिड़िया, प्रतिष्ठाचार्य एवं समाजसेवी हुकुमचंद मुणोत, सुशीला गौतम चंद मुणोत तथा सिविल इंजीनियर विनोद पांडे मौजूद रहे। इसके अलावा प्रेम स्मृति शिक्षा समिति के व्यवस्थापक भंवरलाल खत्री, कोषाध्यक्ष महावीर जैन, अध्यक्ष मनोज गिड़िया, प्रेम कुमार सरस्वती शिशु मंदिर की प्रधानाचार्य राजलक्ष्मी सिंह, सरस्वती उच्चतर माध्यमिक विद्या मंदिर के प्राचार्य जितेंद्र शर्मा तथा तन्मय गिड़िया सरस्वती शिशु अंग्रेजी माध्यम स्कूल की प्राचार्य प्रियंका गुप्ता सहित बड़ी संख्या में अभिभावक, शिक्षकगण एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

### कुलपति प्रो डॉ लवली शर्मा ने फिता काटकर उद्घाटन किया

कार्यक्रम की शुरुआत सभी अतिथियों द्वारा नवनिर्मित तन्मय गिड़िया सरस्वती शिशु मंदिर अंग्रेजी माध्यम स्कूल के लोकार्पण के साथ हुई। मुख्य अतिथि कुलपति प्रो. डॉ. लवली शर्मा ने सभी कक्षाओं का फीता काटकर विधिवत उद्घाटन किया। इसके पश्चात विद्यालय की छात्राओं ने मधुर स्वागत गीत प्रस्तुत कर अतिथियों का भावपूर्ण स्वागत किया। जिससे पूरा वातावरण सांस्कृतिक और आध्यात्मिक रंग में रंग गया।

### सरस्वती शिशु मंदिर केवल शिक्षा केंद्र नहीं, बल्की संस्कारो की पाठशाला है

प्रेम स्मृति शिक्षा समिति के अध्यक्ष मनोज गिड़िया ने अपने उद्बोधन में विद्यालय की 50 वर्षों की गौरवशाली यात्रा का उल्लेख करते हुए कहा कि, सरस्वती शिशु मंदिर केवल शिक्षा का केंद्र नहीं, बल्कि संस्कारों की पाठशाला है। उन्होंने बताया कि, अब तक यह विद्यालय



हिंदी माध्यम में संचालित होता रहा है, लेकिन क्षेत्र के अभिभावकों एवं नागरिकों की लगातार बढ़ती मांग को ध्यान में रखते हुए अंग्रेजी माध्यम की शुरुआत का निर्णय लिया गया। उन्होंने कहा कि, वर्तमान समय में मातृभाषा हिंदी के साथ-साथ अंग्रेजी भाषा का ज्ञान भी हो गया है, और इसी संतुलन को ध्यान में रखते हुए यह पहल की गई है।सरस्वती शिशु मंदिर अंग्रेजी माध्यम के लिए समाजसेवियों एवं विधालय से जुड़े पदाधिकारियों ने संस्था के विस्तार और अतिरिक्त कक्ष निर्माण के लिए दान देने की घोषणा की। कार्यक्रम के दौरान कई समाजसेवियों एवं विद्यालय से जुड़े पदाधिकारियों ने अंग्रेजी माध्यम स्कूल के विस्तार के लिए अतिरिक्त कक्ष निर्माण हेतु उदारतापूर्वक दान राशि देने की घोषणा भी की जिससे विद्यालय के भविष्य के विकास को नई दिशा मिलने की उम्मीद जताई गई।

### सरस्वती शिशु मंदिर देशभर में संस्कार आधारित शिक्षा के लिए जाना जाता है- कुलपति

मुख्य अतिथि प्रो. डॉ. लवली शर्मा ने अपने संबोधन में कहा कि, सरस्वती शिशु मंदिर देशभर में संस्कार आधारित शिक्षा के लिए जाना जाता है। उन्होंने कहा कि विद्यालय परिसर में प्रवेश करते ही एक सकारात्मक ऊर्जा का अनुभव होता है और यहां के बच्चों को देखकर उन्हें अपना बचपन याद आ गया। उन्होंने विशेष रूप से इस बात पर जोर दिया कि आज के समय में ऐसे शिक्षण संस्थानों की आवश्यकता है, जहां शिक्षा के साथ-साथ नैतिक मूल्यों और अनुशासन का भी समुचित विकास हो।

### सरस्वती शिशु/उच्चतर माध्यमिक विद्या मंदिर के परीक्षा परिणामों की घोषणा

सरस्वती शिशु/उच्चतर माध्यमिक विद्या मंदिर में विभिन्न कक्षाओं में विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए विद्यालय का नाम रोशन किया। कक्षा अरुण में भवन्या यादव ने 95.3 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान हासिल किया। कक्षा उदय में प्रियांश बंजारे 97.3 प्रतिशत के साथ प्रथम रहे। कक्षा प्रथम में दीक्षांश वर्मा 96.66 प्रतिशत, कक्षा द्वितीय में प्रणव वर्मा 96.5 प्रतिशत, कक्षा तृतीय में भव्या धर्मी 98.5 प्रतिशत, कक्षा चतुर्थ में डीकेश्वर जंघेल 96 प्रतिशत, कक्षा षष्ठम में रेणुका देशमुख 94.83 प्रतिशत, कक्षा सप्तम में झरना साहू 87.66 प्रतिशत, कक्षा नवम में भावना देशमुख 95.33 प्रतिशत तथा कक्षा एकादश में श्वेता जंघेल 92.2 प्रतिशत अंकों के साथ अपने-अपने वर्ग में प्रथम स्थान पर रहे।

### राज्य के बोर्ड परीक्षाओं में भी विद्यालय के विद्यार्थियों ने शानदार प्रदर्शन किया

कक्षा दशम में भूमिका साहू ने 91.5 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त किया, वहीं कक्षा द्वादश में गौरी साहू ने 86.8 प्रतिशत अंकों के साथ प्रथम स्थान हासिल किया। सभी मेधावी छात्र-छात्राओं को कार्यक्रम में उपस्थित अतिथियों द्वारा मेडल पहनाकर एवं पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर अतिथियों ने विद्यार्थियों को उनके उज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं और कहा कि निरंतर परिश्रम, अनुशासन और सकारात्मक सोच ही सफलता की कुंजी है। साथ ही, जो विद्यार्थी अपेक्षित सफलता प्राप्त नहीं कर सके, उन्हें निराश न होकर और अधिक मेहनत करने तथा अपने लक्ष्य की ओर निरंतर प्रयासरत रहने के लिए प्रेरित किया गया।

# सी.जी. पब्लिक स्कूल की दिव्यांशी जिला प्रवीण्य सूची में



**मां व्याख्याता और पिता बटालियन में**

डोंगरगांव (दावा)। छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल रायपुर द्वारा घोषित किये गये बारहवीं व दसवीं बोर्ड के परीक्षा परिणामों में नगर के प्रतिष्ठित संस्था सी.जी.पब्लिक स्कूल के छात्र-छात्राओं ने शत प्रतिशत सफलता प्राप्त की है. शाला की कक्षा 12वीं जीवविज्ञान संकाय अंग्रेजी माध्यम की छात्रा कु.दिव्यांशी मेश्राम ने 92.4 प्रतिशत अंक प्राप्त कर जिले की टॉप टेन सूची में आठवाँ स्थान तथा तहसील में प्रथम स्थान प्राप्त कर संस्था एवं नगर का गौरव बढ़ाया है. परीक्षा परिणाम को लेकर विद्यार्थियों, अभिभावकों एवं शाला परिवार में हर्ष है. बता दें कि दिव्यांशी मां उर्मिला मेश्राम उच्चतर माध्यमिक शाला गैंदाटोला में जीवविज्ञान विषय में व्याख्याता के पद पर पदस्थ हैं वहीं उनके पिता श्रीपाल मेश्राम राजनांदगाँव बटालियन में आरक्षक के पद पर पदस्थ है. दिव्यांश भविष्य लॉ के क्षेत्र में सिविल जज परीक्षा की तैयारी करके अपना कैरियर बनाना चाहती है.

सी.जी. पब्लिक स्कूल शाला परिवार की तरफ से इस शानदार उपलब्धि पर संस्था के प्राचार्य एजाज अली हाशमी, रियाज अली हाशमी तथा शिक्षकगण पुनीत राम ठाकुर, सुकाल सिंह साहू, टेमलाल पटेल, अमन शर्मा, मोहम्मद तैय्यब, रमनम पटेल, प्रणव सारस्वत, प्रकाश साहू, प्रकाश कुमार यादव, सबा हाशमी, शर्मिला कुंवर, सुषमा सोनी, स्तुति हरिहारनो, आयुषी गुप्ता, कुमेश साहू, अनिल साहू एवं खिलेन्द्र कुमार द्वारा इसकी उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए बधाई दी है.

# भगवान बुद्ध जयंती पर हिंदू जागरण मंच ने किया श्रद्धापूर्वक माल्यार्पण

राजनांदगांव(दावा)। भगवान बुद्ध की जयंती के पावन अवसर पर हिंदू जागरण मंच राजनांदगांव द्वारा भरका पारा स्थित बौद्ध मंदिर में पहुंचकर भगवान बुद्ध की प्रतिमा पर पुष्पमाला अर्पित कर श्रद्धापूर्वक नमन किया गया। इस अवसर पर उपस्थित कार्यकर्ताओं ने भगवान बुद्ध के बताए मार्ग–अहिंसा, करुणा और सत्य–पर चलने का संकल्प लिया।

कार्यक्रम के दौरान हिंदू जागरण मंच के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने भगवान बुद्ध के जीवन और उनके उपदेशों को समाज के लिए प्रेरणादायक बताया। उन्होंने कहा कि भगवान बुद्ध का संदेश आज के समय में अत्यंत प्रासंगिक है, जो मानवता, शांति और सद्भावना का मार्ग दिखाता है। इस अवसर पर उपस्थित सभी लोगों ने एकजुट होकर समाज में आपसी भाईचारा, सद्भाव और नैतिक मूल्यों को बढ़ावा देने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में मंच के कार्यकर्ता एवं स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे। अंत में सभी ने भगवान बुद्ध के चरणों में पुष्प अर्पित कर विश्व शांति एवं समाज की उन्नति की कामना की।

# 10वीं में 96.17 प्रतिशत के साथ छात्र दीप विजय गेंद्रे जिले में तीसरे स्थान प्राप्त किया

राजनांदगांव (दावा)। छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल रायपुर द्वारा जारी 10वीं और 12वीं बोर्ड परीक्षा परिणाम 2026 घोषित किया गया। जिसमें ग्रामीण क्षेत्र राजनंदगांव ब्लॉक के शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला बोरी का कक्षा दसवीं एवं बारहवीं की परीक्षा परिणाम उत्कृष्ट रहा। कक्षा दसवीं में कुल 64 परीक्षार्थी सम्मिलित हुए, कुल उत्तीर्ण परीक्षार्थी 60 जिसमें प्रथम श्रेणी में 37, द्वितीय श्रेणी में 22, और तृतीय श्रेणी में 01 इस प्रकार दसवीं कक्षा का परीक्षा परिणाम 94प्रतिशत रहा। इसी प्रकार कक्षा 12वीं का परीक्षा परिणाम भी उत्कृष्ट रहा परीक्षा में 43 परीक्षार्थी सम्मिलित हुए जिसमें स्कूल कुल उत्तीर्ण 40 - प्रथम श्रेणी में 24, द्वितीय श्रेणी में 15 और तृतीय



श्रेणी 01 में एक 3 सप्लीमेंट्री इस प्रकार परीक्षा परिणाम 93प्रतिशत रहा। कक्षा दसवीं में दीप विजय गेंद्रे 96.17प्रतिशत के साथ जिले में तीसरे स्थान प्राप्त करते हुए अपने विद्यालय के साथ-साथ जिले का क भी गौरव बढ़ाया। इस अवसर पर जिला शिक्षा अधिकारी प्रवास कुमार सिंह बघेल ने संस्था के प्राचार्य और बच्चे को बुलाकर बहुत-बहुत बधाई एवं शुभकामनाएं दिए। राजनांदगांव के जिलाधीश जितेंद्र यादव जी द्वारा दीप विजय को अपने सभागार में गुलदस्ता प्रदान कर बहुत-बहुत शुभकामनाएं और आशीर्वाद दिए। इसके पश्चात विधानसभा अध्यक्ष और राजनांदगांव के विधायक डॉ. रमन सिंह द्वारा रायपुर निवास में भी प्रतिभावान बच्चे दीप विजय एवं प्राचार्य श्रीमती अनीता सहारे साथ फोटो शेयर करते हुए गुलदस्ता प्रदान कर सम्मानित किया गया। शाला प्रबंधन एवं विकास समिति के अध्यक्ष मोहनलाल देवांगन ने शाला परिवार को शुभकामनाएं उज्जवल भविष्य की कामना प्रदान की एवं भाजपा ग्रामीण पिछड़ा वर्ग मोर्चा के मंडल अध्यक्ष लालाराम देवांगन एवं सरपंच जीवन साहू भी विद्यालय में आकर प्राचार्य एवं विद्यार्थी दीप विजय एवं पूरे शाला परिवार को बहुत-बहुत बधाई और शुभकामनाएं प्रदान किया और भविष्य के लिए और अच्छा मेहनत करने और अच्छे स्थान प्राप्त करने के लिए प्रेरित किया गया।

# रेल यात्रा वृत्तांत पर अखिल भारतीय स्तर की निबंध प्रतियोगिता



डोंगरगढ़(दावा)। रेलकर्मियों सहित जनसाधारण के रेल यात्रा संबंधी अनुभव प्राप्त करने व हिंदी के प्रति रूची उत्पन्न करने एवं रेलवे की कार्यप्रणाली को बेहतर बनाने के उद्देश्य से रेल मंत्रालय द्वारा रेल यात्रा वृत्तांत पुरस्कार योजना, प्रारम्भ की गई है।

इस योजना के तहत कोई भी भारतीय नागरिक रेल यात्रा से संबंधित संस्मरण 'रेल यात्रा वृत्तांत' विषय पर न्यूनतम 3000 से अधिकतम 3500 शब्दों में एक निबंध टाइप कराकर दो प्रतियों में दिनांक 31 जुलाई तक सहायक निदेशक, हिन्दी (प्रशिक्षण), कमरा नम्बर 316, काफमो रेल कार्यालय परिसर, तिलक ब्रिज, आईटीओ, नई दिल्ली-110002 पर भेज सकते हैं। इसके लिए रेलवे बोर्ड द्वारा प्रथम पुरस्कार 10000 रू. के, द्वितीय पुरस्कार 8000 रू. के, तृतीय पुरस्कार 6000 रू. के एवं 5 प्रेरणा पुरस्कार प्रत्येक के लिए 4000 रु. के पुरस्कारों की व्यवस्था रखी गई है।

### प्रतियोगिता में भाग लेने वालो के लिए नियमावली

रेल यात्रा वृत्तांत पुरस्कार योजना में भाग लेने वाले प्रतियोगी को चाहिए कि वे अधिक से अधिक 3000 शब्दों में यात्रा वृत्तांत कागज के एक ओर डबल स्पेस में टाइप, होना चाहिए, दो प्रतियों में होना चाहिए एवं प्रतियोगी का विवरण जैसे- नाम, पदनाम, आयु, पता-कार्यालय/निवास, मातृभाषा, दूरभाष/मोबाइल, ई-मेल आदि का स्पष्ट उल्लेख किया गया हो। इस रेल यात्रा वृत्तांत पुरस्कार योजना में भाग लेने के इच्छुक केंद्रीय अथवा राज्य सरकार की सेवा में कार्यरत अधिकारियों/कर्मचारियों को इस आशय का घोषणा पत्र देना होगा कि, उनके विरुद्ध किसी भी प्रकार का सतर्कता/अनुशासन एवं अपील नियम से संबंधित मामला लंबित या विचाराधीन नहीं है। जो आवेदक सरकारी सेवा में नहीं हैं, उन्हें इस आशय का घोषणा पत्र देना होगा कि उनके खिलाफ न तो किसी भी प्रकार का आपराधिक मामला चल रहा है और न ही वे किसी प्रकार की सजा भुगत रहे हैं।

### यात्रा वृतांत हिंदी में और मौलिक होना चाहिए

जिन वृत्तांतों को भारत सरकार या राज्य सरकार की किसी योजना के अधीन एक बार पुरस्कार दिया जा चुका हो, उन्हें इस योजना में शामिल नहीं किया जाएगा। इसके लिए लेखक को प्रमाण पत्र देना होगा कि, उसके लेख को किसी अन्य योजना के अंतर्गत पुरस्कृत नहीं किया गया है। कोई भी भारतीय नागरिक इस प्रतियोगिता में भाग ले सकता है। यात्रा वृत्तांत भेजने की अंतिम तारीख 31 जुलाई है।

# अभ्यर्थियों को पर्ची निकालकर चुनाव चिन्ह आबंटित



खैरागढ़ (दावा)। छत्तीसगढ़ राज्य वक़्फ़ बोर्ड रायपुर के निर्देशानुसार जामा मस्जिद खैरागढ़ में अध्यक्ष पद हेतु अनुविभागीय अधिकारी राजस्व खैरागढ़ के मार्गदर्शन में पर्ची निकालकर चुनाव चिन्ह आबन्टित किया गया। स्क्रूटनी में अध्यक्ष पद हेतु पात्र अभ्यर्थियों अरसद हुसैन और अय्यूब सोलंकी को आज चुनाव समिति के द्वारा पर्ची निकालकर चुनाव चिन्ह आबन्टित किया गया। इसके पूर्व अभ्यर्थियों को चयन हेतु 6 वांछित चुनाव चिन्ह दिखाया गया, जिसमे से दो चिन्ह पर सहमति बनी। दोनों चिन्हों की पर्ची बक्से में डालकर पर्ची निकलवाई गई। जिसमे अरसद हुसैन को मुसाफा, हाथ मिलाता हुआ चुनाव चिन्ह मिला वही मोहम्मद अय्यूब सोलंकी का दो पत्ती चुनाव निकला। सद्भावना का परिचय देते हुए दोनों अभ्यर्थियों ने एक दूसरे को शुभकामनाएं दी।

# नीरज विद्या मंदिर में क्षमता निर्माण कार्यक्रम संपन्न शिक्षकों ने सीखीं प्रभावी शिक्षण की आधुनिक तकनीकें



**सीबीएसई भुवनेश्वर के मार्गदर्शन में लर्निंग आउटकम्स एवं पेडागॉजी पर हुई एक दिवसीय कार्यशाला**

डोंगरगांव (दावा)। मोहाड़ (डोंगरगांव) स्थित नीरज विद्या मंदिर में सीबीएसई सेंटर ऑफ एक्सीलेंस, भुवनेश्वर के मार्गदर्शन में एक दिवसीय क्षमता निर्माण कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया।

इस कार्यशाला का मुख्य विषय 'लर्निंग आउटकम्स एवं पेडागॉजी' रहा। जिसमें शिक्षकों की शिक्षण क्षमताओं को निखारने और परिणाम-आधारित शिक्षा को प्रभावी बनाने पर जोर दिया गया। कार्यशाला में रिसोर्स पर्सन के रूप में सुजीत कुमार रॉय (अंबुजा विद्या पीठ, रावण) और श्रीमती पूजा वर्मा (कृष्णा पब्लिक स्कूल बिलासपुर) उपस्थित रहे।

विशेषज्ञों ने शिक्षण की नवीन विधियों, प्रभावी पाठ योजना और मूल्यांकन के आधुनिक तरीकों पर शिक्षकों का विस्तार से मार्गदर्शन किया। उन्होंने बताया कि कैसे कक्षा के भीतर केवल किताबी ज्ञान न देकर विद्यार्थियों में व्यवहारिक कौशल विकसित किया जा सकता है।

### शिक्षा का उद्देश्य केवल ज्ञान देना नहीं : प्राचार्य

कार्यक्रम का शुभारंभ संस्था की कार्यकारी निदेशक श्रीमती पुष्पा बाजपेयी एवं प्राचार्य जीवेश द्विवेदी ने किया। प्राचार्य श्री द्विवेदी ने अपने संबोधन में कहा कि आज के समय में शिक्षा का मुख्य उद्देश्य केवल ज्ञान प्रदान करना नहीं, बल्कि विद्यार्थियों में आवश्यक कौशल का विकास करना है। इस प्रकार के प्रशिक्षण कार्यक्रम शिक्षकों को नया दृष्टिकोण देते हैं। जिससे शिक्षा की गुणवत्ता बेहतर होती है। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में क्षेत्र के विभिन्न विद्यालयों के शिक्षकों ने हिस्सा लिया। कार्यक्रम का संचालन सुरवि लॉरेंस द्वारा किया गया।

विद्यालय प्रबंधन ने सीबीएसई सीओई भुवनेश्वर के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह आयोजन शिक्षकों के सतत व्यावसायिक विकास के प्रति उनकी प्रतिबद्धता का हिस्सा है।

# भरकापारा में बुद्ध जयंती की धूम : धम्म रैली और बुद्ध वंदना से गूंजा अशोक स्तंभ चौक



**बच्चों के लिए आयोजित हुई विविध प्रतियोगिताएं, संघमित्रा महिला मंडल ने किया खीर वितरण**

राजनांदगांव (दावा)। अंबेडकर सेवा समिति, भरकापारा द्वारा बुद्ध जयंती का पर्व बड़े ही हर्षोल्लास और श्रद्धा के साथ मनाया गया। इस अवसर पर उपासक-उपासिकाओं ने अंबेडकर भवन से अशोक स्तंभ चौक तक भव्य धम्म रैली निकाली गई और बुद्ध वंदना की गई। रैली के पश्चात अंबेडकर भवन में परित्राण पाठ का आयोजन किया गया। जिसमें भगवान गौतम बुद्ध के जीवन एवं उनके उपदेशों पर विस्तार से प्रकाश डाला गया तथा उनके बताए मार्ग पर चलने के लिए प्रेरित किया गया। कार्यक्रम के अंतर्गत नर्सरी से कक्षा 12वीं तक के बच्चों के लिए निबंध, ड्राइंग, भाषण, गीत, कविता, लेखन एवं नृत्य जैसी विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। इन प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया। साथ ही 10 अप्रैल से 14 अप्रैल 2026 तक आयोजित प्रतियोगिताओं के प्रतिभागियों को भी इस अवसर पर सम्मानित किया गया। संघमित्रा महिला मंडल द्वारा उपस्थित लोगों को खीर वितरित की गई। वहीं कुछ उपासिकाओं ने भी अपने घरों से खीर लाकर वितरण में सहयोग दिया। कार्यक्रम की जानकारी मीडिया प्रभारी अर्चना गौतम द्वारा दी गई।

# सोमनी में नवीन पंचायत भवन हेतु 20 लाख रुपए स्वीकृत, ग्रामीणों में हर्ष

सोमनी (दावा)। विधानसभा क्षेत्र के प्रमुख ग्राम सोमनी के विकास को नई दिशा देते हुए विधानसभा अध्यक्ष एवं विधायक डॉ. रमन सिंह द्वारा नवीन पंचायत भवन निर्माण हेतु 20 लाख रुपए की राशि स्वीकृत की गई है। इस स्वीकृति से ग्रामवासियों एवं पंचायत प्रतिनिधियों में खुशी की लहर है। ज्ञात हो कि ग्राम सोमनी की विभिन्न समस्याओं को लेकर 24 अप्रैल 2026 को स्पीकर हाउस कार्यालय राजनांदगांव में विधायक प्रतिनिधि संतोष अग्रवाल की अध्यक्षता में भाजपा ग्रामीण मंडल के पदाधिकारियों की बैठक आयोजित की गई थी। बैठक में भाजपा ग्रामीण मंडल सोमनी के महामंत्री रमन सिंह राजपूत ने ग्राम की समस्याओं को लिखित रूप में



प्रस्तुत करते हुए विस्तार से अवगत कराया था। इस दौरान उन्होंने पूर्व में किए गए प्रयासों का भी उल्लेख किया। जिसमें पूर्व सांसद अभिषेक सिंह द्वारा अपने संसदीय कार्यकाल में पंचायत भवन के लिए राशि स्वीकृत करवाई गई थी। जिसे बाद में निरस्त कर दिया गया था। इन सभी तथ्यों को पुनः संज्ञान में लाते हुए जनहित में त्वरित निर्णय लिया गया और पंचायत भवन हेतु 20 लाख रुपए की स्वीकृति प्रदान की गई। महामंत्री रमन सिंह राजपूत ने इस महत्वपूर्ण स्वीकृति के लिए माननीय डॉ. रमन सिंह, विधायक प्रतिनिधि संतोष अग्रवाल, पूर्व सांसद अभिषेक सिंह एवं जिला भाजपा अध्यक्ष कोमल सिंह राजपूत के प्रति आभार व्यक्त किया है।

# नोबिता साहू ने पांचवीं में 93 फीसदी अंको से लहराया परचम

गंडई (दावा)। नगर पंचायत गंडई में संचालित साई



एजुकेशनल एकेडमी (इंग्लिश मीडियम) की छात्रा नोबिता साहू ने केंद्रीकृत कक्षा पांचवी बोर्ड की परीक्षा 93 प्रतिशत अंकों से उत्तीर्ण कर शाला में सर्वोच्च स्थान हासिल किए है।

वे नगर के प्रधानपाठक गांधी राम साहू के सुपुत्री हैं तथा शुरू से मेधावी रही है। उन्होंने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता - पिता, गुरुजनों एवं परिजनों को दिए है।

शाला परिवार ने उनकी उपलब्धि पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दीं है।

# नन्हें सिद्धार्थ ने कक्षा पहली में गाड़े सफलता के झंडे, 87.4 प्रति. अंकों के साथ लहराया परचम



**पार्षद व प्रेस क्लब उपाध्यक्ष शैलेंद्र तिवारी के सुपुत्र ने बढ़ाया नगर का मान, विद्यालय में हर्ष की लहर**

छुईखदान (दावा)। स्थानीय विवेकानंद संस्कार स्कूल के छात्र सिद्धार्थ तिवारी ने कक्षा एक की परीक्षा में 87.4 प्रतिशत अंक प्राप्त कर शानदार सफलता हासिल किया। सिद्धार्थ नर्सरी क्लास से ही एक होनहार छात्र रहा। वे विवेकानंद संस्कार स्कूल मैं नर्सरी से ही अपनी पढ़ाई और अनुशासन के लिए जाना जाता है। सिद्धार्थ तिवारी जिला प्रेस क्लब के उपाध्यक्ष शैलेंद्र तिवारी का पुत्र है। उनकी इस उपलब्धि से परिवार विद्यालय पूरा नगर और क्षेत्र मे खुशी का माहौल है। सिद्धार्थ तिवारी पिता शैलेंद्र तिवारी एवं माता निधि तिवारी के सुपुत्र है। निधि तिवारी नगर पंचायत में वर्तमान में पार्षद है। परिजनों ने बताया कि सिद्धार्थ शुरू से ही पढ़ाई के प्रति गंभीर और मेहनती रहा है। विद्यालय के शिक्षकों ने सिद्धार्थ की लगन और अनुशासन की सराहना करते हुए उसके उज्वल भविष्य की कामना की है। इस सफलता पर विवेकानंद संस्कार स्कूल के प्राचार्य आदित्य देव वैष्णव, संजय पाल, नम्रता देवी वैष्णव, गिरिराज किशोर दास, रामकुमार पटेल, गजेंद्र ठाकरे, हेमंत वैष्णव, प्रकाश महोबिया, कपिनाथ महोबिया, नीरज महोबिया, दिलीप महोबिया, दीपक जैन, संदीप महोबिया, अंकित महोबिया, विक्रम ठाकुर, अनिल यादव, देवेश सोनी, रिश्तेदारों और क्षेत्रवासियों ने बधाईयों का तांता लगा दिया है।

# मोबाईल छोड़ मैदान की ओर : मस्ती की पाठशाला में उमड़ा राजनांदगांव, पारंपरिक खेलों और योग का दिखा संगम






**राजनांदगांव (दावा)।** मोबाईल की दुनिया से निकलकर प्रातः प्रकृति से जुड़ने नगर निगम द्वारा चौपाटी के पास रविवार सुबह आयोजित मस्ती की पहली पाठशाला में बच्चे एवं युवा बडी संख्या में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिए। भारतीय परंपरा से जुड़े खेल के अलावा योगा एवं जुम्बा डांस का आनंद लेने सुबह 5:30 बजे से ही बच्चे परिवार सहित पहुंचे। पाठशाला में महापौर मधुसूदन यादव ने स्वच्छ शहर के लिए उपस्थित लोगों को स्वच्छता अपनाने शपथ दिलाई।

महापौर मधुसूदन यादव ने उपस्थितजनों का स्वागत करते हुए कहा कि शहर वासियो ने पहले दिन उत्साह से मस्ती की पाठशाला में भाग लिए। बच्चे एवं युवा जो आज मोबाईल की दुनिया में खोते जा रहे है। वे आज सुबह से ही अपने स्वास्थ्य की चिंता कर स्वस्थ्य मनोरंजन के लिए बड़ी तादात में परिवार सहित पहुचे, यह बहुत खुशी की बात है। उन्होंने कहा कि नागरिको की मांग पर बजट में प्रावधान कर मस्ती की पाठशाला आयोजित किया जा रहा है। शहर के प्रबुद्धजन, समाजिक एंव खेल संस्था के सहयोग से पाठशाला शुरू की गई है। गर्मी की छुट्टी में बच्चों के मनोरंजन के लिए प्रत्येक रविवार को पाठशाला का आयोजन होगा। उन्होंने कहा कि आज पहला आयोजन है। आगे बेहतर रूप देने का प्रयास किया जाएगा। उन्होंने आज की उपस्थिति के लिए एवं सभी के सहयोग के लिए सबका आभार व्यक्त करता हूॅ। आयुक्त अतुल विश्वकर्मा ने कहा कि खेल जगत एवं समाजिक संस्था से जुड़े प्रबुद्धजनों के सहयोग से मस्ती की पाठशाला प्रत्येक रविवार को सुबह 5:30 से 7:30 बजे तक आयोजित किये जाएंगे। आज पहली पाठशाला शुरू हुई है। जिसमें निगम प्रशासन, पुलिस तथा यातायात विभाग के अधिकारी, कर्मचारी व्यवस्था में लगे हुए है। जो कमी है उसको आगामी आयोजनों में दूरकर और अच्छा करने का प्रयास किया जाएगा। पाठशाला का शुभारंभ योगा से हुआ। जिसमें पतंजली भारत स्वाभिमान न्यास राजनांदगांव के राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए चयनित बच्चों ने योगा का अद्भुत प्रदर्शन किया। जिसे देख युवाओं एवं बुजुर्गो ने योग किया। इसके साथ बच्चे एवं युवाओं ने तीरंदाजी, रस्साकसी, बेडमिंटन, कराटे व साप-सीढ़ी के साथ-साथ साई के विद्यार्थियों द्वारा किये गए एक्टीविटीज का मजा लिए। वही लगभग 200 बच्चों ने यामिनी क्रीडा केन्द्र द्वारा रंगो की मस्ती चित्रकला में भाग लेकर रंगो से अपनी कल्पना उकेरे। इसके अलावा सभी लोगों ने पाठशाला में पूरे समय चौपाटी के सामने बाडी टेक जीम के सदस्यों के साथ संगीतमय जुम्बा डॉस किये।

### प्रत्येक रविवार सुबह 5:30 बजे सजेगी क्लास, महापौर ने शहरवासियों को दिलाई स्वच्छता की शपथ

पाठशाला के अंत में महापौर श्री यादव ने उपस्थितजनो को स्वच्छता अपनाने तथा अपने घर, मोहल्ले एवं शहर को स्वच्छ एवं साफ रखने, न गंदगी करूगां, न किसी को करने दुगां, गिला एवं सुखा कचरा अलग रख निगम की स्वच्छता दीदीयो को देने, सिंगल यूज प्लांस्टिक का उपयोग नहीं करने, देश का सबसे स्वच्छ शहर बनाने शपथ दिलाई। पाठशाला में राष्ट्रपति पुरस्कार से सम्मानित छत्तीसगढ़ी लोक गायक कांति कार्तिक यादव ने छत्तीसगढी गीत एवं भजन की प्रस्तुति देकर जनगणना में भाषा के कालम में छत्तीसगढ़ी भाषा लिखने गीत के माध्यम से अपील किए। पाठशाला का सफल आयोजन में पतंजली योग समिति, बाडी टेक जीम, साई संस्था, ब्लड डोनेड संघ, यामिनी कला केन्द्र, राजनांदगांव रनर ग्रुप, के अलावा खेल जगत से हॉकी, कराटे, तीरंदाजी आदि संघो का सहयोग रहा। आज की पाठशाला में पार्षदो सहित बच्चे, युवा एवं बुजुर्गो ने परिवार सहित बड़ी संख्या में भाग लिये।

## भाजपा का मिशन बूथ विजय : राजनांदगांव के 16 मंडलों में प्रभारियों की नियुक्ति, संगठन को दी नई धार



राजनांदगांव (दावा)। भारतीय जनता पार्टी जिला राजनांदगांव के जिला संगठन प्रभारी जितेन्द्र वर्मा की सहमति से जिलाध्यक्ष कोमल सिंह राजपूत ने संगठन को और अधिक सशक्त एवं सक्रिय बनाने की दिशा में बड़ा कदम उठाते हुए 16 मंडलों में प्रभारी एवं सह-प्रभारियों की नियुक्ति की घोषणा की है। इस निर्णय को आगामी चुनावी रणनीति और बूथ स्तर तक संगठन विस्तार के लिए महत्वपूर्ण माना जा रहा है। जिला नेतृत्व के अनुसार इन नियुक्तियों से पार्टी कार्यकर्ताओं के बीच समन्वय बढ़ेगा और केंद्र एवं राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को तेजी से आम जनता तक पहुंचाया जा सकेगा।

### जिलाध्यक्ष कोमल सिंह राजपूत ने जारी की सूची, सौरभ कोठारी, तरुण लहरवानी सहित दिग्गजों को सौंपी कमान

मंडल प्रभारी एवं सह-प्रभारी में सौरभ कोठारी, श्रीमती शीला टाकेश सिन्हा (राजनांदगांव उत्तर), रोहित चंद्राकर, हर्ष रामटेके (राजनांदगांव दक्षिण), तरुण लहरवानी, श्रीमती देवकुमारी साहू (राजनांदगांव ग्रामीण पूर्व), मुकेश बघेल, ऋषिदेव चौधरी (राजनांदगांव ग्रामीण पश्चिम), भावेश बैद, किशुन यदु (डोंगरगढ़ शहर), अमित जैन, श्रीमती किरण बारले (डोंगरगढ़ ग्रामीण), रवि सिन्हा, जैन कुमार मेश्राम (तिलई), अमर लालवानी, मूलचंद भंसाली (घुमका), हिरेन्द्र साहू, हरीश शर्मा (डोंगरगांव), कैलाश शर्मा, श्रीमती जागृति यादव (अर्जुनी), मूलचंद लोधी-जैसल लाल बंटी (तुमड़ीबोड़), चंद्रिका डडसेना-रामकुमार गुप्ता (मुसरा-मुरमुंदा), एम.डी. ठाकुर-दादूराम सोनकर (लालबहादुर नगर), जगजीत सिंह भाटिया-मनोज बैद (कुमर्दा), अतुल रायजादा-बोधन साहू (छुरिया), अजय पटेल-चिंटू सोनकर (गैंदाटोला), साथ ही राजा माखीजा को कार्यालय मंत्री की जिम्मेदारी सौंपी गई है, जिससे संगठनात्मक कार्यों में और अधिक गति आएगी। संगठन का फोकस- 'बूथ जीतो, चुनाव जीतो'। जिला भाजपा नेतृत्व ने विश्वास जताया है कि सभी नव-नियुक्त प्रभारी अपने दायित्वों का पूरी निष्ठा से निर्वहन करते हुए संगठन को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाएंगे। पार्टी का स्पष्ट लक्ष्य है कि हर बूथ तक मजबूत संरचना तैयार कर जनता के बीच विश्वास और सेवा का विस्तार किया जाए।

## शोरूम संचालक की बड़ी धोखाधड़ी : खरीदी एक गाड़ी, ग्राहक के नाम पर तीन का फायनेंस कर अन्य को बेचा

डोंगरगांव (दावा)। डोंगरगांव थाना क्षेत्र के अंतर्गत फर्जी फायनेंस कर धोखाधड़ी का मामला सामने आया है। जिसमें ग्राम अर्जुनी स्थित दुपहिया वाहन के शोरूम सबडीलर के व्दारा एक उपभोक्ता के नाम पर फायनेंस कराकर तीन बाईक को बेच दिया गया है। इस बात का खुलासा तब हुआ जब इस उपभोक्ता के पास डाक से एक साथ तीन आरसी प्राप्त हुआ। जिसके बाद इस ग्रामीण उपभोक्ता के द्वारा छानबीन किया गया और अर्जुनी होण्डा शोरूम संचालक से पूछने पर पूरे मामले का खुलासा हुआ। इस मामले को लेकर उपभोक्ता ने डोंगरगांव थाने में धोखाधड़ी का केस दर्ज कराया है।

बता दें कि यह मामला ग्राम अर्जुनी का है।

### डाक से एक साथ तीन आरसी पहुंचने पर हुआ सनसनीखेज खुलासा, पीड़ित के खाते से कट रही है किस्त

जिसमें पीड़ित उपभोक्ता सुरेन्द्र साहू पिता पुरणदास साहू निवासी ग्राम सोनसायटोला के द्वारा डोंगरगांव थाने में लिखित शिकायत देते हुए बताया कि अर्जुनी स्थित होण्डा शोरूम के संचालक अभिषेक राजपूत के माध्यम से अपने लिए वर्ष 2024 में सीजी 08 बीसी 1790 को मोटर साइकिल नगद खरीदा था। इसी दौरान अभिषेक राजपूत के द्वारा 7 से 8 पेपर पर हस्ताक्षर कराया गया था और मोबाईल पर ओटीपी आने पर बताने के लिए कहा था और ओटीपी आने पर मैने श्री राजपूत को बताया था। मेरे गाड़ी खरीदने के एक माह पश्चात मेरा आरसी बुक पोस्ट के माध्यम से मुझे मिल गया था। इसके एक माह के बाद पोस्ट के माध्यम से तीन और आरसी बुक आया जिसका गाड़ी नं. सीजी 08 बीबी 7729 का फायनेंस आईडीएफसी बैंक, इसी प्रकार सीजी 08 बीसी 4456 का फायनेंस इंडीसंड बैंक और सीजी 08 बीसी 4459 से फायनेंस एक्सीस बैंक हुआ। इन गाड़ियों के फायनेंस के संबंध में मुझे कोई जानकारी नहीं होने के चलते मैने होण्डा शो रूम के संचालक अभिषेक से जानकारी मांगी गई। जिस पर उन्होंने बताया कि इन गाड़ियों का फायनेंस पीड़ित उपभोक्ता के नाम पर ही किया गया है, जो कि सरासर धोखाधड़ी है।

इस गंभीर मामले को लेकर डोंगरगांव थाने में कई माह बाद मामला दर्ज कर जांच में लिया गया है। पुलिस के प्रारंभिक जांच में अर्जुनी होण्डा शो रूम के संचालक अभिषेक राजपूत पिता मुरारीलाल राजपूत उम्र 30 वर्ष निवासी शक्ति नगर राजनांदगांव द्वारा पीड़ित उपभोक्ता से बिना अनुमति अन्य व्यक्ति के नाम से बिक्री कर अवैध लाभ अर्जित करने की बात सामने आयी है। वहीं पीड़ित उपभोक्ता के खाता से खरीदी गई गाड़ी की किस्त उसके खाते से लगातार कटौती की जा रही है। इस जांच उपरांत होण्डा शोरूम के संचालक के विरूद्ध डोंगरगांव थाने में धोखाधड़ी करने के आरोप में धारा 318(4) बीएनएस 2 मई 2026 को अपराध दर्ज किया गया है।

## नशे के सौदागरों पर बसंतपुर पुलिस का सर्जिकल स्ट्राइक, सवा किलो गांजे के साथ टोबू गिरफ्तार



### आदतन अपराधी है आरोपी, पहले भी जा चुका है जेल, नेहरू पार्क के पास ग्राहक की तलाश में था तस्कर

राजनांदगांव (दावा)। जिले में अवैध नशीले पदार्थों के कारोबार के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत बसंतपुर पुलिस को एक बड़ी सफलता मिली है। पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर घेराबंदी कर एक आदतन अपराधी को अवैध मादक पदार्थ गांजा के साथ गिरफ्तार किया है। पकड़ा गया आरोपी पहले भी कई गंभीर मामलों में संलिप्त रहा है। पुलिस अधीक्षक सुश्री अंकिता शर्मा के निर्देशन तथा एएसपी कीर्तन राठौर व सीएसपी वैशाली जैन के मार्गदर्शन में जिले में असामाजिक गतिविधियों के विरुद्ध लगातार कार्यवाही की जा रही है। इसी क्रम में बसंतपुर थाना प्रभारी निरीक्षक एमन साहू को सूचना मिली कि शीतला मंदिर रोड स्थित नेहरू पार्क के सामने एक युवक गांजा बेचने की फिराक में घूम रहा है। सूचना पर तत्काल कार्यवाही करते हुए पुलिस टीम ने मौके पर दबिश दी और घेराबंदी कर संदिग्ध युवक को हिरासत में लिया। तलाशी के दौरान आरोपी के पास से 1 किलो 100 ग्राम गांजा बरामद हुआ, जिसकी अनुमानित बाजार कीमत लगभग 11,000 रुपये बताई जा रही है।

### आदतन अपराधी है 'टोबू यादव'

पुलिस की पूछताछ में आरोपी की पहचान महावीर यादव उर्फ टोबू यादव (निवासी जमातपारा बसंतपुर) के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार, आरोपी टोबू का पुराना आपराधिक रिकॉर्ड रहा है। उसके विरुद्ध पूर्व में आर्म्स एक्ट (अवैध हथियार) मारपीट एवं बलवा एनडीपीएस एक्ट (नशा तस्करी) जैसे कुल 6 मामले दर्ज हैं। 2025 में भी वह गांजा तस्करी के मामले में जेल जा चुका है। पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध अपराध क्रमांक 193/2026, धारा 20(बी) एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर उसे न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया है। थाना प्रभारी एमन साहू ने स्पष्ट किया है कि क्षेत्र में अवैध नशा बेचने वालों और अपराधियों के खिलाफ यह अभियान आगे भी इसी तरह सख्ती से जारी रहेगा। इस सफल कार्यवाही में निरीक्षक एमन साहू, सउनि मनमोहन साहू, गोवर्धन देशमुख, म.प्र.आर. सीमा जैन, आरक्षक रूपेन्द्र वर्मा, अतहर अली, कुश बघेल व अन्य स्टाफ का विशेष योगदान रहा।

## गर्मी के बीच मौसम ने बदला मिजाज : राजनांदगांव में छाए बादल, अगले 5 दिनों तक अंधड़ और बारिश की चेतावनी

### 40 से 50 किमी की रफ्तार से चल सकती हैं हवाएं, अधिकतम तापमान में गिरावट के बावजूद उमस ने बढ़ाई बेचैनी



राजनांदगांव (दावा)। जिले में पड़ रही भीषण गर्मी और लू के थपेड़ों के बीच मौसम ने अचानक करवट ली है। शनिवार शाम से ही आसमान में काले बादलों का डेरा रहा और कुछ हिस्सों में बूंदाबांदी भी हुई। हालांकि, इस बदलाव से फिलहाल गर्मी से खास राहत नहीं मिली है, लेकिन मौसम विभाग ने आगामी 48 घंटों के भीतर तेज अंधड़ और गरज-चमक के साथ बारिश की चेतावनी जारी की है।

### तेज हवाओं और वज्रपात की आशंका

मौसम विभाग के अनुसार, दक्षिण छत्तीसगढ़ के बाद अब मध्य क्षेत्रों में भी मौसम तंत्र सक्रिय हो गया है। अगले पांच दिनों तक राजनांदगांव सहित प्रदेश के विभिन्न संभागों में वज्रपात (बिजली गिरना) और 40-50 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवाएं चलने की संभावना है। बादलों की आवाजाही के कारण अधिकतम तापमान में आंशिक गिरावट जरूर दर्ज की गई है, लेकिन हवा में नमी बढ़ने से उमस ने लोगों को बेहाल कर दिया है।

### 45 डिग्री तक पहुंचा था पारा

उल्लेखनीय है कि अप्रैल माह के दौरान जिले का तापमान 45 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया था। सुबह 7 बजे से ही धूप की तपिश महसूस होने लगती है और दोपहर होते-होते गर्म हवाओं के कारण शहर की सड़कें सूनी नजर आने लगती हैं। शाम 6 बजे तक उमस भरा वातावरण बने रहने से लोग बेचैनी का अनुभव कर रहे हैं। मौसम विभाग ने अंधड़ और बिजली गिरने की आशंका को देखते हुए नागरिकों को सतर्क रहने की सलाह दी है। विशेष रूप से तेज हवाओं के दौरान पेड़ों और बिजली के खंभों से दूर रहने को कहा गया है। संभावना जताई जा रही है कि यदि अच्छी बारिश होती है, तभी लोगों को इस भीषण गर्मी और तपन से वास्तविक राहत मिल पाएगी।

## महंगाई व गैस सिलेंडर मूल्य वृद्धि के खिलाफ कांग्रेस का प्रदर्शन, जयस्तंभ चौक पर जुटे कार्यकर्ता



### शहर व ग्रामीण कांग्रेस कमेटी का संयुक्त प्रदर्शन, जुलूस निकालकर सरकार के खिलाफ नारेबाजी

राजनांदगांव (दावा)। बढ़ती महंगाई और गैस सिलेंडर के दामों में वृद्धि के विरोध में रविवार को शहर जिला कांग्रेस कमेटी और ग्रामीण जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा संयुक्त रूप से जिला मुख्यालय में प्रदर्शन किया गया। बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता जय स्तंभ चौक में एकत्रित हुए और पोस्टर-बैनर के साथ सरकार के खिलाफ विरोध जताया। रविवार की शाम कांग्रेसजन जयस्तंभ चौक में जुटे। यहां से जुलूस निकाला गया जो जय स्तंभ चौक से मानव मंदिर चौक, सिनेमा लाइन, आजाद चौक, गुड़ाखू लाइन और जूनी हटरी होते हुए वापस जय स्तंभ चौक पहुंचा। पूरे मार्ग में कार्यकर्ताओं ने महंगाई के विरोध में नारेबाजी की। मोदी सरकार के खिलाफ नारे करते हुए कांग्रेसियों ने बढ़ती महंगाई के खिलाफ जमकर हल्ला बोला। जय स्तंभ चौक पर शहर जिला कांग्रेस अध्यक्ष जितेंद्र मुदलियार ने कहा कि केंद्र सरकार की नीतियों के कारण आम जनता पर महंगाई का बोझ लगातार बढ़ रहा है। गैस सिलेंडर और रोजमर्रा की जरूरतों के दाम बढ़ने से गरीब और मध्यम वर्ग के परिवार प्रभावित हो रहे हैं। यह केंद्र सरकार और प्रधानमंत्र नरेंद्र मोदी की नीतियों की असफलता है। उन्होंने कहा कि महंगाई केंद्र सरकार के नियंत्रण से बाहर है जो आम लोगों को निगले जा रही है।

ग्रामीण जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष विपिन यादव ने भी केंद्र सरकार और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की नीतियों पर निशाना साधते हुए कहा कि महंगाई नियंत्रित करने में सरकार विफल रही है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से आमजन की आवाज को बुलंद करने और जनहित के मुद्दों पर लगातार संघर्ष करने का आह्वान किया। यादव ने कहा कि कांग्रेस इस मुद्दे को लेकर लगातार आम जनता की आवाज उठाएगी। कार्यक्रम में पूर्व अध्यक्ष श्रीकिशन खंडेलवाल, पूर्व महापौर हेमा देशमुख, प्रदेश सचिवद्वय मेहुल मारु, प्रवीण मेश्राम, संयुक्त महा सचिव आफताब आलम, प्रदेश प्रवक्ता रुपेश दुबे, राकेश जोशी, शारदा तिवारी, मामराज अग्रवाल, प्रेम रुचंदानी, इकरामुद्दीन सोलंकी, कुसुम दुबे, सूर्यकांत जैन, अशोक पंजवानी, राहुल तिवारी, मनीष गौतम, वीरेंद्र चंद्राकर, देवेश वैष्णव, अनीस खान, ललित मरकाम, लक्ष्मण साहू, संदीप सोनी, माया शर्मा, पूर्णिमा नागदेवे, अशोक फड़नवीस, हेमू सोनी, राजिक सोलंकी , सुरेंद्र देवांगन, मोहन साहू, बंटी यादव, अब्दुल कलाम, बसंत चितलांग्या, बबलू कसार, नरेश शर्मा, बाबा राठौर, महेश यादव, नितिन मेश्राम, गजेंद्र सिंह राजपूत, जय जायसवाल, भारत सोनी, गोपी रजक, लोकू यादव, सीताराम श्रीवास, पिंकू खान, शेख आसिफ, सौम्य शर्मा, नीलेश ठावरे, गोलू नायक, राहुल चौबे, अभिषेक यादव, रईस गौरी, सोनू साहू, मयंक सोनी सहित बड़ी संख्या में पदाधिकारी, पार्षद, संगठन व प्रकोष्ठ के कार्यकर्ता शामिल हुए।

## पति की हत्या कर 10 महीने तक पुलिस को छकाती रही पत्नी, आखिर सोमनी पुलिस के हत्थे चढ़ी



राजनांदगांव (दावा)। सोमनी पुलिस ने अपने पति की हत्या कर 10 महिने तक आजाद घूमते रहने वाली पत्नी को आखिर गिरफ्तार कर के ही दम लिया है। उक्त आरोपियां कानून की आंखों में बहुत दिनों तक धूल झोंक रही थी। अंततः वह पुलिस के हत्थे चढ़ गई और उसे गिरफ्तार कर जेल की सलाखों पीछे भेज दिया है। सोमनी थाना प्रभारी अरुण कुमार नामदेव ने उक्त हत्याकांड का खुलासा करते हुए बताया कि मामला ग्राम अंजोरा (थनौद रोड) का है। 27 जुलाई 2025 को तामेश्वर पारकर और उसकी पत्नी लक्ष्मी बाई के बीच काम पर जाने को लेकर विवाद हुआ था। विवाद इतना बढ़ा कि लक्ष्मी ने अपने ही पति का गला दबा दिया। घायल तामेश्वर को गंभीर हालत में रायपुर रेफर किया गया, जहाँ इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। चूंकि मौत रायपुर में हुई, इसलिए वहां के अस्पताल और पुलिस ने पोस्टमार्टम कराया और 'जीरो' पर अपराध कायम किया।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक व मुद्रक दीपक भाई बुद्धदेव द्वारा स्वस्तिक ऑफसेट एण्ड स्क्रीन प्रिंटर्स, बल्देव बाग रोड, राजनांदगांव से मुद्रित कर प्रकाशित। सम्पादक दीपक भाई बुद्धदेव।
* समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार। * किसी भी विवाद की स्थिति में न्यायिक क्षेत्र राजनांदगांव रहेगा। फोन नं. - 07744-406631, e-mail : dainikdawa_rjn@yahoo.com